जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

बीकानेर

Rashtradoot

फोन:- 2200660 फैक्स : 0151-2527371 वर्ष: 46 संख्या: 10 प्रभात बीकानेर, बुधवार 31 जुलाई, 2024 डाक प.स.बीकानेर/045/2020-22 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रू.



*भारतीय एथलीट मनु भाकर ने पैरिस ओलम्पिक में दूसरा मैडल भी जीत लिया है, मनु भाकर एक ओलंपिक में दो मैडल जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं। मनु भाकर और सरबजोत सिंह की भारतीय जोड़ी ने मंगलवार को पेरिस ओलम्पिक 2024, में निशानेबाजी की10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में देश के लिए दूसरा कांस्य पदक जीता। इससे पहले उन्होंने महिला 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य मैडल जीता था। चेटेउरौक्स में खेले गये मुकाबले में भारतीय जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में दक्षिण कोरिया की जोड़ी को 16-10 से हराकर पदक अपने नाम कर लिया। मनु भाकर ने अपने शानदार गेम की शुरुआत करते हुए 10.2 का स्कोर हासिल किया। सरबजोत सिंह के 8.6 के स्कोर की वजह से भारत को पहले दो अंक गंवाने पड़े, लेकिन इसके बाद उन्होंने 10.5, 10.4 और 10 के स्कोर के साथ अच्छी वापसी की और भारत को अगले छः अंक लेने में मदद की। मनु भाकर ने अपने पहले सात शॉट्स में कम से कम 10 का स्कोर किया। सरबजोत सिंह छठे भारतीय निशानेबाज बन गए हैं, जिन्होंने ग्रीष्मकालीन ओलम्पिक में मैडल अपने नाम किया है। सोमवार को मनु भाकर और सरबजोत सिंह क्वालिफाइंग राउंड में तीसरे स्थान पर रहे थे और कांस्य पदक के मुकाबले के लिए अपना स्थान पक्का किया था। निशानेबाजी में भारत के छह ओलंपिक पदकों में से दो अबकी बार के पैरिस 2024 में आए हैं। मनु भाकर शुक्रवार से शुरू होने वाली महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में भी प्रतिस्पर्धा करेंगी। मनु भाकर 21 सदस्यीय भारतीय शूटिंग टीम की कई व्यक्तिगत स्पर्धाओं में भाग लेने वाली एकमात्र एथलीट हैं।*

# जातिगत जनगणना की राहुल की मांग से विचलित हुई भाजपा?

## भाजपा के कई महारथियों, जिनमें अनुराग ठाकुर व निर्मला सीतारमन भी शामिल हैं, ने राहुल पर निशाना साधा लोकसभा में तथा अपशब्दों का भी आदान-प्रदान हुआ

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 30 जुलाई। राहुल गांधी जाति के मुद्दे पर भाजपा को चोट पहुंचाने में सफल रहे हैं तथा इस बार उनकी उपलब्धि बड़ी है क्योंकि अनुराग ठाकुर और निर्मला सीतारमन सहित भाजपा नेताओं की पूरी जमात ने उनका अपमान किया व उन्हें अपशब्द कहें। ठाकुर और सीतारमन के भाषण का एजेण्डा ही राहुल को नीचा दिखाना था।

राहुल गांधी का ध्यान जन दलित, ओ.बी.सी., आदिवासियों व अन्य सहित आबादी के 73 प्रतिशत पर था, तब अनुराग ठाकुर ने यह कहकर तंज कसा कि "जिसकी जात का पता नहीं।"

जब समूचा विपक्ष विरोध में उठ खड़ा हुआ था, तब राहुल गांधी ने कहा कि वह हर तरीके का अपमान सहन करने और गालियां खाने के लिए तैयार हैं किन्तु फिर भी वह अनुराग ठाकुर से माफी मांगने के लिए नहीं कहेंगे,बल्कि वे लोकसभा में जाति जनगणना के विधेयक का पारित होना सुनिश्चित करेंगे।

- **अनुराग ठाकुर ने राहुल गांधी को इंगित करके भद्दा कटाक्ष किया कि "जिसकी जात का पता नहीं........।" इस पर विपक्ष काफी उत्तेजित हुआ और राहुल गांधी ने कहा, मैं अपने लक्ष्य (जातिगत गणना) की प्राप्ति के लिये सब अपशब्द व अपमान सहने के लिये तैयार हूँ तथा अनुराग ठाकुर से, खेद प्रकट करने या क्षमा मांगने के लिये भी कुछ नहीं कहूंगा।**
- **निर्मला सीतारमन के बारे में उन्होंने जरूर यह टिप्पणी की कि उन्होंने कभी कोई चुनाव नहीं लड़ा और उत्तर भारत में जात का क्या और क्यों महत्व है, वे नहीं जानतीं।**
- **राहुल ने इस लय में यह भी कहा कि वे जात/जाति जनगणना की बात कर रहे थे और निर्मला जी प्री-बजट हलवा बनाने की पुरानी परम्परा पर की गई टिप्पणी से विचलित होकर, भावुक हो रही थीं।**
- **राहुल ने यह भी कहा कि भाजपा जात/जाति जनगणना की मांग स्वीकार नहीं कर सकती, क्योंकि इससे भाजपा का हिन्दू-मुस्लिम ध्रुवीकरण की राजनीति का एजेण्डा कमज़ोर पड़ता है।**

उन्होंने कहा कि अर्जुन की भांति उन्हें स्पष्ट है कि क्या किए जाने की जरूरत है।

निर्मला सीतारमन दक्षिण भारतीय हैं और उन्होंने कभी कोई चुनाव नहीं लड़ा है। वह उत्तर भारत की जातीय राजनीति की पेचीदगियों को नहीं समझती हैं। राहुल ने जब हलवा के बारे में बोला तो उन्होंने इमोशनल होते हुए कहा कि यह एक पुरानी परम्परा है जिसे राहुल अपमानित कर रहे हैं।

राहुल ने जातिगत राजनीति के अपने एकमात्र एजेण्डा पर ही पूरा फोकस रखा, जबकि वह हलवा की परम्परा के बारे में बोल रही थीं।

समस्या यह है कि भाजपा यदि जातिगत जनगणना पर सहमत हो जाती है तो इससे उसका धार्मिक और हिन्दू-मुस्लिम एजेण्डा फीका पड़ जाएगा, जिसे वह अब तक भुनाती रही है।

राहुल ने अपने भाषण में भाजपा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## मुख्यमंत्री ने मनु भाकर को बधाई दी

जयपुर, 30 जुलाई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पेरिस ओलंपिक में मनु भाकर एवं सरबजोत सिंह को, 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

शर्मा ने कहा, भाकर एक ही ओलम्पिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय एथलीट बन गई हैं। उनकी इस उपलब्धि पर पूरा देश गौरवान्वित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में देश खेल क्षेत्र में प्रगति के पथ पर बढ़ रहा है और नारी शक्ति खेलों में अपना परचम लहरा रही है।

- **मनु भाकर पहली भारतीय एथलीट हैं, जिन्हें ओलम्पिक में दो पदक मिले हैं।**

उल्लेखनीय है कि मंगलवार को पेरिस ओलम्पिक में भाकर ने सरबजोत सिंह के साथ जोड़ी बनाकर 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया है। इससे पहले, रविवार को मनु भाकर ने व्यक्तिगत महिला 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में अपना पहला कांस्य पदक और इस ओलंपिक में भारत का पहला पदक जीता था।

# वायनाड के पहाड़ी क्षेत्र में भारी भू-स्खलन से 116 मरे

## राहुल और प्रियंका, पीड़ितों को सांत्वना देने बुधवार सुबह वायनाड पहुंचेंगे

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 30 जुलाई। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी बुधवार सुबह वायनाड के भू-स्खलन प्रभावित क्षेत्रों में जाएंगे और संकट की इस घड़ी में पीड़ित लोगों के साथ रहेंगे।

वायनाड जिले के पहाड़ी भाग में मंगलवार को भू-स्खलन हुआ था, जिसमें 116 लोगों की जान चली गई थी। मंगलवार सुबह हुए भू-स्खलन के बाद भारी वर्षा हुई, जिससे भारी विनाश हुआ। कई घर नष्ट हो गए, जलाशयों से पानी बाहर निकलने लगा और पेड़ उखड़ गए।

कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने भू-स्खलन में मारे गये लोगों के प्रति शोक व्यक्त किया तथा यूनाईटेड डैमोक्रेटिक फ्रंट (यू.डी.एफ.) के कार्यकर्ताओं से प्रभावित लोगों की मदद करने का अनुरोध किया।

सत्रहवीं लोकसभा के लिए वायनाड से निर्वाचित राहुल गांधी ने

- **राहुल गांधी ने बताया कि उन्होंने पीड़ितों को राहत पहुँचाने के बारे में केरल के मुख्यमंत्री पिनारायी विजयन और वायनाड कलैक्टर से बात कर त्वरित राहत देने की अपील की है।**
- **राहुल ने केरल के कांग्रेस नीत गठबंधन, यूनाइटेड डैमोक्रटिक फ्रंट के कार्यकर्ताओं से भी पीड़ितों की मदद करने का आग्रह किया।**
- **राहुल और प्रियंका के साथ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी वायनाड जा रहे हैं।**

बताया कि उन्होंने केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और वायनाड के जिला कलैक्टर से बात की है और उन्होंने उन्हें आश्वस्त किया है कि राहत अभियान चल रहे हैं।

विपक्ष के नेता ने वायनाड के मेप्पाडी के निकट हुए जबर्दस्त भू-स्खलन के कारण हुई जनहानि को लेकर गहरा खेद प्रकट किया।

उन्होंने सोशल मीडिया साइट "एक्स" पर डाली एक पोस्ट में कहा कि "अपने प्रियजनों को खोने वाले शोक संतप्त परिवारों के लिए मेरी गहरी संवेदनाएं हैं।"

राहुल गांधी ने कहा "मैंने केरल के मुख्यमंत्री और वायनाड के जिला कलैक्टर से सभी एजेन्सियों के साथ समन्वय सुनिश्चित करने, कंट्रोल रूम स्थापित करने और राहत कार्यों के लिए किसी तरह की जरूरी सहायता के बारे में सूचित करने का अनुरोध किया है।"

कांग्रेस नेता ने कहा कि "मैं केन्द्रीय मंत्रियों से बात करूंगा और उनसे

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 3 अगस्त को पद भार ग्रहण करेंगे भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष

जयपुर, 30 जुलाई (का.सं.)। भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ 3 अगस्त को दोपहर 12 बजे अपना कार्यभार ग्रहण करेंगे। इसके लिए संगठन स्तर पर तैयारियां जोर-जोर से शुरू कर दी गई हैं। भाजपा कार्यालय के बाहर मंच बनाया जाएगा और प्रदेश भर के कार्यकर्ताओं और नेताओं की

- **मदन राठौड़ 3 अगस्त को सुबह 7 बजे दिल्ली से रवाना होंगे, वे 9 बजे राजस्थान सीमा में प्रवेश करेंगे जहां उनका भव्य स्वागत होगा, फिर 11:30 बजे जयपुर पहुंचेंगे और 12 बजे से एक के बीच पदभार ग्रहण करेंगे।**

मौजूदगी में अध्यक्ष मदन राठौड़ को कार्यभार ग्रहण कराया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा के प्रमुख राष्ट्रीय नेता और प्रदेश स्तरीय नेता भी इस ऐतिहासिक पल के गवाह बनेंगे। वहीं, बड़ी संख्या में उनके समर्थक और पार्टी कार्यकर्ता भी मौजूद रहेंगे।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'मैंने किसी व्यक्ति का नाम नहीं लिया'

## अनुराग ठाकुर ने झेंपते हुए, अपनी निकृष्ट टिप्पणी के पक्ष में थोथी सी दलील दी

-डॉ.सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 30 जुलाई। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर पर मंगलवार को आरोप लगाया कि उन्होंने केन्द्रीय बजट पर बहस के दौरान उनका अपमान किया और उन्हें अपशब्द कहे।

ठाकुर ने तंज कसा था कि जिनकी जाति का पता नहीं है, वो जातिगत जनगणना की बात कर रहे हैं। गांधी ने इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जो भी कोई आदिवासी, दलित और पिछड़ों के मुद्दे उठाता है, उसे गालियां खानी पड़ती हैं।

अनुराग ठाकुर ने सदन में कहा था कि "जिनकी जाति का पता नहीं है, वे जातिगत जनगणना की बात करते हैं, मैं स्पीकर को स्मरण करवाना चाहूंगा कि पूर्व प्रधानमंत्री आर.जी.-1 ने ओ.बी.सी. आरक्षण की खिलाफत की थी।"

राहुल गांधी, जिन्होंने देश से वादा किया था कि यदि इण्डिया गठबंधन सत्ता में आया तो राष्ट्रव्यापी जातिगत जनगणना करवायी जाएगी, ने अपना वादा फिर दोहराया।

- **राहुल गांधी जात/जाति आधारित जनगणना को देश का "एक्स-रे" लेना बताया। राहुल ने इस संदर्भ में यह भी कहा कि देश में कितने बैकवर्ड, दलित और आदिवासी हैं, यह किसी को मालूम नहीं, अतः "एक्स-रे" लेना जरूरी है।**

उन्होंने कहा कि "आप जितना चाहे उतना मेरा अपमान कर लें, लेकिन हम संसद में जातिगत जनगणना बिल पारित करवाएंगे।

ठाकुर ने बाद में इस आरोप से इन्कार किया और कहा कि उन्होंने अपनी टिप्पणी में किसी का नाम नहीं लिया था।

ठाकुर ने कहा कि "मैंने तो यह कहा था कि जो जाति के बारे में नहीं जानते वे जातिगत जनगणना के बारे में बात करते हैं। मैंने किसी का नाम नहीं लिया था।"

गांधी ने बाद में ठाकुर पर अपशब्द कहने और अपमान करने का आरोप लगाया। तथापि, उन्होंने कहा कि "मुझे उनसे कोई क्षमा याचना नहीं चाहिए।" जो भी आदिवासी दलित और पिछड़ों की बात करता है उसे गाली खानी पड़ती है। मैं इन गालियों को खुशी -खुशी स्वीकार करुंगा।"

वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में जातिगत जनगणना कांग्रेस पार्टी का प्रमुख नारा था और चुनावों से पूर्व राहुल गांधी ने जातिगत जनगणना को भारत का "एक्स रे" बताया था।

उन्होंने कहा था कि "कोई नहीं

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## नए राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े जयपुर पहुंचे

जयपुर, 30 जुलाई (का.सं.)। राज्य के मनोनीत राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े मंगलवार दोपहर को राजकीय वायुयान से जयपुर पहुँचे। एयरपोर्ट पर वायुयान से उतरते ही राज्यपाल बागड़े को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा सहित मंत्री परिषद् के अन्य सदस्यगण, मुख्य सचिव सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक यू.आर. साहू सहित, वरिष्ठ प्रशासनिक

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, विधानसभा स्पीकर वासुदेव देवनानी ने एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर प्रशासन एवं पुलिस के बड़े अधिकारी भी मौजूद थे।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# ममता बनर्जी को बांग्लादेश से आने वाले "घुसपैठियों" को बंगाल आने का खुला निमंत्रण देना भारी पड़ेगा

## इसे बंगाल का "डैमोग्राफिक" नक्शा बदलने की तैयारी मान रहे हैं, बंगाल के स्थानीय राजनीतिज्ञ व नेतागण

- अंजन रॉय -
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 30 जुलाई। बाँग्लादेश की सरकार के नौकरी में आरक्षण के आदेश का विरोध करने वाले बाँग्लादेशियों को ममता बनर्जी के आमन्त्रण की पश्चिम बंगाल की राजनीति में गम्भीर प्रतिक्रियाएं हो रही हैं।

यह मुद्दा विपक्ष के लिये एक बड़ी राजनैतिक चुनौती बन गया है क्योंकि विपक्ष का मानना है कि ममता बनर्जी न केवल बंगाली हिन्दुओं, बल्कि पश्चिम बंगाल के मुस्लिमों के हितों के भी विरुद्ध जा रही हैं।

राजनेताओं का कहना है कि तृणमूल कांग्रेस प्रमुख की इस मुद्रा के फलस्वरूप राज्य की जनसांख्यिकी (डैमोग्राफी) बदल रही है तथा घुसपैठ दिन-पर-दिन बढ़ती जा रही है। विपक्षी

- **पुराने वरिष्ठ नेताओं का मानना है कि ममता बनर्जी के खुले निमंत्रण से, 1946 की भांति, बंगाल का माहौल पूर्णतया "साम्प्रदायिक" होने की प्रबल संभावना है।**
- **ममता बनर्जी ने ऐसा ही निमंत्रण, रोहिंग्याज़ को भी दिया था। उनके शिविर लगाये गये तथा राशन कार्ड, आधार कार्ड उपलब्ध कराने में भी मदद की थी। नतीजा यह हुआ कि सरकारी प्रश्रय के कारण रोहिंग्याज़ स्थानीय निवासियों पर हावी होने लगे तथा आक्रामक भी हो गए।**
- **इसीलिये कई क्षेत्रों से, जैसे मालदा, मुर्शिदाबाद आदि स्थानों से आवाज़ उठने लगी कि इन क्षेत्रों को केन्द्र शासित क्षेत्र बनाया जाये।**

दलों से जुड़े कुछ राजनेता कह रहे हैं कि स्कूल बंद हो रहे हैं तथा मदरसे बढ़ते जा रहे हैं।

इसी सन्दर्भ में, ममता बनर्जी ने म्याँमार के रोहिंग्याओं को भी शरण दी है तथा पश्चिम बंगाल में रोहिंग्याओं के लिये नियमित तथा स्थाई शिविर लगे हुये हैं। ये घुसपैठिये जमीन पर कब्जा कर रहे हैं तथा इलाकों पर दबदबा बना रहे हैं। यही नहीं, अपने आक्रामक रुख से ये स्थानीय लोगों को धमका रहे हैं।

राज्य पुलिस भी इन बस्तियों की ओर आखें मूँदे हुए हैं तथा सच तो यह है कि पुलिस उन्हें मौन एवं अप्रत्यक्ष संरक्षण प्रदान कर रही है। ये रोहिंग्या स्थानीय प्रशासन से आधार कार्ड तथा राशन कार्ड प्राप्त करने की व्यवस्था बड़ी आसानी से बिठा रहे हैं। स्वाभाविक ही है कि वे सत्तारुढ़ तृणमूल के सक्रिय वोट बैंक हैं।

जहाँ भाजपा साफ तौर पर इसका दोषारोपण सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर कर रही है, वहीं अन्य विपक्षी दल इस बिन्दु पर प्रायः भाजपा के साथ नहीं हैं। वामपंथी दल तथा कांग्रेस घुसपैठ का विरोध करने में खुली विफलता के लिये भाजपा और केन्द्र सरकार पर दोषारोपण कर रहे हैं।

वामपंथी, तथा खासतौर से कुछ युवा नेता, कह रहे हैं कि चाहे वामपंथियों का शासन हो या वर्तमान शासन, पड़ोसी राज्यों से गैर कानूनी आप्रवासन (विदेशियों का आना तथा बसना) को रोकने की जिम्मेदारी मुख्यरूप से केन्द्र सरकार की है। अगर घुसपैठ हो रही है तथा रोहिंग्या चोरी-छिपे भारत में आ गए हैं तो यह देश के सीमावर्ती इलाकों की सुरक्षा में केन्द्र की ही असफलता है।

यह घुसपैठ का मुद्दा, तथा तृणमूल का

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## एन.सी.डी.आर.सी. में दो पदों पर नियुक्ति

नई दिल्ली, 30 जुलाई। कैबिनेट की अपॉइन्टमैंट कमेटी ने उपभोक्ता मामलात विभाग की सिफारिश पर नैशनल कन्ज़्यूमर डिस्प्यूट रिड्रैसल कमीशन (एन.सी.डी.आर.सी.) में दो पदों पर अधिकारियों की नियुक्ति को मंजूरी दी है।

- **केन्द्र सरकार ने राजस्थान कैडर के 1989 बैंच के रिटायर्ड आई.ए.एस. रोहित कुमार सिंह व इलाहाबाद हाईकोर्ट की रिटायर्ड जज सरोज यादव को नियुक्त किया है।**

एन.सी.डी.सी. में नियुक्ति पाने वाले अधिकारी राजस्थान कैडर के 1989 बैच के आई.ए.एस. अधिकारी एवं उपभोक्ता मामलात विभाग के पूर्व सचिव रोहित कुमार सिंह एवं इलाहाबाद हाईकोर्ट की पूर्व न्यायाधीश

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

योग्य पति अपनी पत्नी को सम्मान की अधिकारिणी बना देता है। –मनु

# चिंतित पीढ़ी की चिंता करने का वक़्त


तेजी से बढ़ते इंटरनेट का लाभ उठाते हुए दो दशक पहले अमेरिका की प्रौद्योगिकी कंपनियों ने दुनिया को बदलने वाले डिजिटल उत्पाद बनाये। तब जबरदस्त आशाबंधी थी कि इन उत्पादों से जीवन आसान, अधिक मज़ेदार और अधिक काम का बन जाएगा। उन उत्पादों में से कुछ ने लोगों को जोड़ने और आपस में संवाद करने में मदद की तो ऐसा लगा कि वे लोकतान्त्रिक व्यवस्थाओं के लिए एक वरदान साबित होंगे। सबको ऐसा लगा मानो दुनिया नये युग की दहलीज़ पर खड़ी है और वे कंपनियां मानवता के लिए अलौकिक उपहार लायी हों। लेकिन जल्दी ही यह तकनीकी उद्योग केवल वयस्कों के जीवन को ही नहीं बदलने लगा, बल्कि उसने बच्चों का जीवन भी बदलना शुरू कर दिया। तब बच्चे और किशोर खूब टेलीविजन कार्यक्रम देख रहे थे और उनके असर में आ रहे थे, लेकिन नई तकनीकें कहीं अधिक पोर्टेबल, व्यक्तिगत और आकर्षक थीं। माता-पिता यह जानकर राहत महसूस करने लगे कि स्मार्टफोन या टैबलेट से बच्चा घंटों तक खुश और शांत रह सकता है। क्या नई डिजिटल तकनीक सुरक्षित थी यह कोई नहीं जानता था। क्योंकि हर कोई ऐसा कर रहा था, इसलिए सभी ने मान लिया कि यह ठीक ही होगी। कंपनियों ने अपने उत्पादों के बच्चों और किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों पर कोई शोध नहीं किया और किया भी तो दिखावे का। उन्होंने तकनीक का स्वास्थ्य पर प्रभावों का अध्ययन करने वाले शोधकर्ताओं के साथ अपना कोई डेटा भी साझा नहीं किया।जब इस बात के बढ़ते प्रमाण मिलने लगे कि उनके उत्पाद युवाओं को नुकसान पहुंचा रहे हैं, तो वे साफ इनकार करने, भ्रम फैलाने, और जनसंपर्क अभियान चलाकर अपने बचाव में लग गए। बहुत से अध्ययन बताते हैं कि युवाओं को लुभाने और उन्हें जोड़ने के लिए मनोवैज्ञानिक तरकीबों का इस्तेमाल करने वाली कंपनियां सबसे बुरी अपराधी थीं। उन्होंने बच्चों को उस वय के दौरान फंसाया जब वे मानसिक विकास के नाज़ुक चरण में थे। एक अवस्था होती है जब किशोरों का मस्तिष्क आने वाली उत्तेजना के जवाब में तेजी से रीवायरिंग करता है। सोशल मीडिया कंपनियों ने बच्चों की इस अवस्था में उनमें लत लगाने वाली सामग्री का जखीरा तैयार किया जिसने उनके व्यक्तिगत व सामाजिक मेलजोल को खत्म कर उनके बचपन को बदल दिया। कुछ आलोचक तो यहां तक कहते हैं कि उन्होंने मानव विकास को ही लगभग अकल्पनीय पैमाने पर बदल दिया। वे कहते हैं कि इनमें से कुछ कंपनियां तम्बाकू और वेपिंग उद्योगों की तरह व्यवहार करने लगी, जिन्होंने अपने उत्पादों को नशे की लत को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया था और उनकी नाबालिगों तक पहुंच को रोकने वाले कानूनों को धता बताई। हम उनकी तुलना उन तेल कंपनियों से भी कर सकते हैं जिन्होंने इस बात के प्रमाण मिलने पर भी कि सीसा मिले पेट्रोल से चलने वाले वाहनों के प्रदूषण से हर साल लाखों बच्चों के मस्तिष्क के विकास में बाधा उत्पन्न हो रही थी, ऐसे पेट्रोल पर प्रतिबंध लगाने के खिलाफ लड़ाई लड़ी। बच्चों का संज्ञानात्मक विकास बाधित हो रहा था और उनमें असामाजिक व्यवहार की दर बढ़ रही थी फिर भी, तेल कंपनियों ने सीसा मिले पेट्रोल का उत्पादन और बिक्री जारी रखी थी। बेशक, आज की बड़ी सोशल मीडिया कंपनियों और 20वीं सदी के मध्य की बड़ी तंबाकू और तेल कंपनियों के बीच बहुत बड़ा अंतर है। मसलन सोशल मीडिया कंपनियां ऐसे उत्पाद बना रही हैं जो वयस्कों के लिए उपयोगी हैं, उन्हें जानकारी, नौकरी और दोस्त खोजने में मदद कर रही हैं; खरीदारी और राजनीतिक आयोजन को अधिक कुशल बना रही हैं; और हजारों तरीकों से जीवन को आसान बना रही हैं। लेकिन हममें से ज़्यादातर लोग तंबाकू रहित दुनिया में तो रहना पसंद करेंगे, लेकिन सोशल मीडिया से दूरी नापसंद करेंगे क्योंकि उन्हें वह कहीं ज़्यादा मूल्यवान तथा मददगार लगता है। हालांकि कुछ वयस्कों को भी सोशल मीडिया और अन्य ऑनलाइन गतिविधियों की लत की समस्या है, लेकिन तंबाकू, शराब या जुए की तरह हम आम तौर पर यह उन्हीं पर छोड़ देते हैं कि वे अपना फ़ैसला खुद लें। लेकिन बच्चों व किशोरों के लिए यह ठीक नहीं है। मानव मस्तिष्क का प्रोत्साहन चाहने वाला हिस्सा जल्दी परिपक्व हो जाता है, लेकिन मस्तिष्क का फ्रंटल कॉर्टेक्स, जो आत्म-नियंत्रण, संतुष्टि पाने में धीरज बरतने और प्रलोभन का प्रतिरोध कर सकने के लिए जरूरी होता है, वह 20 वर्ष की उम्र तक पूरी क्षमता तक नहीं विकसित हो पाता है। इसलिए बच्चे किशोरावस्था के विकास के नाजुक दौर में होते हैं। जब वे यौवन की दहलीज़ में कदम रखते हैं तब अक्सर सामाजिक रूप से असुरक्षित होते हैं। वे आसानी से साथियों के दबाव में आ जाते हैं, और किसी भी ऐसी गतिविधि की ओर आसानी से आकर्षित हो जाते हैं जो उन्हें अपने समूह में सामाजिक मान्यता प्रदान करती है। हम किशोरों को तंबाकू या शराब खरीदने या जुआघर में प्रवेश करने की अनुमति नहीं देते हैं, मगर सोशल मीडिया से नहीं रोकते, जबकि सोशल मीडिया का उपयोग करने की कीमत वयस्कों की तुलना में किशोरों को अधिक चुकानी पड़ती है। इक्कीसवीं सदी की नई पीढ़ी इतिहास की वह पहली पीढ़ी बन गई है जिसने यौवन के दौर से गुजरते हुए अपनी जेब में एक पोर्टल रखा जो उन्हें आस-पास के लोगों से दूर और एक वैकल्पिक आभासी दुनिया में ले गया। जानकारों के मुताबिक यह पोर्टल बच्चों और किशोरों के लिए अनुपयुक्त होता है। आभासी दुनिया में सामाजिक रूप से सफल होने के लिए किशोर अपना ऑनलाइन ब्रांड बनाते हुए अपनी चेतना का एक बड़ा हिस्सा हमेशा के लिए गिरवी रख देते हैं। मनोचिकित्सक कहते हैं कि अपने साथियों से स्वीकृति पाने तथा ऑनलाइन शर्मिंदगी से बचने के लिए उन्हें ऐसा करना पड़ता है। मनोचिकित्सक इसे किशोरावस्था की ऑक्सीजन और दु:स्वप्न दोनों कहते हैं।

**मानव मस्तिष्क का प्रोत्साहन चाहने वाला हिस्सा जल्दी परिपक्व हो जाता है, लेकिन मस्तिष्क का फ्रंटल कॉर्टेक्स, जो आत्म-नियंत्रण, संतुष्टि पाने में धीरज बरतने और प्रलोभन का प्रतिरोध कर सकने के लिए जरूरी होता है, वह 20 वर्ष की उम्र तक पूरी क्षमता तक नहीं विकसित हो पाता है। इसलिए बच्चे किशोरावस्था के विकास के नाजुक दौर में होते हैं। जब वे यौवन की दहलीज़ में कदम रखते हैं तब अक्सर सामाजिक रूप से असुरक्षित होते हैं।**

नई पीढ़ी के किशोर हर दिन कई घंटे दोस्तों, परिचितों और दूर के प्रभावशाली लोगों की चमकदार खुशनुमा पोस्ट को स्क्रॉल करने में बिताते हैं। वे ऑटोप्ले और एल्गोरिदम द्वारा बनाए गए वीडियो और स्ट्रीम किए गए मनोरंजन की बाढ़ में बहते हैं। ये वीडियो और स्ट्रीम उन्हें यथासंभव लंबे समय तक ऑनलाइन रखने के लिए डिज़ाइन किए गए होते हैं। इसका नतीजा यह हुआ है कि आज के किशोर अपने दोस्तों और परिवारों के साथ खेलने, आपस में बात करने, यहां तक कि आंख से आंख मिलाने से कतराने लगे हैं जिससे व्यक्ति के विकास के लिए जरूरी उनकी सामाजिक व्यवहारों में भागीदारी कम हो रही है। इसलिए, इस पीढ़ी के सदस्य किस प्रकार नये तरीकों से बड़े हो रहे हैं, यह भी परीक्षण का विषय हैं। वे समुदायों की उस वास्तविक दुनिया से बहुत दूर है जिसमें मानव अब तक विकसित हुआ है। प्रौद्योगिकी-जनित यह रीवायरिंग सिर्फ़ उन तकनीकों में बदलाव की नहीं है जो बच्चों के दिमाग को आकार देता हैं बल्कि एक ऐसे कथानक के बनने की भी है जिसमें बच्चों को ज़रूरत से ज़्यादा सुरक्षा देने और वास्तविक दुनिया में उनकी स्वायत्तता को सीमित करने की दिशा में समाज में बदलाव आ रहा है। हमें यह गंभीरता से देखना होगा कि 'खेल-आधारित बचपन' से 'फ़ोन-आधारित बचपन' में संक्रमण की शुरुआत कैसे हुई? अब जब अधिकांश किशोरों के पास अपना खुद का स्मार्टफ़ोन है और वे व्यापक रूप से इंटरनेट से जुड़े हैं तो उनके पास अपना समय भरने के लिए लैपटॉप कंप्यूटर, टैबलेट, इंटरनेट से जुड़े वीडियो गेम कंसोल की भरमार हैं। मानव विकास पर काम करने वाले मनोवैज्ञानिक अक्सर बचपन और किशोरावस्था के बीच संक्रमण को यौवन की शुरुआत के रूप में चिह्नित करते हैं, लेकिन वे यह भी कहते हैं कि यौवन अलग-अलग बच्चों के लिए अलग-अलग समय पर आता है, और क्योंकि यह हाल के दशकों में कम उम्र में आ रहा है, इसलिए कौमार्य को किशोरावस्था के बराबर मानना अब सही नहीं है। जैसे-जैसे बचपन 'खेल-आधारित' से 'फ़ोन-आधारित' में परिवर्तित होता जा रहा है, कई बच्चे और किशोर घर के अंदर रहकर और ऑनलाइन खेलकर पूरी तरह खुश हैं, लेकिन इस प्रक्रिया में वे उन चुनौतीपूर्ण शारीरिक और सामाजिक अनुभवों से वंचित हो रहे हैं जिनकी सभी को ज़रूरत होती है। साथियों के साथ आभासी संपर्क इन अनुभवात्मक नुकसानों की पूरी तरह भरपाई नहीं कर सकता है। इसके अलावा, जिन बच्चों का खेल का समय और सामाजिक जीवन ऑनलाइन हो गया है वे वयस्कों के स्थानों में भटक रहे हैं। वे वयस्क सामग्री का उपभोग कर रहे हैं, और वयस्कों के साथ ऐसे तरीके से पेश आ रहे हैं जो अक्सर नाबालिगों के लिए अनुचित होते हैं। इसलिए जब माता-पिता वास्तविक दुनिया में उनकी जोखिम और स्वतंत्रता को खत्म करने के लिए काम करते हैं, तो वे अक्सर अनजाने में, बच्चों को आभासी दुनिया में पूरी स्वतंत्रता देते हैं, क्योंकि अधिकांश के लिए यह समझना ही मुश्किल होता है कि वहां क्या चल रहा है। ऐसी हालत में उनमें यह समझ होना तो बहुत दूर की बात है कि क्या प्रतिबंधित किया जाए या इसे कैसे प्रतिबंधित किया जाए। विशेषज्ञों का मानना है कि वास्तविक दुनिया में अतिसंरक्षण और आभासी दुनिया में अल्प संरक्षण की दो प्रवृत्तियों के ही कारण हैं नई युवा पीढ़ी बेचैन और 'चिंतित पीढ़ी' बन रही है। कोई 15 वर्ष पहले तक अपने दोस्तों के साथ संपर्क बनाए रखने के लिए सबसे उपयोगी उपकरण के रूप में उभरा सोशल मीडिया, मनोवैज्ञानिकों की राय में, अब उनके लिए खतरनाक हो चला है।

**–अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

# राजस्व मण्डल अध्यक्ष राजेश्वर सिंह आज सेवानिवृत्त होंगे



राजेश्वर सिंह

**अजमेर।** राजस्व मण्डल अध्यक्ष राजेश्वर सिंह भारतीय प्रशासनिक सेवा में 35 वर्षों का सुदीर्घ सेवाकाल पूर्ण कर आज सेवानिवृत्त होंगे। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के चन्दौली जनपद के निवासी राजेश्वर सिंह भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1989 बैच के अधिकारी हैं। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से एम.ए. (आधुनिक इतिहास) की उपाधि प्राप्त की है।

राजेश्वर सिंह पूर्व में उपखण्ड अधिकारी माउण्ट आबू, जिला कलक्टर, जालोर एवं जयपुर, संभागीय आयुक्त उदयपुर, भरतपुर एवं जयपुर, प्रमुख सचिव लघु उद्योग, पर्यटन, परिवहन, पशुपालन, अतिरिक्त मुख्य सचिव, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग तथा अध्यक्ष, राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम का पदभार सम्भाल चुके हैं। वर्तमान में सिंह के पास राजस्थान टैक्स बोर्ड एवं राजस्थान गैर कृषि विकास अभिकरण के अध्यक्ष पद का अतिरिक्त कार्यभार भी है। अपनी विस्तृत सेवा अवधि में राजेश्वर सिंह ने गांधी ग्राम योजना, सहकार ग्राम योजना तथा एक ग्राम चार काम योजनाओं के माध्यम से सर्वतोमुखी ग्रामीण विकास को नवीन जनोन्मुखी आयाम प्रदान किया। एक ग्राम चार काम योजना में राज्य के 13000 गांवों में आदर्श तालाब, चरागाह विकास, श्मशान/कब्रिस्तान विकास एवं खेल मैदान विकास के कार्य स्वीकृत किए गये। इसी प्रकार जयपुर जिले में ग्राम बन्धु योजना तथा जालोर में सम्पूर्ण साक्षरता अभियान का सफलतापूर्वक संचालन किया गया।

राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर एवं सुखाड़िया विश्वविद्यालय उदयपुर के कुलपति पद का अतिरिक्त कार्यभार वहन करते हुए श्री सिंह ने आइ.ए.एस., आर.ए.एस. एवं आर.जे.एस. अधिकारियों से छात्रों का संवाद कार्यक्रम, विभिन्न व्याख्यान मालाओं के आयोजन तथा पुस्तक विमर्श एवं शिखरों से साक्षात्कार जैसे नवाचार कर शैक्षणिक समुदाय में अभूतपूर्व लोकप्रियता हासिल की। राजस्व मण्डल अध्यक्ष के रूप राजेश्वर सिंह के कार्यकाल में कोरोना काल की चुनौतियों एवं दो आम चुनावों के बावजूद राजस्व मंडल सहित राज्य के अधीनस्थ राजस्व न्यायालयों में 4 लाख से अधिक मुकदमों का निस्तारण हुआ। इसके अलावा अतिरिक्त संभागीय आयुक्त, राजस्व अपील अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारियों की निर्णय लेखन कार्यशालाओं का आयोजन कर राजस्व न्यायालयों में निर्णय लेखन में गुणवत्ता, त्रुटिहीनता एवं वैधानिकता को सुनिश्चित किया गया। राज्य स्तरीय सर्वश्रेष्ठ निर्णय एवं निबन्ध लेखन प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जिसमें आई.ए.एस., आर.ए.एस. राजस्व अधिकारी, अधिवक्ताओं एवं आम नागरिकों ने भाग लिया।

राजेश्वर सिंह की नवाचारी पहल के तहत राजस्व न्यायालयों की कार्य प्रणाली को बेहतर बनाने के लिये अन्य राज्यों के राजस्व मंडलों का अध्ययन कराया जाकर राज्य में श्रेष्ठ मॉडल लागू करने के प्रस्ताव सरकार को भिजवाये गये। इस दौरान न केवल राजस्थान तहसीलदार सेवा के दो बैच के 240 अधिकारियों को नियुक्ति एवं प्रशिक्षण प्रदान किया गया वरन 5600 पटवारियों को भी नियुक्त व प्रशिक्षित कर जिलों में पदस्थापित किया गया।

डीआईएलआरएमपी (डिजिटल इंडिया लैण्ड रिकॉर्ड्स माडर्नाइजेशन प्रोग्राम) के तहत जमाबंदी का सेग्रीगेशन (पृथक्करण) खसरा नक्शों का डिजिटलाइजेशन कराते हुए राज्य की 426 में से 420 तहसीलों को ऑनलाइन कराया गया।

राजेश्वर सिंह के कार्यकाल में राजस्व मण्डल में प्रशासनिक कार्यों के शीघ्र सम्पादन के मद्देनजर ई-फाइल कार्य को पूर्ण प्राथमिकता से लागू किया गया। मंडल में अब तक 30 हजार से अधिक फाइल्स ऑनलाइन होने से कार्य पारदर्शिता एवं समयबद्ध रूप से संपादित हो पा रहे हैं। राजेश्वर सिंह साहित्य, इतिहास, राजनीति शास्त्र, दर्शन शास्त्र एवं लोक प्रशासन में गहन रूचि रखते हैं तथा उनके लेख, कविताएं एवं कहानियां विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए हैं।

# साक्षी ही आनंदित रह सकता है



डॉ. रामावतार शर्मा

विज्ञान क्या है इस बात को समझने के लिए हमें कोई पांच सात हजार साल पहले जाना होगा। उस दौर में न तो माइक्रोस्कोप था, न दवाएं थी, न पहिया था और न ही खेती का कोई ज्ञान मनुष्य को था। हमारे पूर्वज आकाश देख कर तारों के बारे में अंदाज लगाया करते होंगे। उनके पास आज के खगोलशास्त्र को सुलभ उपकरणों की तो कल्पना तक नहीं थी। ऐसी ही स्थिति ज्ञान के अन्य क्षेत्रों में थी परंतु इसका मतलब यह नहीं कि उस समय का मनुष्य सोचता नहीं होगा या जिज्ञासु नहीं होगा। उस समय भी कुछ लोग सोचते, देखते और समझने की कोशिश करते होंगे परंतु साधनों के अभाव में कुछ भी तथ्यात्मक ढूंढ नहीं पाते थे। फिर भी उन्होंने आकाश में घटित हो रही कई पुनरावृतियों को समझा होगा जैसे दिनों का बड़ा या छोटा होना, ग्रहण के चक्र, बरसात के आगमन और विदाई का समय चक्र। इनमें से कुछ बातें आगे चलकर लिपिबद्ध भी हुई जिनको ले कर आज दुनिया के विभिन्न समाज अपने पूर्वजों को अति विकसित समाज सिद्ध करने में जुटे नजर आते हैं।

हर समाज में और हर दौर में चंद लोग वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ जीवन जीते हैं और बाकी लोग परंपरावादी तथा अर्ध ज्ञान वाले होते हैं जो सदैव बीत गए समय के अपने प्रभुत्व की बातें करते हैं तथा आज के समय के अपने पिछड़ेपन को ढकने में लगे रहते हैं। यह एक शाश्वत मानसिक अवस्था है जो आगे भी जारी रहेगी। उस काल के लोग भोजन सुरक्षा, पानी की व्यवस्था, सामाजिक सुरक्षा और किसी प्रशासन की उम्मीद लगाते रहे होंगे परंतु समय के लंबे चक्र को देखें तो एक व्यक्ति के जीवन में उस समय कुछ भी नहीं बदलता था। आग की खोज, पत्थरों के हथियार, लोह या पीतल की खोज जैसे कार्य दो सौ या तीन सौ सालों में एक बार होने वाली घटना होती थी इसलिए उस समय के लोग सोचते होंगे कि पृथ्वी पर कुछ भी नहीं बदलता है और जो है वही चिर स्थाई है। इन स्थितियों में चंद जीवनोपयोगी खोजों को चमत्कार का नाम दिया जाने लगा। मिथक एवम् किवदंतियों का जन्म शायद यहीं से प्रारंभ हुआ जो आगे चलकर सदियों बाद बड़े रूप में विकसित हुआ। आगे चलकर इन मिथकों और किवदंतियों को चतुर चालाक लोगों ने जीविकोपार्जन का साधन बना लिया और मिथक तथा किवदंतियां मानव मन पर इस तरह अंकित हो गई कि उन्हें मिटाने का प्रयास करने वाले तथा तर्क आधारित सोच वाले लोगों को समाज का बहुमत सनकी मानने लगा और एक तरह से अनदेखा करने लगा।

उदाहरण स्वरूप कार यात्रा की सुरक्षा इस बात पर निर्भर करती है कि ड्राइवर कितना सजग है और सड़क सुरक्षा नियमों की कितनी पालना करता है परंतु लोग कोई धार्मिक सूचक अंकित कर, कोई वस्तु जैसे नींबू मिर्च या पुराने टायर का काला टुकड़ा लगा कर सुरक्षित यात्रा की उम्मीद करते हैं। बहुमत का यह व्यवहार कभी नहीं बदलेगा हालांकि विकास का दैनिक उपभोग ये लोग ही करते हैं। मुख से, अंगूठी या हथेली से राख निकालना दृष्टि भ्रम द्वारा संभव है पर उसे लोग चमत्कार मानेंगे परंतु हजारों किलो वजन को लेकर आकाश में उड़ते हवाई जहाज को किसी चमत्कार की बजाय ईश्वर की देन कहेंगे। इन लोगों के विचारों को बदलने का हर प्रयास असफल रहेगा क्योंकि हजारों साल तक मनुष्य के मस्तिष्क में अंकित किवदंतियां और मिथक अनुवांशिकता का हिस्सा बन गए हैं।

अत्यंत धीमी गति से विकसित हो रहे मानव समाज में कुछ शताब्दियों पहले तेजी से परिवर्तन आने लगे। 16वीं और 17वीं सदी से प्रारंभ हुए वैज्ञानिक सोच और कई आधारभूत खोजों के बाद दुनिया तेज गति से बदलने लगी। प्रथम विश्वयुद्ध के दौरान और फिर उसके बाद भौतिकी, रसायन विज्ञान, चिकित्सा पद्धतियों आदि में इतने तीव्र और इतने अधिक परिवर्तन होने लगे कि आज का मनुष्य मानने लगा है कि यहां सब कुछ परिवर्तनशील है और कुछ भी स्थाई नहीं है। यह अति प्राचीन काल की सोच से पूरी तरह उल्टा विचार है। विचार और तार्किक समाधान की यह स्थिति ही विज्ञान है और चूंकि इसके अलग अलग आयामों पर अलग अलग लोग कार्य करने लगे हैं तो ये खोजें तेजी से घटित होने लगी हैं। आज का मनुष्य अपने सारे पुराणपंथी रवैये के बावजूद विज्ञान द्वारा विकसित साधनों का उपयोग करता रहता और इनको गालियां भी देता रहता है। यह विरोधाभास आगे भी जारी रहेगा। वैज्ञानिक क्रांति आगे भी जारी रहेगी। विकसित हो रहे साधनों का दुरुपयोग और सदुपयोग दोनों होते रहेंगे। तथ्य काफी लोगों के जीवन में विकसित होता रहेगा परंतु मिथक भी फलते फूलते रहेंगे। जो इन सब को साक्षी भाव से देखेगा वह एक बेहतर जीवन बिताएगा परंतु जो व्यक्ति तार्किक हो कर भी यदि उद्विग्न मन होगा तो सदा परेशानी में रहेगा। मनोविज्ञान आपको साक्षी भाव की तरफ ले जाने का प्रयास करता है। यदि आप जीवन में आनंद के साथ रहना चाहते हैं तो तर्क वितर्क को त्याग कर संवाद की तरफ जाइए और जहां संवाद संभव नहीं है वहां से दूर हट जाइए क्योंकि कुतर्क से कोई भी समाधान संभव नहीं है और किसी भी कुतर्क पर बातचीत द्वारा विजय संभव नहीं है। जीवन का एक मात्र उद्देश्य समाजोपयोगी होने के साथ उस स्थिति में प्रविष्ट होना है जहां स्वयं का जीवन भी आनंद से लबालब रहे। यह स्थिति पाना कोई कठिन कार्य नहीं है।

आवश्यकता निरर्थक परंपराओं की लीक और भीड़ से अलग हट कर चलने और सोचने की है। जीवन यात्रा में न तो घटनाओं के पात्र बनिए और न ही दर्शक। सिर्फ और सिर्फ साक्षी बनिए और दर्शन शास्त्रीय मन:स्थिति रखिए। यही सकरी-सी डगर आनंद की तरफ जाने का रास्ता है।

**–डॉ. रामावतार शर्मा,**
**( चिकित्सक एवं लेखक )**

# प्रोफेसर डॉ. राजीव सक्सेना "मुंशी प्रेमचंद साहित्य रत्न सम्मान-2024" से सम्मानित

मुंशी प्रेमचंद जी की 144 वीं जयंति के उपलक्ष में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा एवं अभाकाम संस्था द्वारा इंदिरा गाँधी पंचायत राज संस्थान, जयपुर में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित समारोह में कवि व साहित्यकार, प्रोफेसर डॉ. राजीव सक्सेना को, जो कि वर्तमान में स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर, जयपुर में होम्योपैथिक चिकित्सक व वरिष्ठ आचार्य हैं। उन्हें "मुंशी प्रेमचंद साहित्य रत्न सम्मान - 2024" से लेखन व समीक्षा वर्ग में विशिष्ठ पुरस्कार से नवाजा गया। पदाधिकारियों ने सम्मान स्वरूप उन्हें, शॉल, दुपट्टा ओढ़ाकर, श्री फल, प्रमाण -पत्र व प्रतीक चिह्न देकर शुभकामनाएं दी व उनके लेखन की प्रशंसा की। मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सासंद रविन्द्र किशोर सिन्हा रहे।




**अ. भा. कायस्थ महासभा एवं अभाकाम संस्था ने प्रोफेसर डॉ. राजीव सक्सेना को सम्मानित किया।**

## इंदरगढ़ में होगा लहरिया महोत्सव

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। मां इंदरगढ़ बिजासन सेवा समिति के तत्वावधान में श्रावण मास में इंदरगढ़ दरबार जिला बूंदी में 10 एवं 11 अगस्त को लहरिया महोत्सव मनाया जायेगा। समिति अध्यक्ष देवी चरण गर्ग ने बताया कि 10 अगस्त शाम चार बजे कर्मचारी कॉलोनी स्थित मैरिज होम के सामने से सैकड़ों भक्त बस द्वारा इंदरगढ़ के लिए रवाना होंगे।


इंदरगढ़ में चेयरमैन की धर्मशाला में रात्रि नौ बजे से विशाल भगवती जागरण का आयोजन होगा व 11 अगस्त प्रातः सात बजे 108 मीटर लंबा लहरिया लेकर सभी भक्त माता रानी के दर्शन के लिए रवाना होंगे। समिति महामंत्री वेद प्रकाश मंगल ने बताया कि 11 अगस्त प्रातः नौ बजे माता के भवन के पास गंगापुर वालों की निर्माणधिन धर्मशाला मार्ग पर हरियाला राजस्थान के तहत वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि लाखेरी उप जिला कलेक्टर कैलाश गुर्जर होंगे।

# 'ट्रैफिकिंग रोकने के लिए जनजाति क्षेत्र में सख्त कानून की जरुरत'

**उदयपुर,** (निसं)। भारतीय न्याय संहिता के नए खंड में ट्रैफिकिंग को एक अपराध के रूप में शामिल करना स्वागत योग्य है, परंतु उदयपुर संभाग सहित ऐसे क्षेत्र जो अन्य राज्यों की बॉर्डर से लगे हैं, जनजाति क्षेत्रों में आज भी ट्रैफिकिंग की शिकायत मिलती रहती है। पिछले एक साल में जिला प्रशासन, उदयपुर पुलिस एवं संस्थान के प्रयास से 50 से ज्यादा बच्चे ट्रैफिकिंग से छुड़वाए गए। ट्रैफिकिंग रोकने के लिए जनजाति अंचल को ध्यान में रखते हुए सशक्त कानून बनाने की आवश्यकता है। जहां बच्चों के बेहतर पुनर्वास पर भी कार्य किया जाए। उक्त विचार शहर के हिरण मगरी सेक्टर-6 स्थित गायत्री सेवा संस्थान के विवेकानन्द सभागार में विश्व मानव दुर्व्यापार विरोधी दिवस के उपलक्ष में गायत्री सेवा संस्थान द्वारा आयोजित एक्सेस टू जस्टिस न्याय तक पहुंच विषय पर संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में सम्बोधित करते हुए राजस्थान बाल आयोग, राजस्थान सरकार के पूर्व सदस्य एवं बाल अधिकार विशेषज्ञ डॉ. शैलेंद्र पण्ड्या ने व्यक्त किए।

इस अवसर पर एक्सेस टू जस्टिस के प्रमुख रवि कांत ने जानकारी देते हुए बताया कि हालांकि हम लोग दुर्व्यापारियों के चुंगल से बच्चों को मुक्त कराने के लिए सामूहिक रूप से राज्य सरकारों के साथ काम कर रहे हैं। लेकिन अब हमारी रणनीतियों में सुधार की आवश्यकता है। ट्रैफिकिंग पर नवीनतम रिपोर्ट बताती है कि किस तरह ट्रैफिकर (दुर्व्यापारी) रोजना नए और आधुनिक तरीके अपना रहे हैं। इस अवसर पर गायात्री सेवा संस्थान के प्रतिनिधि एवं न्याय तक पहुंच कार्यक्रम के सहयोगी सदस्य रामचंद्र मेघवाल ने बताया कि 180 सामाजिक संगठनों के गठबंधन एक्सेस टू जस्टिस द्वारा आज राष्ट्र के विभिन्न जिलों में संगोष्ठी सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर दुर्व्यापार के खिलाफ एकजुट होकर शपथ ली जा रही हैं। संस्थान द्वारा आज दुर्व्यापार रोकने में सहयोगी कानून, योजनाओं एवं सरकारी प्रावधानों की जानकारी वाले पोस्टर को जारी किया गया। संगोष्ठी में उदयपुर संभाग के विभिन्न जिलों में कार्यरत स्वंय सेवक, राजस्थान चाइल्ड एडवाइजरी ग्रुप (आर. केग.) के सदस्य एवं एक्सेस टू जस्टिस की टीम उपस्थित रही।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**बुधवार 31 जुलाई, 2024**

सावन मास, कृष्ण पक्ष, एकादशी तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2081, रोहिणी नक्षत्र 10:45 तक, धुव्र योग रात्रि 8:48 तक, बाल करण दिन 3:56 तक, चन्द्रमा रात्रि 10:15 से मिथुन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-कर्क, चन्द्रमा-वृष, मंगल-वृष, बुध-सिंह, गुरू-वृष, शुक्र-कर्क, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज राजयोग दिन 3:56 से सूर्योदय तक है। कुमार योग दिन 10:12 पर समाप्त होगा। आज कामिका एकादशी व्रत, रोहिणी व्रत है। शुक्र सिंह राशि से दिन 2:33 पर प्रवेश करेगा।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** लाभ-अमृत सूर्योदय से 9:13 तक, शुभ 10:53 से 12:33 तक, चर 3:52 से 5:32 तक, लाभ 5:32 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 5:54, सूर्यास्त 7:12

**मेष**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी।

**वृष**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**मिथुन**
आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है। धन हानि का भय है। व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**कर्क**
आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा है। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।

**सिंह**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**कन्या**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**तुला**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। व्यावसायिक परेशानियां अभी यथावत बनी रहेगी। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

**वृश्चिक**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

**धनु**
अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिलेगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा। व्यावसायिक आर्थिक मामलों में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

**मकर**
व्यावसायिक मामलों में परेशानियां अभी बनी रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ रहेगी। आज परिजनों के व्यवहार के कारण मन व्यथित हो सकता है। आवश्यक कार्यों के संबंध में दुविधा बनी रहेगी।

**कुंभ**
घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

# 419 पशुओं की स्वास्थ्य जांच, उपचार व दवाओं का वितरण किया

**बीकानेर,** (कासं)। भाकृअनुप-राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र (एनआरसीसी) द्वारा जनजातीय उप-योजना तहत जिला सिरोही जनजातीय क्षेत्र के गांव मोरडू, आबू रोड़ में पशु स्वास्थ्य शिविर एवं कृषक वैज्ञानिक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

केन्द्र द्वारा मोरडू, आबू रोड़ के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय परिसर में लगाये गए इस पशु स्वास्थ्य शिविर में कुल 142 पशुपालकों द्वारा लाये गए 419 पशुओं गाय 65, भैंस 116, भेड़ 46, बकरी 192 की स्वास्थ्य जांच, उपचार व दवाओं आदि का वितरण किया गया तथा उन्हें उचित परामर्श दिया गया। जहां इस शिविर में महिलाओं की सक्रिय सहभागिता रही। वहीं स्कूली बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहन स्वरूप केन्द्र की इस गतिविधि से जोड़ते हुए 230 बच्चों को स्कूली किट बैग का भी वितरण किया गया।



एन.आर.सी.सी. द्वारा आबूरोड़ सिरोही के जनजातीय क्षेत्र में आयोजित पशु स्वास्थ्य शिविर में पौष्टिक पशु आहार व दवाईयों का वितरण किया।

- एन.आर.सी.सी. ने जनजातीय क्षेत्र में किया पशु स्वास्थ्य शिविर आयोजित
- शिक्षा के प्रति प्रोत्साहन स्वरूप केन्द्र की इस गतिविधि से जोड़ते हुए 230 बच्चों को स्कूली किट बैग का भी वितरण किया

एनआरसीसी के निदेशक डॉ. आर. के. सावल ने पशुपालकों से बातचीत के दौरान बताया कि पशुओं से भरपूर उत्पादन लेने हेतु उनके स्वास्थ्य, आहार-पोषण, स्वच्छ दूध उत्पादन, उचित आवास व्यवस्था आदि सभी पहलुओं पर ध्यान देने की महती आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पारम्परिक रूप से पशुपालन व्यवसाय के साथ-2 वैज्ञानिक ढंग से भी पशुओं के प्रबंधन को जानना व सीखना चाहिए ताकि पशुपालक अपनी आमदनी में आशातीत वृद्धि ला सकें। डॉ. सावल ने पशुपालकों को अपने ज्ञान में अभिवृद्धि लाने, स्वास्थ्य-स्वच्छता के प्रति जागरूकता, विशेषकर बच्चों में शिक्षा के प्रसार आदि हेतु अभिभावकों को प्रेरित किया ताकि वे समाजार्थिक रूप से सक्षम बन सकें।

केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. शान्तनु रक्षित ने एनआरसीसी की प्रसार गतिविधियों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि पशुपालक भाईयों को पशुओं के वैज्ञानिक ढंग से रखरखाव की व्यावहारिक जानकारी व इसका लाभ लेने हेतु सामूहिक रूप से केन्द्र का भ्रमण करना चाहिए। डॉ. श्यामसुंदर चौधरी ने पशुपालकों को पशु प्रौद्योगिकी से जुड़ने हेतु प्रोत्साहित करते हुए पशुओं के स्वास्थ्य और पशुधन उत्पादन पर विस्तार से जानकारी दी। केन्द्र की जन जातीय उप-योजना से जुड़े डॉ.काशीनाथ, पशु चिकित्सा अधिकारी ने जानकारी दी कि शिविर में लाये गए पशुओं में चींचड़ व वर्षा ऋतु में अफारा आदि की समस्या अधिक देखी गई। वहीं पशुओं में खनिज आपूर्ति हेतु पशुपालकों को नमक की ईंटें व करभ पशु आहार का वितरण किया गया।

इस अवसर पर आबू रोड़ सिरोही के प्रगतिशील पशुपालक सेवाराम ने इस गतिविधि के माध्यम से पशुपालकों की जिज्ञासाओं व समस्याओं के उचित समाधान हेतु केन्द्र के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं स्कूल के प्रधानाध्यक रूपाराम द्वारा स्कूली बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने व शिक्षा संबद्ध सामग्री वितरण हेतु आभार व्यक्त किया गया।

केन्द्र के मनजीत सिंह, सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी व रणवीर सिंह, तकनीशियन ने शिविर में पशुओं के पंजीयन, दवा व पशु आहार वितरण आदि विभिन्न कार्यों में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

**जैसलसर व गुंदूसर में पौधारोपण :** जीवन में इंसान जन्म से महान नहीं होता। इंसान अपने कर्मों से महान बनता हैं। हमारे देश की पुरानी परंपरा रही है कि हम जीवन मे अच्छे कर्म करके ही सफलता प्राप्त कर सकते हैं। यह विचार मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी माया बजाड़ ने आज रघुकुल फाउंडेशन व शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पर्यावरण चेतना व पौध वितरण यात्रा के दौरान मंगलवार को नोखा ब्लॉक के ग्राम जैसलसर व गुंदूसर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों के समारोह में बतौर मुख्य अतिथि रखे।

बजाड़ ने कहा कि रघुकुल फाउंडेशन द्वारा प्रतिवर्ष पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण व समय समय पर गौशालाओं, मंदिरों व अन्य सामाजिक सरोकारों में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा रहा है। समारोह में बजाड़ ने कहा कि ऐसे महान कर्मों से ही हमारे समाज मे जागृति पैदा होती है। जैसलसर व गुंदूसर में एक हजार पौधों को पेड़ बनाने का संकल्प दिलवाया।

## स्थापना दिवस पर पाठ्य सामग्री वितरित

**बीकानेर,** (कासं)। श्री माधाव महिला एवं बाल विकास समिति के स्थापना दिवस पर दर्जनों बच्चों को शैक्षणिक सामग्री भेंट की गई।

समिति के द्वारा रंगा कॉलोनी स्थित अजय मेमोरियल स्कूल में मेधावी छात्रों को पाठ्य सामाग्री दी गई। समिति के अध्यक्ष उमेश पुरोहित ने बताया कि समिति के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने ह बच्चों को पाठ्य सामाग्री देते हुए कहा कि हमारे देश की प्रगति के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। समिति का मकसद गरीब दुखियों की मदद के साथ-साथ शिक्षा के प्रचार-प्रसार में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करना है।

आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति किसी भी दशा में शिक्षा से वंचित न हो इसके लिए समिति हरसंभव मदद करेगा। शाला संचालक विपिन कुमार ने कहा कि बच्चों के विकास लिए यह संस्था काम कर रही है। हमारी शाला भी संस्था में अपना पूर्ण योगदान देगी।

संस्था के संरक्षक रामचंद्र ने स्थापना दिवस के मौके पर प्रतिभा सम्मान समारोह के आयोजन का प्रस्ताव रखा। जिसे उपस्थित सभी सदस्यों ने सहमति जताई। इसके लिए संस्था अध्यक्ष उमेश पुरोहित और मनोज व्यास को इसके लिए जिम्मेदारी दी गई। संस्था जल्द ही कक्षा दसवीं और बारहवीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले प्रतिभावान छोत्र एवं छात्राओं का सम्मान करेगी। इस कार्यक्रम में राजेश्वरी देवी, ममता देवी, दीपिका, तनु राजपुरोहित, राखी, गणेश प्रजापत, विकास रंगा, मनोज व्यास, संतोष कुमार, ऋषि व्यास, नरसिंह दास, रमजान आदि मौजूद थे।

## सार-समाचार

### केक काटकर जश्न मनाया



डोटासरा के चार साल के कार्यकाल पर कांग्रेस (देहात) अध्यक्ष बिशनाराम के नेतृत्व में केक काटकर जश्न मनाया।

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के चार साल सफलता पूर्वक कार्यकाल पूर्ण करने पर जिला कांग्रेस कमेटी (देहात) अध्यक्ष बिशनाराम सियाग के नेतृत्व में सांयकाल पांच बजे स्थानीय गांधी पार्क में केक काटकर जश्न मनाया गया। जिला संगठन महासचिव मार्शल प्रहलाद सिंह ने बताया कि इस अवसर पर जिलाध्यक्ष बिशनाराम सियाग ने अपने सम्बोधन में कहा कि अभी हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में गोविन्द सिंह डोटासरा की लगन, मेहनत और रणनीति के कारण 25 में से 11 सीटों पर कांग्रेस पार्टी ने विजय हासिल की। उरमूल डेयरी चेयरमैन नोपाराम जाखड़ ने कहा कि करनपुर विधानसभा उपचुनाव, निकाय व पंचायती राज उप चुनावों में भी कांग्रेस पार्टी को जीत हासिल करने का श्रेय प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा को जाता है। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने गोविन्द सिंह डोटासरा के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। इस कार्यक्रम में उपाध्यक्ष अम्बाराम इनखिया, ओमप्रकाश मेघवाल, प्रेमप्रकाश सारण, सचिव अकरम सम्मा, शैलेन्द्र गोदारा, महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव शशिकला राठौड, पार्षद अब्दुल सत्तार, सरपंच खेताराम तर्ड, सेवादल के अकबर खान, यूथ कांग्रेस के लक्की खान सहित अनेक लोग मौजूद थे।

### निराश्रितों को घर बैठे राशन मिलेगा

**बीकानेर,** (कासं)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने विधानसभा में कहा कि प्रदेश में खाद्य सुरक्षा योजना के सभी लाभार्थियों को योजना का लाभ मिले, इसके लिए राज्य सरकार द्वारा संवेदनशील पहल करते हुए एक जुलाई 2024 से 18 वर्ष से कम एवं 60 वर्ष से अधिक आयु के निराश्रितों के लिए घर-घर जाकर राशन वितरण की व्यवस्था की गई है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि विधान सभा क्षेत्र मावली में 110 उचित मूल्य दुकानें संचालित हैं। इनमें से 14 दुकानें विभिन्न कारणों से रिक्त हैं, जिनका वैकल्पिक दुकानों के माध्यम से संचालन किया जा रहा है। उन्होंने इन दुकानों को शीघ्र भरने तथा प्रस्ताव प्राप्त होने आवश्यकतानुसार उचित मूल्य की दुकानें खोलने के लिए सदन को आश्वस्त किया। इससे पहले विधायक पुष्कर लाल डांगी के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने बताया कि 7 अप्रैल, 2010 एवं 26 दिसम्बर, 2019 के विभागीय निर्देश द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अन्तर्गत चयनित 500 राशनकार्डों अथवा 2000 यूनिट पर नवीन उचित मूल्य दुकान खोले जाने के मापदण्ड निर्धारित है। उन्होंने जानकारी दी कि विधान सभा क्षेत्र मावली में 110 उचित मूल्य दुकानें संचालित है। जिनका ग्रामवार विवरण उन्होंने सदन के पटल पर रखा।

# बीकानेर विकास प्राधिकरण के गठन की घोषणा का स्वागत

- भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर नगर विकास न्यास को अर्बन डवलपमेंट अथॉरिटी के रूप में क्रमोन्नत करने पर बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया।

विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री ने उनके आग्रह और जन भावना को ध्यान रखते हुए बीकानेर को बड़ी सौगात दी है। अब बीकानेर शहर में भी जयपुर, जोधपुर, कोटा और अजमेर की तरह बीकानेर डवलपमेंट अथॉरिटी होगी। डेवलपमेंट अथॉरिटी के पास ज्यादा अधिकार और संसाधन होंगे, जिससे शहर का विकास तेजी से हो सकेगा। गौरतलब है कि विधायक जेठानंद व्यास ने गत सप्ताह स्वायत्त शासन विभाग की अनुदान मांग पर चर्चा में भाग लेते हुए बीकानेर में यूआईटी को क्रमोन्नत कर प्राधिकरण बनाने की मांग उठाई थी। मुख्यमंत्री ने इसे मांगकर बीकानेर को बड़ी सौगात दी है। विधायक ने नगरीय विकास मंत्री का भी आभार जताया है।

उन्होंने कहा कि बीकानेर के विकास से जुड़े मुद्दों को विधानसभा और राज्य सरकार स्तर पर नियमित रूप से उठाया जायेगा। उन्होंने कहा कि शहर का सर्वांगीण विकास भाजपा शहर जिलाध्यक्ष विजय आचार्य ने भाजपा जिला पदाधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया विजय आचार्य ने बताया विकास प्राधिकरण बनने से बीकानेर के विकास के लिए अतिरिक्त बजट मिलेगा साथ ही बीकानेर के विकास में आ रही तकनीकी बाधाओं का रोड़ा अब हमेशा के लिए दूर हो जायेगा।

बीकानेर में विकास प्राधिकरण का गठन होने के साथ इसमें यहां का विकास कराने के लिए कई वित्तीय शक्तियां निहित हो जायेगी, जिससे विकास कार्यों की फाइलें और अन्य फाइलों के लिए बीकानेर की जनता को राज्य सरकार के अनुमोदन होने का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। साथ ही जयपुर के चक्कर भी नहीं लगाने पड़ेंगे वर्तमान में विकास कार्यों की फाइलों के साथ 10 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की फाइलों के टेंडर अनुमोदन के लिए राज्य सरकार को भेजी जाती हैं।

बीडीए के गठन होने के बाद ये फाइलें बीकानेर में ही अनुमोदित हो सकेंगी। बीडीए का गठन होने के बाद बीडीए में कई तरह के पद होंगे, जिससे आम आदमी को सहायता मिलेगी।

## स्वतंत्रता दिवस की तैयारी बैठक

**बीकानेर,** (कासं)। रानी बाजार मोहल्ला विकास समिति वार्ड नं. 50 व 65 की बैठक अध्यक्ष रामेश्वर लाल अग्रवाल की अध्यक्षता में छप्पन भोग में सम्पन्न हुई।

बैठक में सचिव आर. के. शर्मा ने मोहल्ले के विकास कार्यों व सीवरेज व लाइट समस्याओं के बारे में जानकारी दी तथा प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। नई सीवरेज लाइन के चैम्बर्स की भराई व सीमेंट कंकर के साथ पैक करने के लिये टेक्नो कंस्ट्रक्शन कम्पनी को दर्ज करवाई गई शिकायत की जानकारी भी दी गई। कोषाध्यक्ष गिरीश खत्री ने समिति के कोष के बारे में जानकारी दी। बैठक में तय किया गया कि आगामी स्वतंत्रता दिवस समारोह झंडारोहण के साथ मनाया जाए तथा साधारण सभा बैठक का भी आयोजन किया जाए। बैठक में रामेश्वर अग्रवाल, जिनेन्द्र जैन, आर. के. शर्मा, रजत माथुर, गिरीक्ष खत्री, पृथ्वीसिंह राठौड़, दिनेश माथुर, दीपक खत्री, युक्ता खत्री व अनिल गुप्ता ने विचार रखे।

# संजय गुप्ता को रोटरी रत्न अवार्ड से नवाजा

- यह सम्मान रोटरी के तहत सेवा कार्यों के लिए प्रदान किया गया

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। संगरूर में आयोजित मीवान रोटरी अवार्ड मे अतिथि मंत्री पंजाब सरकार रवनीत सिंह बिट्टू, अमन अरोड़ा तथा संगरूर के विधायक नरेन्द्र कौर भराज, डीआईजी आई आर बी पटियाला रेंज मंदीप सिंह सिधु द्वारा प्रदान किया गया।

सेवा भाव से जुड़े संजय गुप्ता रोटरी क्लब से 1981 में जुड़े तब से अब तक वे सैकेटरी से लेकर डिस्टिक गवर्नर तक रहे। वे समाजिक व शैक्षणिक संस्थानों में भी जुड़े हुए है जिनमें फूलचन्द गुप्ता चेरिटेबल ट्रस्ट, ज्ञान मंदिर ट्रस्ट, भारती चेरिटेबल ट्रस्ट, अग्रवाल ट्रस्ट, संजीवनी चेरिटेबल ट्रस्ट, इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी, तपोवन ट्रस्ट, अग्रोहा विकास ट्रस्ट, विवेक आश्रम, राष्ट्रीय कला मंदिर, द गंगानगर क्लब के अलावा शहर के हर आयोजन में सहयोगी के रूप मे इनकी उपस्थिति सदैव बनी रहती है। रोटरी आई डोनेशन की मुहिम के मुख्य सूत्रधार ये ही रहे। देहदान अभियान में भी इन्होंने बढ़- चढ़कर कार्य किया है। रोटरी का सर्वोत्तम पुरस्कार रोटरी सेल्फ अवार्ड अचीवमेंट लेने वाले गंगानगर के यह प्रथम व्यक्ति रहे है।

संगरूर में आयोजित मीवान रोटरी अवार्ड मे अतिथि मंत्री पंजाब सरकार रवनीत सिंह बिट्टू, अमन अरोड़ा तथा संगरूर के विधायक नरेंद्र कौर भराज, डीआईजी आई आर बी पटियाला रेंज मंदीप सिंह सिधु, रोटे घनश्याम कांसल द्वारा प्रदान किया गया। उन्हें यह सम्मान रोटरी के तहत सेवा कार्यों के लिए प्रदान किया गया।

## गंगानगर को मिली कई सौगातें

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा राज्य विधानसभा में वित्त एवं विनियोग विधेयक पर चर्चा के दौरान सादुलशहर विधायक गुरवीर सिंह बराड़ द्वारा की गई मांग को पूरा करते हुए श्रीगंगानगर को कई सौगातें दी गई।

बराड़ ने बताया कि परिवर्तित बजट में कैंसर मरीजों के लिए अत्याधुनिक लीनियर एक्सीलेटर मशीन, श्रीगंगानगर से हिंदुमलकोट रोड़ चौड़ाईकरण के लिए 4 करोड़ 31 लाख रूपये की घोषणा की गई है।


राजस्थान सरकार
कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652,
Email :- uit_sgnr@yahoo.com,
Office Address:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- भू.वि./2024-25/218
उजरदायरी दिनांक : 30.07.2024

नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर की कुंज विहार योजना में नीलामी द्वारा आवंटित भूखण्ड संख्या पी-23 माप 30'-0" गुणा 64'-0" फीट को श्री मानसिंह पुत्र श्री गुरदयासिंह को आवंटित किया जाकर दिनांक 18.04.2007 को पटटा जारी किया गया। श्री मानसिंह की मृत्यु दिनांक 11.10.2012 को होने पर आवेदक श्रीमती वन्दना पत्नी श्री रविदत गौड निवासी ब्यावर (अजमेर) द्वारा पंजीकृत वसीयतनामा, मृत्यु प्रमाण पत्र, वारिस प्रमाण पत्र, शपथ पत्र की प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड का अपने नाम से नामान्तरण करवाने हेतु निवेदन किया है। यह उजरदावरी साया करते हुए हर आम व खास, हितबद्ध को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के वारिसान/वसीयत के संबंध में किसी को कोई एतराज हो तो उजरदायरी प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस में मय सबूत न्यास कार्यालय में प्रस्तुत करें। समयावधि व्यतीत होने के बाद कोई उजर मान्य नहीं होगा एवं न्यास कार्यालय द्वारा नियमानुसार कार्यवाही कर उक्त भूखण्ड का नामान्तरण श्रीमती वन्दना पत्नी श्री रविदत गौड निवासी ब्यावर (अजमेर) के नाम से कर दिया जावेगा। - **सचिव,** नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर


# कृषि विज्ञान केन्द्र बीकानेर को मिला ट्रैक्टर

- कृषि विज्ञान केन्द्र बीकानेर और झुंझुनूं को एक-एक ट्रैक्टर की सौगात मिली

**बीकानेर,** (कासं)। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय से संबंद्ध कृषि विज्ञान केन्द्र बीकानेर और झुंझुनूं को एक- एक ट्रैक्टर की सौगात मिली है। मंगलवार को इन दोनों ट्रैक्टर को कृषि विश्वविद्यालय परिसर से भारतीय बागवानी प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक डॉ आर. एस. कुरिल और कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अरूण कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कुलपति डॉ अरूण कुमार ने कहा कि नया ट्रैक्टर मिलने से कृषि विज्ञान केन्द्र बीकानेर और झुंझुनूं को कृषि कार्यों में सहयोग मिलेगा। निदेशक प्रसार डॉ सुभाष चंद्र ने बताया कि भारतीय कृषि विज्ञान केन्द्र की ओर से करीब 8-8 लाख रूपये की लागत से ये दोनों ट्रैक्टर उपलब्ध करवाए गए हैं।

इस अवसर पर अनुसंधान निदेशक डॉ पी.एस.शेखावत, निदेशक प्रसार डॉ सुभाष चंद्र, छात्र कल्याण निदेशक डॉ वीर सिंह, कृषि महाविद्योलय डीन डॉ पी.के.यादव, भू-सदृश्यता एवं राजस्व सर्जन निदेशक डॉ दाताराम, कुलपति के ओएसडी इंजी. विपिन लड्डा, केवीके बीकानेर के प्रभारी डॉ दुर्गा सिंह, डॉ मदनलाल रैगर, श्यामसुंदर व्यास आदि मौजूद थे।

## सड़कों के लिए आठ करोड़ मंजूर

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर (पश्चिम) विधानसभा क्षेत्र विधायक जेठानंद व्यास की मांग पर ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बीकानेर पश्चिम को एक और सौगात दी।

विधायक व्यास ने बताया कि बीकानेर (पश्चिम) विधानसभा क्षेत्र की सड़कों के सुदृढ़ीकरण के लिए 8 करोड़ रूपए की अतिरिक्त राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने गत दिनों मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान इसके लिए आग्रह किया था।

उन्होंने बताया कि राज्य के इस वर्ष के बजट में सभी विधानसभा क्षेत्र के लिए पांच-पांच करोड़ रूपए स्वीकृत किए गए। लेकिन बीकानेर की सड़कों की स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त राशि की जरूरत थी। इसके मध्यनजर मुख्यमंत्री से विधायक ने इस संबंध में मांग रखी।

# बरसाती पानी की निकासी की समस्या न हो : कलेक्टर

- नगर विकास न्यास और नगर परिषद की समीक्षा बैठक में जिला कलेक्टर ने ये निर्देश दिए
- बरसाती पानी की निकासी के लिए खड्ढ़ों को खाली करवाया जाए

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिला कलक्टर लोकबंधु की अध्यक्षता में मंगलवार को नगर विकास न्यास और नगर परिषद की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान जिला कलक्टर ने बरसाती पानी की निकासी के साथ-साथ राजस्व बढ़ाने के लिए दोनों विभागों को समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला कलेक्टर ने लैंड सेल के जरिए राजस्व बढ़ाने के निर्देश देते हुए कहा कि बरसाती पानी की निकासी के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं की जाएं। बरसात के बाद कहीं भी निकासी की समस्या नहीं आनी चाहिए। बरसाती पानी की समुचित निकासी के लिए खड्ढ़ों को खाली करवाया जाए। मोटर, जनरेटर, कार्मिक सहित अन्य व्यवस्थाएं पूर्ण रखी जाएं। राज्य सरकार के निर्देशानुसार पट्टे वितरण करने के निर्देश देते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि ऑनलाइन सेवाओं की डिलीवरी में पेंडेंसी नहीं रखी जाए। फायर एनओसी सहित अन्य कार्य निर्धारित समय अनुसार किए जाएं।

स्वच्छ भारत मिशन में शौचालय निर्माण के प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश देते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि बजट घोषणाओं का क्रियान्वयन जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए। जिले में अन्नपूर्णा रसोईयों का नियमित निरीक्षण करते हुए अधिकारी राज्य सरकार की मंशा के अनुसार आमजन को पौष्टिक और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। बैठक में नगर विकास न्यास और नगर परिषद के अधिकारियों द्वारा विभिन्न योजनाओं की प्रगति से अवगत करवाया गया।


**राजस्थान स्टेट माईन्स एण्ड मिनरल्स लिमिटेड**
(राजस्थान सरकार का उपक्रम) एसबीयू एण्ड पीसी-जिप्सम, 02, गाँधी नगर, स्कीम, बीकानेर- 334001
फोन नं.: 0151-2200171-75, फैक्स : 0151-2523519 / 2202842

दिनांक :- 30/07/2024

**निविदा सूचना**

| निविदा संख्या एवं दिनांक | कार्य का विवरण |
|---|---|
| आरएसएमएम / जिप / निविदा- 04 / 2024-25 दिनांक 26.07.2024 यूबीएन नं. MML2425SSOB00088 | एस.बी.यू एण्ड पी.सी. जिप्सम, बीकानेर कार्यालय के वित्त विभाग हेतु पेशेवर सेवाएँ उपलब्ध करवाने का कार्य (निविदा अनुसार)। अनुबन्ध राशि रू.- 04.90 /- लाख, धरोहर राशि) रू.- 9,800 /-, निविदा शुल्क रू. 590 /- |

विस्तृत जानकारी हेतु विभाग की वेबसइट **www.sppp.rajasthan.gov.in** और **www.eproc.rajasthan.gov.in** और अथवा प्रमुख एवं प्रभारी-जिप्सम, बीकानेर से सम्पर्क कर सकते है।
राज.संवाद/सी/24/3047 उप महाप्रबन्धक (का.एवं प्रशा.)

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर**
क्रमांक :- LU2012/SGN/2024-25/101087 **लोक सूचना** दिनांक : 30.07.2024
सरावगी चैरिटेबल ट्रट जरिये चेयरमेन किशन चन्द अग्रवाल पुत्र श्री लक्ष्मण दास निवासी मकान नं. 146 जी ब्लॉक, श्रीगंगानगर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :-

| क्र.सं. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं./भूमि का विवरण | क्षेत्रफल (हैक्टेयर) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चक 5 ई छोटी तहसील व जिला श्रीगंगानगर | सरावगी चैरिटेबल ट्रट जरिये चेयरमेन किशन चन्द अग्रवाल पुत्र श्री लक्ष्मण दास | चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 02 के किला नं. 14 व 17 प्रत्येक में 0.2530 है. किला नं. 24 में 0.2270 है. यथाकुल 0.7330 हैक्टेयर | कुल 0.7330 हैक्टेयर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 30.07.2024 को जारी की गयी।
- प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर


# बिजली बिलों में स्थाई शुल्क की बढ़ोतरी का विरोध, आंदोलन की चेतावनी

**बीकानेर,** (कासं)। राज्य सरकार द्वारा बिजली बिलों में स्थाई शुल्क की बढ़ोतरी के खिलाफ और वाल्मीकि समाज को सफाई कर्मियों की भर्ती में प्राथमिकता देने की मांग का मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा

संगठन महासचिव नितिन वत्सस ने कहा कि जिस तरह महंगाई बढ़ रही है। उस परिस्थिति में राहत देने की बजाय सरकार ने आम आदमी की पीठ में छुरा घोंपने का कार्य किया है। जिसे बीकानेर जिला कांग्रेस बर्दाश्त नहीं करेगी। इसके साथ ही सफाई कर्मचारियों की भर्ती में वाल्मीकि समाज को प्राथमिकता देने की मांग भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से की गई है। संगठन महासचिव नितिन वत्सस ने कहा कि अगर बढ़ी हुई दर वापस ना ली गई तो जिला कांग्रेस अध्यक्ष यशपाल गहलोत के नेतृत्व में सड़कों पर आंदोलन करेगी। प्रदेश महासचिव जिया उर रहमान आरिफ ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने बिजली बिलों में राहत देते हुए फ्री बिजली देने का कार्य किया। जिससे आम उपभोक्ता को राहत मिली लेकिन भाजपा आम आदमी को राहत देना नहीं चाहती।

प्रदेश महासचिव गजेन्द्र सिंह सांखला ने कहा कि भाजपा शुरू से ही आमजन की विरोधी रही है लेकिन जिला कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी। कांग्रेस आम आदमी के हक हकूक के लिए पहले भी संघर्ष करती रहीं है आगे भी करती रहेगी। प्रवक्ता अनिल सारडा ने बताया कि शिष्टमंडल में ब्लॉक अध्यक्ष सुमित कोचर, ब्लॉक अध्यक्ष जाकिर नागौरी, ब्लॉक अध्यक्ष शहजाद भुट्टा, पूर्व प्रदेश सचिव सलीम भाटी, युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष अरूण व्यास, जिला कांग्रेस महासचिव रवि पुरोहित, मनोज किराडू शामिल थे।



बिजली बिलों की बढ़ोतरी के विरोध में कांग्रेसजनों ने मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन अतिरिक्त जिला कलेक्टर को सौंपा।

- बढ़ी हुई दर वापस नहीं ली गई तो जिला कांग्रेस अध्यक्ष यशपाल गहलोत के नेतृत्व में सड़कों पर आंदोलन करेगी

## खालों के जीर्णोद्धार के लिए 100 करोड़ मंजूर

**बीकानेर,** (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वित्त एवं विनियोग विधेयक पर चर्चा करते हुए खाजूवाला विधानसभा क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं की।

विधायक डॉ. विश्वनाथ मेघवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री ने पूगल में ऊर्जा विभाग का नया सहायक अभियंता कार्यालय खोलने की घोषणा की। इससे पूगल क्षेत्र के हजारों विद्युत उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। सहायक अभियंता कार्यालय स्तर के कार्यों के लिए उपभोक्ताओं को कहीं जाना नहीं पड़ेगा। डॉ. मेघवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा अनूपगढ़ शाखा प्रणाली (खाजूवाला) के शेष क्षतिग्रस्त खालों के लिए 100 करोड़ रूपए स्वीकृत किए। यह क्षेत्र के लिए अंतिम छोर तक बैठे काश्तकारों के फायदेमंद साबित होगा। उन्होंने इनके लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया हैं।


**प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगरपरिषद, हनुमानगढ़ (राजस्थान)**
क्रमांक-5942 **लोक सूचना** दिनांक- 30/07/2024
श्री सुरेन्द्र कुमार पुत्र श्री साहबराम, श्री अमरदीप पुत्र श्री साहबराम व श्रीमती तुलसी देवी उर्फ तुलछी देवी पत्नी श्री साहबराम, श्री हंसराज पुत्र श्री साहबराम जरिये मु0आम श्री दीपक सिंगला पुत्र श्री रमेश सिंगला जाति अग्रवाल निवासी श्रीगंगानगर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक परियोजना के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् -

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम/चक नं. | खसरा संख्या/ पत्थर नं. | किला नं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| हनुमानगढ़ | चक 16 एचएमएच | 137/284 (44) | 01ता 02 प्रत्येक 0.253 है., 03ता 04 प्रत्येक 0.1687 है., 05/0.1686 है., 09ता 10 प्रत्येक 0.253 है, | 1.518 हैक्टेयर यानि 15175.45 वर्गमीटर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारो के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 30/07/2024 को जारी की गयी।
- प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN
Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2024/3775 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 26.07.2024
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री पवन कुमार, अमित कुमार बतरा, गगन कुमार एवं श्री मंगत राम पिसरान श्री पुरूषोतम दास बतरा निवासी म.नं. 454 अशोक नगर बी, श्रीगंगानगर द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण | | |
|---|---|---|---|---|
| भूखण्ड का विवरण | मूल भूखण्डधारी | मृत्यु प्रमाण पत्र एवं विवरण | जायज वारिसों का विवरण | दस्तावेज का विवरण |
| चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 6/7 के किला सं. 2 में माप 12X45 फीट भूखंड सं. ए-36 ए पार्ट अशोक नगर-बी, श्रीगंगानगर | नियमन पट्टा सं. 126 दिनांक 16.04.2013 को श्रीमती शांति देवी पत्नी श्री पुरूषोतम दास के नाम से जारी किया हुआ है। वर्तमान में भूखंड इन्हीं के नाम से दर्ज है। | श्रीमती शांति देवी की मृत्यु दिनांक 18.7.2023 को हो चुकी है। | 1. मंगत राम- पुत्र 2. अमित कुमार बतरा- पुत्र 3. पवन कुमार- पुत्र 4. गगन कुमार- पुत्र | श्रीमती शांति देवी की मृत्यु उपरांत इनके वारिसों द्वारा वसीयतनामा एवं सदस्य प्रमाण पत्र की प्रति प्रस्तुत कर भूखंड के नामांतरण बाबत न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्री पवन कुमार, अमित कुमार बतरा, गगन कुमार एवं श्री मंगत राम पिसरान श्री पुरूषोतम दास बतरा निवासी म.नं. 454 अशोक नगर बी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यायल समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा।
आवेदन सं. :- SGNR/FY24-25/MUT/473 सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

# थानेदारों से मंथली वसूली प्रकरण में तत्कालीन एस.पी. सहित 14 पुलिस अधिकारी बरी

## तत्कालीन एसपी राजेश मीणा ने कहा ''सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं''

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर भ्रष्टाचार निरोधक की डेजिग्नेटेड कोर्ट ने मंगलवार को अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने अजमेर के बहुचर्चित थानेदारों से मंथली प्रकरण मामले में तत्कालीन एसपी राजेश मीणा, एएसपी लोकेश सोनवाल, नौ सीआई, दो एसइआई सहित दो अन्य आरोपियों को बरी कर दिया। अभियोजन पक्ष की ओर से 90 गवाह और 330 दस्तावेज पेश किए गए।

एडवोकेट उमरदान लखावत ने बताया कि प्रकरण में 2 जनवरी 2013 को जयपुर एसीबी की टीम ने मुखबीर की सूचना पर मंथली प्रकरण में कार्यवाही करते हुए अजमेर के तत्कालीन एसपी राजेश मीणा और जोधपुर के दलाल रामदेव ठठेरा को दो लाख पांच हजार रुपए सहित गिरफ्तार किया था। मामले में एसीबी ने तत्कालीन सीआई खान मोहम्मद, प्रमोद स्वामी, अशोक विश्नोई, संजय शर्मा, रविन्द्र यादव, हनुमान सिंह राठौड़, जयपाल सिंह, सुनील विश्नोई, खुशाल चौरड़िया, गोपाल लाल, बंशीलाल और कारोबारी हेमंत जैन को भी आरोपी बनाया गया था। सभी को गिरफ्तार करने के बाद वे जमानत पर



बरी होने के बाद सभी पुलिस अधिकारियों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा करवाया।

चल रहे थे। बचाव पक्ष की बहस पूरी होने के बाद अदालत ने फैसला 30 जुलाई के लिए सुरक्षित रखा था। मंगलवार को अदालत ने निर्णय सुनाते हुए सभी आरोपियों को बरी करने के आदेश दिए। निर्णय से पहले सभी आरोपी कोर्ट परिसर में मौजूद रहे।

**पहले से तैयार किया था क्राइम सीन :-** आरोपियों के वकील उमरदान लखावत ने बताया कि टाडा एसीबी कोर्ट ने आदेश देते हुए सभी आरोपियों को दोष मुक्त किया है। उन्होंने कहा कि अदालत में एसीबी ने जो बनावटी दस्तावेज व गवाह पेश किए वो न्यायालय में किसी भी रूप में विधिक रूप नहीं ले सके। पुख्ता सबूत नहीं होने की वजह से एसीबी आरोप सिद्ध नहीं कर पाई। एसीबी ने गलत तथ्यों के आधार पर कार्यवाही की थी। कोर्ट ने सभी आरोपियों को बरी कर दिया है। आरोपियों के वकीलों का कहना था कि पहले से तैयार किया क्राइम सीन था। तो वहीं जानकार सूत्रों का कहना है कि साल 2008 से 2013 तक कांग्रेस की सरकार थी और इस दौरान एसीबी ने करीब 11 मुकदमे दर्ज किए, जिसमें 60 प्रतिशत एससी/ एसटी के अधिकारियों को अधिकतर टारगेट किया गया था।

- तत्कालीन एसपी राजेश मीणा, एएसपी लोकेश सोनवाल, नौ सीआई, दो एसइआई सहित दो अन्य आरोपियों को बरी किया
- अभियोजन पक्ष की ओर से कोर्ट में 90 गवाह और 330 दस्तावेज पेश किए गए
- अजमेर भ्रष्टाचार निरोधक की डेजिग्नेटेड कोर्ट ने अहम फैसला सुनाया है

**न्याय पर था पूरा भरोसा, लेकिन 12 साल लगे :-** अजमेर के तत्कालीन एसपी राजेश मीणा ने अदालत के फैसले से खुशी जाहिर करते हुए कहा कि लंबे समय से कैस चल रहा था। मीणा ने कहा कि उन्हें न्यायालय पर पूरा भरोसा था, उन्हें न्याय मिलेगा। मीणा ने कहा कि गलत तथ्य के आधार पर बनावटी, मिथ्या और साक्ष्यविहीन केस दर्ज किया था। इस लंबी अवधि में जो मानसिक पीड़ा हुई उसे बयान नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं।

एडिशनल एसपी लोकेशन सोनवाल ने कहा कि 11 साल 7 माह पुराना यह कोई सामान्य मुकदमा नहीं, बल्कि जातीय वैमनस्यता का मुकदमा है। यह संविधान की ताकत है कि न्यायालय से उन्हें न्याय मिला है। वहीं दूसरी ओर सोनवाल ने कहा कि साढे 11 साल तक हमने झूठे मुकदमे का दंश झेला और इस मान सम्मान व प्रतिष्ठा तो धूमिल हुई और हमारी पदोन्नति रूकी आखिर इसका जिम्मेदार कौन है। आरोपियों की ओर से अदालत में पैरवी एडवोकेट अनिल नाग, अनिल सक्सेना, प्रणवसोम सक्सेना, अशोक बाटेड़, उमरदान लखावत, राकेश ठाड़ा व मनीष तंवर ने की।

# मूसलाधार बारिश से करौली शहर तरबतर



करौली में मूसलाधार बारिश से शहर की सड़कों पर पानी भर गया।

**करौली,** (निसं)। करौली जिला मुख्यालय पर बीते कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी और उमस के बीच मंगलवार को एक घंटे हुई झमाझम बारिश से मौसम सुहावना हो गया। इधर बारिश के चलते हाईवे की सड़क पर पानी भर जाने के कारण वाहन चालकों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। वहीं विद्यालयों की छुट्टी होने के कारण छोटे-छोटे बच्चों को घरों तक पहुंचने में भारी कष्ट सहना पड़ा।

इन दिनों सावन का महीना चल रहा है और दूसरा सोमवार भी बीत गया, मगर बारिश नहीं होने के कारण तेज गर्मी और उमस से लोग बेहाल हो गए थे। कभी घने काले बादल छाए तो कभी तेज धूप ने लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया लेकिन मंगलवार को प्रातः से ही तेज उमस के बीच कई बार बारिश आने की संभावना बनी लेकिन दोपहर तक वर्षा नहीं होने के कारण लोग भीषण गर्मी से जूझते नजर आए। शाम को अचानक मौसम ने पलटा खाया और रिमझिम बारिश के साथ तेज मूसलाधार बारिश के बीच आकाशीय गर्जना और बिजली कड़कने से करीब एक घंटे तक झमाझम बारिश से शहर पानी से तरबतर हो गया। बरसात से शहर के बाजारों, कॉलोनी और हाईवे की सड़कें दरिया में तब्दील हो गई।

इस दौरान दो पहिया वाहन चालकों को एवं पैदल राहगीरों को निकलने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा बीते कई दिनों से नगर परिषद कि चल रही सफाई कर्मियों कि हड़ताल के कारण नालियां कीचड़ से ओवरफ्लो हो चुकी थी लेकिन जैसे ही बारिश शुरू हुई दुकानदारों ने अपनी अपनी दुकानों के नीचे नालियों में लगे पत्थरों को हटाकर डंडों से साफ करते हुए सारा कीचड़ पानी में बहा दिया।

करौली जिला मुख्यालय पर हुई बारिश के बाद पांचना बांध में भी पानी की आवक हुई है सिंचाई विभाग के अधिकारी पांचना बांध के बढ़ते पानी पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। वर्तमान स्थिति में पांचना बांध में 257.50 एमएम गेज रिकॉर्ड दर्ज किया गया है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जैसे ही पांचना बांध का जलस्तर 258 मीटर पर पहुंच जाएगा। वैसे ही पांचना बांध से गेट खोलकर पानी की निकासी शुरू कर दी जाएगी।

# अंतिम संस्कार में जा रहे दो युवकों को टैंकर ने कुचला, दोनों की मौत



परिजनों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर बेरीकेटिंग लगाने व मुआवजा देने की मांग की।

**धौलपुर,** (निसं)। धौलपुर शहर में आगरा-मुंबई राष्ट्रीय मार्ग संख्या-44 पर सागरपाड़ा चेक पोस्ट के पास सोमवार रात करीब दस बजे दूध से भरे टैंकर ने दो युवकों को कुचल दिया, जिससे दोनों की दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि आगे जा रही गाड़ी को बचाने के चक्कर में चालक से टैंकर अनियंत्रित हो गया था, जो दोनों युवकों को रौंदते हुए मकान में घुस गया, जिससे दो मकानों व दो दुकानों में नुकसान हुआ है।

हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने परिवहन विभाग की अस्थाई चेक पोस्ट में आग लगा दी तथा हाइवे से गुजर रहे वाहनों में तोड़फोड़ कर दी। इसके बाद हाईवे पर जाम लगा दिया, जो एक घंटे से भी अधिक समय तक लगा रहा। घटना की सूचना मिलते ही धौलपुर एसपी सुमित मेहरड़ा, सीओ सिटी और शहर के तीनों थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई, जहां प्रदर्शनकारियों से समझाइश कर मामले को शांत कराया और दोनों युवकों के शवों को जिला अस्पताल धौलपुर की मोर्चरी में रखवाया गया। इसके बाद पुलिस ने एक घंटे से भी अधिक समय से लगे जाम को कड़ी मशक्कत के बाद खुलवाया। जाम लगने से वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

- घाटना से आक्रोशित लोगों ने अस्थायी चेक पोस्ट में आग लगाई, वाहनों में तोड़फोड़ कर हाईवे जाम किया
- पुलिस ने दूध के टैंकर को जब्त करते हुए चालक को गिरफ्तार कर लिया

जानकारी के मुताबिक घटना में युवक नैनू पुत्र नत्थी कोली निवासी सागरपाड़ा धौलपुर एवं उसके दोस्त जगदीश पुत्र हुकुम सिंह निवासी कोली सागरपाड़ा धौलपुर की मौत हुई है। दोनों मृतकों की उम्र 22 से 25 वर्ष है। बताया जा रहा है कि मृतक युवक नैनू की परिवार की चाची का निधन हो गया था, जिसके अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए दोनों युवक जा रहे थे। तभी आगरा की ओर से आए दूध से भरे टैंकर ने दोनों को कुचल कर मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद टैंकर अनियंत्रित होकर हाइवे किनारे बने मकान में घुस गया। जिससे यूनुस खान व बबलू के मकान तथा फारूक व हाकिम की दुकान में नुकसान हुआ है। साथ ही जुगनू को हल्की चोटें आई हैं। वहीं पुलिस ने दूध के टैंकर को जब्त करते हुए चालक को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही आज मंगलवार सुबह जिला अस्पताल में दोनों मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिए हैं। जानकारी के अनुसार मृतक नैनू की सगाई हो चुकी थी, जिसकी नवंबर में शादी होनी थी। मृतक जगदीश भी अविवाहित था। चालक से की गई पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि वह आगरा से दूध लेकर ग्वालियर की ओर जा रहा था। रास्ते में सागरपाड़ा के पास सामने जा रही गाड़ी को बचाने के चक्कर में टैंकर अनियंत्रित हो गया। टैंकर में दूध भरा होने की वजह से टैंकर अनियंत्रित हुआ।

पुलिस ने बताया कि मृतक के परिजनों ने टैंकर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। हादसे के बाद हाइवे जाम कर प्रदर्शन कर रहे लोगों ने घटना के लिए एनएचएआई को जिम्मेदार ठहराया और बैरिकेडिंग की मांग की। दोनों मृतकों के परिजनों ने घटना के लिए एनएचएआई को जिम्मेदार ठहराते हुए बैरिकेडिंग लगाने तथा मुआवजा देने की मांग की है। सोमवार रात हुई दर्दनाक सड़क दुर्घटना के बाद आज मंगलवार को मृतकों के परिजन जिला कलेक्ट्रेट धौलपुर पहुंचे। जहां जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी को ज्ञापन दिया। जिसमें घटना के लिए एनएचएआई की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराते हुए बेरीकेटिंग लगाने की मांग की। साथ ही मृतकों के परिजनों को मुआवजा देने की मांग की।

# ट्रेनों में यात्रियों का सामान चुराने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**अजमेर,** (कासं)। यात्री ट्रेनों के एसपी कोच में यात्रियों का सामान चोरी की शिकायतों पर पुलिस मुख्यालय के दिशा निर्देशा पर जीआरपी द्वार चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। मामले का खुलासा मंगलवार को अजमेर जीआरपी सीओ राम अवतार ने किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से तीन लैपटॉप, लेडीज पर्स, नगदी सहित सोने-चांदी के जेवरात, इलेक्ट्रॉनिक सामान बरामद किए हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने करीब 10 से वारदाते करना कबूल की है। पुलिस मामले में पूछताछ में जुटी है।

मामले का खुलासा करते हुए जीआरपी सीओ रामअवतार ने मंगलवार को प्रेसवार्ता में बताया कि पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों में यात्रियों का सामान



जीआरपी के सीओ रामअवतार ने मामले का खुलासा किया।

चोरी करने वाले बदमाशों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया गया है। अभियान के तहत जीआरपी थाने पर एक टीम का गठन कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। जुलाई 2024 में जयपुर निवासी योगेंद्र मेहरा ने थाने पर मुकदमा दर्ज करवाया गया, जिसमें पीड़ित ने ट्रेन से सामान चोरी होने की शिकायत दी थी। मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही थी।

- पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने करीब 10 वारदातें करना कबूल की है

सीओ रामअवतार ने बताया कि पुलिस टीम ने रेलवे स्टेशन, शहर के अलग-अलग स्थानों पर लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला और आरोपियों को चिह्नित कर टीम ने कार्रवाई करते हुए गांव आखिरी निवासी मुकेश सिंह रावत पुत्र मदन सिंह सहित मुहामी गांव निवासी पिंटू गुर्जर पुत्र सूरजमल गुर्जर को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की। पुलिस पूछताछ में दोनों आरोपियों ने चोरी की वारदातें करना कबूल किया है, दोनों आरोपी चोरी की अब तक करीब 10 वारदात अंजाम दे चुके हैं।

# हादसे में दादा व पोते की मौत

**खेतड़ी,** (निसं)। सिंघाना थाना क्षेत्र के घरडाना में मंगलवार सुबह सवारियां लेकर जा रही बस ने बाइक को टक्कर मार दी। सड़क हादसे में दादा और पोते की मौत हो गई, जबकि पोती की हालत गंभीर बनी हुई है, जिसे चिड़ावा ले जाया गया है।

जानकारी के अनुसार रायपुर जाटान निवासी हवलदार सत्यवीर पुत्र शोभ सिंह अपने पोती शिक्षा (10) व पोते प्रवेश (6) को सुबह रायपुर जाटान के निजी विद्यालय में बाइक से छोड़ने जा रहे थे। जब वह घरड़ाना के पास पहुंचे तो सामने से आ रही एक निजी बस ने अनियंत्रित होकर उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस दौरान बाइक पर सवार तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल बच्ची शिक्षा को चिड़ावा के सरकारी अस्पताल में ले जाया गया, वहीं हवलदार सत्यवीर सिंह व प्रवेश को सिंघाना के राजकीय अस्पताल में लाया गया। हादसे में हवलदार सत्यवीर व उसके पोते प्रवेश को तुरंत 108 एंबुलेंस के द्वारा सिंघाना के राजकीय अस्पताल में पहुंचाया गया, जहां



हादसे की सूचना पर अस्पताल में पहुंची पुलिस ने जानकारी ली।

चिकित्सकों की टीम ने दादा व पोते को मृत घोषित कर दिया।

घटना के दौरान आसपास के ग्रामीण एकत्रित हो गए। ग्रामीणों ने बताया कि जसरापुर से चिड़ावा के लिए एक निजी बस आ रही थी। हवलदार सत्यवीर अपने पोते व पोती को स्कूल छोड़ने के लिए बाइक पर जा रहे थे। अचानक बस अनियंत्रित होकर बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बड़ा हादसा हो गया। मृतक प्रवेश कक्षा यूकेजी में अध्यनरत है तथा शिक्षा प्रवेश की बड़ी बहन है जो चौथी कक्षा में निजी विद्यालय में अध्यनरत है। दोनों बच्चों के पिता संजीव कुमार बीएसएफ में इन दिनों वह आईबी दिल्ली में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। मृतक सत्यवीर सिंह भी भारतीय सेना में कार्यरत थे जो वर्ष 1998 के मध्य प्रदेश के सागर से महार रेजीमेंट से रिटायर्ड हुए थे।

हादसे के की सूचना पर पूरे गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। अस्पताल प्रभारी डॉ. धर्मेंद्र सैनी ने बताया कि सड़क हादसे में एक बुजुर्ग व एक बच्चे की मौत हो गई है। परिजनों के आने के बाद दोनों का पोस्टमार्टम किया जाएगा। हादसे की सूचना पर सिंघाना थाने के एएसआई धूड़सिंह मय पुलिस जाब्ते के अस्पताल में पहुंचे तथा घटना की जानकारी जुटाई।

- पोती की हालत गंभीर, बच्चों को स्कूल ले जाते समय हादसा हुआ
- सवारियां लेकर जा रही बस ने बाइक को टक्कर मार दी

# प्रविष्टियों में संशोधन का अवसर दिया

**अजमेर,** (निसं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक आचार्य (संस्कृत शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2024 का आयोजन 8 सितंबर से 15 सितंबर 2024 तक किया जाना प्रस्तावित है। आयोग द्वारा अभ्यर्थियों को इस परीक्षा के लिए जारी विज्ञापन में उल्लेखित शर्तो अनुसार 1 अगस्त से 10 अगस्त 2024 तक अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, फोटो, जन्म तिथि व जेंडर के अतिरिक्त अन्य संशोधन ऑनलाइन करने का अवसर दिया जा रहा है। उक्त भर्ती के तहत कुल 15 विषयों हेतु सहायक आचार्य के 200 पदों के लिए विज्ञापन 12 जनवरी 2024 को जारी किया गया था।

# जोधपुर जेल की छत पर मोबाइल मिला

**जोधपुर,** (कासं)। प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को दौसा जेल से जान की धमकी मिलने के बाद प्रदेश के जेलों में सर्च अभियान चलाया गया है। जोधपुर केंद्रीय कारागार में भी सर्च अभियान चलाया गया। तलाशी में जेल की छत पर एक मोबाइल बरामद हुआ, जिसे कब्जे में लेकर अज्ञात शख्स के खिलाफ केस दर्ज करवाया गया है। जेल उपाधीक्षक की तरफ से रिपोर्ट दी गई है।

जेल उपाधीक्षक सौरभ स्वामी के अनुसार केंद्रीय कारागार में अवांछनीय सामग्री की तलाश के लिए जेल में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। तब वार्ड संख्या 10 के बैरक संख्या 2 की छत पर तलाशी में एक मोबाइल बरामद हुआ। मोबाइल कब और किसने डाला इसका पता नहीं लगा है। अज्ञात शख्स के खिलाफ रातानाडा थाने में रिपोर्ट दी गई है। जानकारी के अनुसार प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को दौसा की एक जेल से कैदी ने मोबाइल पर जान की धमकी दी थी। जिसके बाद प्रदेश के जेलों में सर्च चलाया गया है। जोधपुर जेल में भी मोबाइल बरामद हुआ।

# पुष्कर सरोवर में मर रही मछलियों को लेकर पुरोहितों में आक्रोश

**पुष्कर,** (निसं)। पुष्कर सरोवर में मर रही मछलियों के लिए पुरोहितों ब्रह्मा मंदिर के बाहर धरना प्रदर्शन किया। गत एक माह से पवित्र पुष्कर सरोवर में लगातार जल जीव और मछलियों के मरने सिलसिला जारी रहने की वजह से ओर कोई ठोस उपाय जिला प्रशासन स्थानीय प्रशासन के द्वारा नहीं करने के कारण मंगलवार को तीर्थ पुरोहितों का गुस्सा फूट पड़ा। तीर्थ पुरोहित संघ ट्रस्ट के नेतृत्व में सैकड़ों तीर्थ पुरोहित ब्रह्मा मंदिर पहुंचकर धरने पर बैठ गए।

ट्रस्ट के कार्यवाहक अध्यक्ष पुष्कर नारायण पाराशर, संजय पाराशर, गोविंद पाराशर, सामाजिक कार्यकर्ता अरुण पाराशर, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश पाराशर, बेजनाथ पाराशर, आशीष पाराशर, कौशल मुखिया सहित करीब दो ढाई सौ तीर्थ पुरोहित धरने पर बैठे गए। इस दौरान पुरोहितों ने प्रशासन को खूब कोसा और जमकर नारेबाजी की। पुष्कर के एसडीएम निखिल पोद्दार



तीर्थ पुरोहित संघ ट्रस्ट के नेतृत्व में सैकड़ों तीर्थ पुरोहित ब्रह्मा मंदिर पहुंचे और धरना दिया।

एवं तहसीलदार तथा पुष्कर थाना अधिकारी राकेश यादव ने समझाइश की लेकिन तीर्थ पुरोहित तीर्थ की दुर्दशा को सुधारने के लिये मौके पर कलेक्टर को बुलाने की बात कहते रहे। देर शाम तक जिला कलेक्टर के नहीं आने से पुरोहित नाराज नजर आए और कलक्टर के खिलाफ नारे बाजी करते रहे। अभी तक रणनीति बनी है उसके अनुसार बुधवार से अनिश्चितकालीन के लिए बाजार बंद करने की चेतावनी दी है।

- एक माह से पुष्कर सरोवर में जल जीव और मछलियों के मरने का सिलसिला जारी

जानकारी के अनुसार इस समस्या को लेकर जिला प्रशासन के खिलाफ जबर्दस्त आक्रोश उत्पन हो रखा है। तीर्थ पुरोहितों ने पूजा अर्चना छोड़कर तीन घंटे से बैठे हे पुरोहित धरना प्रदर्शन किया। ब्रह्मा मंदिर के दर्शन बन्द होने से श्रद्धालु नीचे से ही दर्शन करके निकल रहे थे। मंगलवार को कर्मचारियों की भी हड़ताल होने की वजह से सफाई भी नहीं हुई। पूरे दिन तीर्थ पुरोहित घाटों पर सफाई करते रहे और मृत मछलियों को सरोवर से निकालते नजर आए।


**महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर**

**निविदा सूचना संख्या - 04/2024-25**

विश्वविद्यालय द्वारा जारी ई-निविदा सूचना क्रमांक 5587 दिनांक 26/07/2024 के तहत निर्माण कार्यों हेतु निविदा जारी की गई है, जिसका NIB Code GSU2425A0009 एवं UBN क्रमशः GSU2425WSOB00010, GSU2425WSOB00011 एवं GSU2425WSOB00012 है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल **http://eproc.rajasthan.gov.in** एवं स्टेट पोर्टल **http://sppp.rajasthan.gov.in** पर उपलब्ध है।

राज.संवाद/सी/24/3053 सम्पदा अधिकारी

**राजस्थान स्टेट माईन्स एण्ड मिनरल्स लिमिटेड**

(राजस्थान सरकार का उपक्रम) एसबीयू एण्ड पीसी-लाईमस्टोन, 8, वेस्ट पटेल नगर, सर्किट हाउस रोड, जोधपुर- 342001 (राज.)

फोन नम्बर: (0291) 2511031 / 2516199 फैक्स: (0291) 2511029, Email-jodhpur.rsmml@rajasthan.gov.in

**ई-निविदा सूचना** दिनांक :- 29/07/2024

| निविदा संख्या एवं दिनांक | कार्य का विवरण |
|---|---|
| आर.एस.एम.एम./एसबीयू एण्ड पीसी-एल.एस/ जीजीएम-एलएस/ संविदा- 08/2024-25 दिनांक :- 26.07.2024 UBN No. MML2425SLOB00087 | कम्पनी की गोटन चूना पत्थर ईकाइ, कार्यालय, जिला नागौर पर अवैध खनन् रोकथाम हेतु चार महेन्द्रा जीप (7-सीटर कवर्ड एसी डीजल टैक्सी परमिट) मॉडल वर्ष 2018 या उसके बाद की 24 घण्टे प्रतिदिन कार्य हेतु (3000 किमी प्रति जीप प्रति माह चलाने हेतु)। चारो वाहनों की सम्मिलित कुल मासिक न्यूनतम निर्धारित किलोमीटर 12000 किलोमीटर प्रति माह अनुमानित मूल्य (रू.) 16.00 लाख, धरोहर राशि (रू. - 32000/-, निविदा राशि - 1180/- |

उपरोक्त निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए हमारी वेबसाईट **www.rsmm.com** अथवा **www.sppp.rajasthan.gov.in** अथवा प्रबन्धक (अनुबन्ध) से उपरोक्त पते पर सम्पर्क करें।

राज.संवाद/सी/24/3045 उप महाप्रबन्धक (का.एवं प्रशा.)

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता एवं परियोजना प्रबंधक वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर जिला परिषद जालोर**

क्रमांक-एफ()/निविदा/MJSA-2.0/2024-25/510 दिनांक-19.7.2024

**NOTCE INVITING BID**

**NIT NO 04-06/2024-25**

Bids for NRM Works (Farm Pond, Rooftop Tanka, Anicut, Mini Pracosetion Tank, Procosetion Tank, Amrit Sarovar, Sun Serfairs Berirair and CCT) Under MJSA-2 project area in Bolck Bhinmal, Samau and Ahore (01 Pacage) of estimated Value INR 462.36 Lacs are invited from interested bidders Up to 5.00 PM 06.08.2024, Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https//eproc.rajasthan.gov.in or https://Sppp.rajasthan.gov.in/) of the state.

| NIT No. | Block Name | Amount (Lacs) | NIB NO. | UBN No. |
|---|---|---|---|---|
| NIT No. 04 | Bhinmal | 194.41 | WSC2425A0143 | WSC2425WSRC00225 |
| NIT No. 05 | Samau | 90.48 | WSC2425A0143 | WSC2425WSRC00226 |
| NIT No. 06 | Ahore | 177.47 | WSC2425A0143 | WSC2425WSRC00227 |
| Total | | 462.36 | | |

(Arun Kumar Ameta)
SE & PMWCDC, ZILA PARISHAD JALORE, DDO CODE NO. 28606

DIPR/C/6839/2024

# ''धारीवाल सदन में तो आएंगे, लेकिन अगले 2 दिन सदन की कार्यवाही में भाग लेने पर रोक रहेगी''

## विधानसभा में सभापति को अमर्यादित शब्द कहने पर शांति धारीवाल को स्पीकर देवनानी ने सजा सुनाई

-विधानसभा संवाददाता-

**जयपुर**। कांग्रेस विधायक शांति धारीवाल द्वारा बीते दिनों विधानसभा में सभापति संदीप शर्मा को अमर्यादित शब्द कहने का मामला आज फिर सदन में गूंजा। निंबाहेड़ा विधायक श्रीचंद कृपलानी ने शून्यकाल के बाद यह मुद्दा उठाया। इसके बाद शांति धारीवाल ने अपने शब्दों पर खेद जताते हुए माफी मांगी। इसके बाद स्पीकर प्रो. वासुदेव देवनानी ने कहा कि शांति धारीवाल सदन में आएंगे, लेकिन अगले 2 दिन सदन की कार्यवाही में भाग लेने पर रोक रहेगी। स्पीकर ने धारीवाल से कहा ''जिस तरह का आचरण था, उसके मुताबिक तो 4 साल तक सदन के सदस्य रहने का हक नहीं था। आपके दल के सदस्यों के आग्रह और माफी के बाद मैंने मात्र 2 दिन तक आपको सदन की कार्यवाही में भाग लेने से रोकने का फैसला लिया है।''

देवनानी ने नए विधायकों को भी चेताते हुए कहा कि ''यह सदन है, इसकी गरिमा बनाएं रखें। यह ना तो कोई यूनिवर्सिटी का गेट है और ना ही हॉस्टल, ना ही कोई वी.सी. का चैंबर, यहां अमर्यादित आचरण बर्दाश्त नहीं करूंगा।''

- **विधानसभाध्यक्ष ने कहा ''इनका आचरण 4 साल तक सदन का सदस्य नहीं रहने जैसा था, लेकिन विपक्ष के आग्रह और धारीवाल द्वारा माफी मांगने के बाद मैंने फैसला बदला है।''**
- **देवनानी ने नए विधायकों को भी चेताते हुए कहा ''यह सदन है, इसकी गरिमा बनाएं रखें। यह ना तो कोई यूनिवर्सिटी का गेट है और ना ही हॉस्टल, ना ही कोई वी.सी. का चैंबर, यहां अमर्यादित आचरण बर्दाश्त नहीं करूंगा।''**
- **कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा व नेता प्रतिपक्ष जूली ने भी सदन में कहा कि, ''धारीवाल ने गलत शब्द बोले हैं तो इनको जायज नहीं ठहराया जा सकता, लेकिन इनके द्वारा खेद प्रकट करने पर माफ कर दिया जाना चाहिए।''**
- **चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने धारीवाल पर चुटकी लेते हुए कहा, ''उम्र के असर से दिमाग और शरीर का लीकेज होता है।''**
- **संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि, ''धारीवाल, पहले भी राजस्थान को मर्दों का प्रदेश बताने जैसा विवादित बयान दे चुके हैं। इस विषय को हंसी-मजाक में नहीं लेना चाहिए। धारीवाल अनावश्यक शब्दावली का प्रयोग करते हैं, इन पर सख्त एक्शन होना चाहिए।''**

दरअसल सदन में श्रीचंद कृपलानी ने अमर्यादित शब्द कहने पर शांति धारीवाल के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई। इस पर कांग्रेस विधायक राजेंद्र पारीक ने कहा कि शांति धारीवाल को उस दिन खांसी थी। उनकी जुबान फिसल गई थी। सदन की कार्यवाही से वो शब्द विलोपित कर दिए गए थे। मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने कहा कि उम्र के असर से दिमाग और शरीर का लीकेज होता है। कांग्रेस के गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा, शांति धारीवाल 5 बार के विधायक हैं, वे बड़े पदों पर रहे हैं। उस दिन सभापति ने इनको 19 साल का बता दिया था, तो इनका दिमाग 19 साल के व्यक्ति की तरह चलने लगा। डोटासरा ने कहा कि हम सदन में मौजूद थे और अगर गलत शब्द बोले गए हैं तो हम इसका समर्थन नहीं करते। यही बात नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भी दोहराई। उनकी इस बात पर मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने आपत्ति जताते हुए कहा कि, 19 साल की उम्र बताकर अमर्यादित शब्दों के प्रयोग करने का क्या कुतर्क दिया जा रहा है।

इस दौरान संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने नियमों का हवाला देते हुए कहा कि सदन में अपना वक्तव्य देने के संबंध में नियम 272 में बोलने के बारे में प्रावधान है। आपत्तिजनक शब्दावली के इस्तेमाल पर रोक है। इसके तहत शांति धारीवाल का यह आचरण निंदनीय है और क्षमा योग्य नहीं है। शांति धारीवाल, पहले भी राजस्थान को मर्दों का प्रदेश बताने जैसा विवादित बयान दे चुके हैं। इस विषय को हंसी-मजाक में नहीं लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि धारीवाल अनावश्यक शब्दावली का प्रयोग करते हैं, इन पर सख्त एक्शन होना चाहिए।

अपना पक्ष रखते हुए शांति धारीवाल ने कहा कि विधायक संदीप शर्मा से उनके व्यक्तिगत रिश्ते हैं। उस दिन जब वे सदन में बोल रहे थे, तो उन्हें सभापति के पद पर आसीन संदीप शर्मा ने बोलने से रोका। इस पर उनके मुंह से अनायास ही वो शब्द निकल गए। अगर उन्हें इससे ठेस लगी, तो वे उनसे माफी मांगते हैं।

धारीवाल ने कहा कि ''मैं 40 साल से जीतता आ रहा हूं, मैंने हमेशा इस आसन को सर्वोच्च मानकर ही चला हूं। मेरा आसन का अपमान करने का कोई इरादा नहीं हैं। संदीप शर्मा जब पहली बार सभापति की कुर्सी पर बैठे तो इस पूरे सदन में अकेला आदमी था, जिसने कहा था आज सबसे ज्यादा खुश हूं कि ये विराजमान है। जहां तक संदीप शर्मा की बात है तो वो मेरे बेटे के दोस्त है। हमेशा हंसी-मजाक चलती रहती है। जब भी मिलते हैं, हल्की फुल्की बातें करते हैं।''

इस पर स्पीकर प्रो. वासुदेव देवनानी ने जोर देकर कहा कि आपने सदन में जो बोला है। उसके लिए सदन से माफी मांगे। इसके बाद शांति धारीवाल ने खेद प्रकट करते हुए माफी मांगी। इसके बाद स्पीकर प्रो. वासुदेव देवनानी ने कहा कि शांति धारीवाल सदन में तो आएंगे, लेकिन अगले 2 दिन सदन की कार्यवाही में भाग लेने पर रोक रहेगी। स्पीकर ने धारीवाल से कहा ''जिस तरह का आचरण था, 4 साल तक सदन के सदस्य रहने का हक नहीं था। आपके दल के सदस्यों के आग्रह और माफी के बाद मैंने मात्र 2 दिन तक आपको सदन की कार्यवाही में भाग लेने से रोकने का फैसला लिया है।''

इसके बाद व्यवस्था देते हुए अध्यक्ष प्रो. देवनानी ने कहा, मुझे इस बात का दुख है कि वरिष्ठ सदस्य ने इस तरीके के शब्द बोले। यह सबके लिए, लोकतंत्र के लिए शर्मनाक है। इस घटना से राजस्थान विधानसभा की और प्रदेश की इज्जत दांव पर है। उसकी भरपाई माफी मांगने पर भी नहीं होगी। आज मेरी अंतिम चेतावनी है। इस तरीके के आचरण पर कठोरता कार्रवाई करने पर मजबूर हो जाऊंगा। फिर कभी भी माफी की बात नहीं सुनूंगा। इसी के साथ उन्होंने व्यवस्था दी कि धारीवाल अगले 2 दिन सदन में आ सकेंगे, लेकिन विधानसभा की कार्यवाही में शामिल नहीं हो पाएंगे।



भाजपा के नव नियुक्त प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भेंट की।

# ये किसी को ब्लैकमेल करने के लिये सवाल करते हैं : दिलावर

**जयपुर**, (वि.सं.)। विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान आज विधायक अर्जुन बामणिया ने पूछा था कि जिला परिषद बांसवाड़ा से पिछले दो साल में किन-किन पंचायत समितियों के कितने ग्राम विकास अधिकारियों और कनिष्ठ सहायकों के तबादले एक पंचायत समिति से दूसरी पंचायत समिति में किए गए?

स्पीकर ने जैसे ही पूरक सवाल के लिए विधायक को पुकारा तो बामणिया ने कहा कि जवाब से सुतुष्ट हूं, सवाल नहीं पूछना। इस पर पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि इनके संतुष्ट होने का कारण समझ लीजिए। ये किसी को ब्लैकमेल करने के लिए सवाल लगाते हैं।

इस पर संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने व्यवस्था का सवाल उठाते हुए कहा कि प्रश्न पूछना विधायक का अधिकार है, प्रश्न का जवाब देना मंत्री की जिम्मेदारी है। सवाल लगने के बाद वह विधानसभा की प्रॉपर्टी हो जाता है। विधायक सरकार से संतुष्ट है, यह अच्छी बात है, लेकिन जो सवाल लगा है उसका जवाब देना भी मंत्री का अधिकार है, उसे कम नहीं कर सकते।


मंत्री को जवाब देने का अवसर देना चाहिए। स्पीकर ने कहा कि सवाल सदन में आते ही जवाब रिकॉर्ड पर आ जाता है।

# बी-2 बाईपास चौराहे पर बने क्लोअर लीफ से आज से शुरू होगा आवागमन

**जयपुर** (कासं)। टोंक रोड पर बी-2 बाईपास चौराहे को ट्रेफिक-फ्री जंक्शन बनाने का काम जयपुर विकास प्राधिकरण ने पूरा कर लिया है। यहां बनाई गई क्लोअर लीफ पर 31 जुलाई से यातायात आवागमन शुरू कर दिया जायेगा, जिससे आमजन की राह सुगम होगी। इस प्रोजेक्ट पर जयपुर विकास प्राधिकरण ने 161 करोड़ रु. खर्च किए है।

जयपुर विकास आयुक्त मंजू राजपाल ने बताया कि बी-2 बाईपास जंक्शन को सिग्नल फ्री करने के बाद यहां से ट्रेफिक निर्बाध रूप से गुजरेगा। जवाहर सर्किल से मानसरोवर एवं मानसरोवर से जवाहर सर्किल की तरफ जाने वाला यातायात अण्डरपास का उपयोग करते हुए निर्बाध रूप से जा सकेगा। सांगानेर की ओर से आने वाला यातायात बांयी ओर मानसरोवर की तरफ और सीधा जयपुर शहर की तरफ जा सकेगा, इसके अतिरिक्त क्लोवर लीफ का उपयोग करते हुए जवाहर सर्किल एवं जगतपुरा की ओर जा सकेगा। दुर्गापुरा की ओर से आने वाला यातायात सीधा सांगानेर की तरफ जा सकेगा एवं मानसरोवर के लिए क्लोवर लीफ का उपयोग करते हुए जा सकेगा। मानसरोवर से आने वाला यातायात क्लोवर लीफ का उपयोग करते हुए सांगानेर की तरफ जा सकेगा।

- **इस चौराहे को ट्रेफिक-फ्री जंक्शन बनाने के लिए जे.डी.ए. ने 161 करोड़ रु. खर्च किए**



टोंक रोड पर बी-2 बाईपास चौराहे को ट्रेफिक-फ्री जंक्शन बनाने का काम जयपुर विकास प्राधिकरण ने पूरा कर लिया है। बुधवार को इस पर आवागमन शुरू हो जायेगा।

अण्डरपास का कार्य पूरा करके 15 मार्च को लोकार्पण किया जा चुका है। टोंक रोड पर पर रैम्प व डामरीकरण का कार्य भी 30 मई को पूरा करके यातायात शुरू करवा दिया गया था। टोंक रोड पर दो क्लोवर लीफ का कार्य पूरा करने केबाद 31 जुलाई से से यातायात प्रारम्भ किया जाना है।

उल्लेखनीय है कि बी-2 बाईपास जंक्शन, टोंक रोड पर एक प्रमुख जंक्शन है जो कि दुर्गापुरा को सांगानेर, प्रतापनगर एवं सीतापुरा औधोगिक क्षेत्र से जोड़ता है। इसके अतिरिक्त यह जंक्शन होटल, वैवाहिक स्थल, व्यवसायिक क्षेत्र, हॉस्पिटल एवं हवाई अड्डो आदि स्थित है। वर्तमान में इस जंक्षन पर व्यस्ततम समय में ट्रैफिक जाम की बहुत बड़ी समस्या रहती है जिससे समय के साथ-साथ ईंधन की भी बर्बादी होती है। इसके समाधान हेतु जेडीए द्वारा बी-2 बाईपास चौराहें को ट्रैफिक सिग्नल मुक्त जंक्षन बनाया गया है। जिसमें जवाहर सर्किल से मानसरोवर की तरफ अण्डरपास एवं टोंक रोड पर बजरी मंडी एवं रामदास अग्रवाल तिराहे पर क्लोवर लीफ के निर्माण के साथ विधुतीकरण का कार्य किया गया है।

# सलूंबर में दलित शंकर लाल की हत्या मामले में वेल में आया विपक्ष

## हंगामे के बीच ही मंत्री ने दिया जवाब, विपक्ष ने किया कार्यवाही का बहिष्कार

**जयपुर**, (वि.सं.)। विधानसभा में सलूंबर की घटना को लेकर मंत्री जोगाराम पटेल ने विपक्ष के हंगामें के बीच जवाब दिया। उदयपुर के सलूंबर में पिछले दिनों दलित शंकर लाल की हत्या प्रकरण में परिवार को मुआवजा और सरकारी नौकरी देने की मांग को लेकर विपक्ष ने सदन में जमकर हंगामा किया। वेल में आकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। बाद में सदन की कार्यवाही का बहिष्कार कर दिया।

- **सलूम्बर जिले के शिक्षक हत्या प्रकरण में मामला दर्ज कर अनुसंधान जारी : जोगाराम पटेल**
- **विपक्ष की मांग थी कि जिस प्रकार कन्हैया लाल हत्याकांड की तरह ही शंकरलाल को मुआवजा और परिजनों को नौकरी देनी चाहिये**
- **पटेल ने कहा कि यह मामला उस तरह का नहीं है**

एक दिन पहले विपक्ष ने शंकर लाल हत्या प्रकरण में सरकार की ओर से जवाब देने की मांग विपक्ष ने की थी। जिस पर विधानसभा अध्यक्ष ने मंगलवार को इस पर सरकार का स्पष्टीकरण देने की व्यवस्था दी थी। संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने मामले पर अब तक की पुलिस कार्रवाई का विवरण देते हुए कहा कि 25 जुलाई को शंकर लाल अपने घर के बाहर बैठा था, उस दौरान फतेह सिंह नाम का व्यक्ति आया और उसने तलवार से शंकर लाल की हत्या कर दी। उसके बाद आत्महत्या के लिए खुद को भी इस हथियार से घायल कर लिया। अस्पताल ले जाते वक्त उसकी भी मौत हो गई। मामले में पुलिस अनुसंधान कर रही है।

इस पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सहित विपक्ष ने मांग की कि शंकर लाल को मुआवजा और परिजनों को सरकारी नौकरी देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उदयपुर में कन्हैया लाल की हत्या भी इसी तरह का मामला थी, जिसमें पूर्व गहलोत सरकार ने 50 लाख का मुआवजा और इसके दो बच्चों को सरकारी नौकरी दी थी। एक दलित की हत्या हुई है तो उसे आर्थिक मदद और सरकारी नौकरी क्यों नहीं दी जा रही है।

सत्ता पक्ष ने इस मामले को कन्हैयालाल से इतर बताते हुए कहा कि यह मामला उसे तरह का नहीं है, लेकिन विपक्ष ने इसे भी उसी तरह की हत्या बताते हुए हंगामा किया। जोगाराम ने कहा कि अभी अनुसंधान चल रहा है, इस पर अभी आगे कोई बात नहीं होगी। इस पर विपक्ष के सदस्य वेल में आ गए और हंगामा कर दिया। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के आसन पर आने पर प्रतिपक्ष के सदस्य भी अपनी जगह पर आकर बैठ गए। लेकिन मुआवजा और सरकारी नौकरी देने की मांग पर हंगामा करते रहे। सरकार की तरफ से पूरा जवाब आ जाने की बात कहने पर प्रतिपक्ष ने सदन की शेष कार्रवाई का बहिष्कार कर दिया और सदन से चले गए। इसके बाद सदन में आगे की कार्रवाई केवल सत्ता पक्ष के सदस्यों ने ही चलाई।

संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने बताया कि सलूम्बर जिले के जावर माइंस थाना क्षेत्र में शिक्षक हत्या प्रकरण में मामला दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस मामले में भारतीय न्याय संहिता, आर्म्स एक्ट एवं एससी-एसटी एक्ट में मामला दर्ज कर अनुसंधान जारी है। उन्होंने बताया कि मृतक शंकर लाल के परिवारजनों से वार्ता के बाद शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सुपुर्द किया गया। 29 जुलाई को शव का अंतिम संस्कार किया जा चुका है तथा वर्तमान में कानून व्यवस्था बनी हुई है।

# कांग्रेस 1 और 2 अगस्त को करेगी विरोध प्रदर्शन

**जयपुर**, (का.प्र.)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने प्रदेश भर से जयपुर आये कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं व जनप्रतिनिधियों से मुलाकात की। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ प्रदेश भर में पेयजल की किल्लत, बिजली आपूर्ति में विफलता के साथ ही प्रदेश भर में बेपटरी हो रही कानून-व्यवस्था की स्थिति पर चर्चा कर प्रदेश की भाजपा सरकार के विरूद्ध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया। प्रदेश महासचिव व प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि प्रदेश की भाजपा सरकार सत्ता में आने के पश्चात् प्रदेशवासियों को मूलभूत सुविधायें प्रदान करने में विफल रही है। प्रदेश में भीषण गर्मी के बावजूद बिजली की आपूर्ति बाधित है तथा गांवों एवं छोटे कस्बों में अघोषित रूप से 4 से 18 घण्टे तक बिजली की कटौती की जा रही है। इन समस्याओं को देखते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने सभी जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों को निर्देशित किया है कि आमजन की पीड़ा को दूर करने में भाजपा की प्रदेश सरकार के विफल रहने तथा प्रदेशवासियों को पेयजल, बिजली की आपूर्ति करने में असफल रहने एवं प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था के विरोध में 1 और 2 अगस्त को सभी जिला एवं ब्लॉक स्तर पर धरना/प्रदर्शन आयोजित करें।

# महिला ने अपने दूसरे पति को दी हनीट्रैप में फंसाने की धमकी

**जयपुर** । शिवदासपुरा थाना इलाके में एक महिला ने अपने दूसरे पति को हनी ट्रैप में फंसाने की धमकी दी है। महिला ने पहले से शादीशुदा होने की बात छिपाकर दूसरे युवक से शादी की। शादी के बाद पहले पति के साथ मिलकर उसे हनीट्रैप में फंसाने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगी। इस संबंध में थाने में पीड़ित ने अपनी पत्नी और उसके पहले पति के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

पुलिस ने बताया कि करौली निवासी एक युवक ने थाने में मामला दर्ज करवाया है कि साल-2021 में सांगानेर में रहकर वह कॉम्पिटिशन एग्जाम की तैयारी कर रहा था। उस दौरान उसकी जान-पहचान पड़ोस में रहने वाली एक महिला से हुई। बातचीत के दौरान दोस्ती के बाद दोनों एक-दूसरे से प्यार करने लगे। महिला ने खुद को अविवाहित होना बताया और केवल लिव-इन में एक युवक के साथ रहना बताया। नवम्बर-2022 में मनमुटाव होने पर महिला ने शिवदासपुरा थाने में दुष्कर्म का मामला दर्ज करवाया।

# फायर एन.ओ.सी. नहीं मिलने पर गुरूकृपा और कलाम कोचिंग सेंटर को सीज किया

## ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने मंगलवार दोपहर अचानक निरीक्षण करने के बाद सख्त एक्शन लिया

**जयपुर** (कासं)। दिल्ली में एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में भरे बरसात के पानी में डूबने से 3 स्टूडेंट्स की मौत के बाद जयपुर ग्रेटर नगर निगम एक्शन मोड में आ गया। मंगलवार को ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर ने पार्षद शेर सिंह धाकड़ और निगम अधिकारियों के साथ अचानक गोपालपुरा बाइपास स्थित कोचिंग सेंटर का निरीक्षण करने पहुंची। यहां फायर एनओसी नहीं मिलने के कारण गुरुकृपा और कलाम कोचिंग सेंटर को सील कर दिया गया।

मेयर दोपहर 2 बजे सबसे पहले गोपालपुरा बाइपास स्थित गुरुकृपा कोचिंग सेंटर पर पहुंची। यहां उन्होंने मैनेजमेंट से फायर एनओसी दिखाने और बिल्डिंग में लगे फायर उपकरण दिखाने करवाने के निर्देश दिए। मौके पर फायर एनओसी नहीं होने पर उन्होंने मानसरोवर जोन उपायुक्त और फायर उपायुक्त को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके बाद शाम करीब 4 बजे कोचिंग पर ताला लगा दिया गया। मेयर ने कोचिंग सेंटर में संचालित क्लास रूम का भी दौरा किया। यहां मेयर क्लास में मौजूद बच्चों से मिलीं। बच्चों से बातचीत में मेयर ने कहा, वे जिस कोचिंग सेंटर में एडमिशन लें, वहां पहले ये देखकर सुनिश्चित करें कि वहां फायर फाइटिंग सिस्टम लगे हैं या नहीं? उस कोचिंग संस्थान के पास फायर एनओसी है या नहीं?



महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने गोपालपुरा बाइपास स्थित गुरूकृपा व कलाम कोचिंग सेंटर का औचक निरीक्षण करने के बाद दोनों संस्थानों को सीज किया।

- **दिल्ली में एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में भरे बरसात के पानी में डूबने से 3 स्टूडेंट्स की मौत के बाद जयपुर नगर निगम हरकत में आया**

मेयर ने बच्चों की क्लास लेते हुए नगर निगम की ओर से बनाए नियमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने दिल्ली की घटना का जिक्र करते हुए बच्चों से कहा- अगर उन्हें लगता है कि उनके कोचिंग सेंटर पर उनकी सुरक्षा को लेकर कोई खतरा है तो उसकी शिकायत नगर निगम प्रशासन को दें। अगर कोचिंग सेंटर के बेसमेंट या किसी कमरे में फायर फाइटिंग सिस्टम न दिखें तो उसकी भी शिकायत आप नगर निगम में कर सकते हैं। इसके बाद मेयर सौम्या गुर्जर कलाम कोचिंग सेंटर पहुंचीं। सेंटर पर न तो फायर एनओसी थी और न ही फायर उपकरण ठीक से पाए गए। इसके बाद इस संस्थान को भी सील किया गया है। मेयर सौम्या गुर्जर ने बताया कि शहर में ग्रेटर एरिया में संचालित तमाम कोचिंग सेंटर्स की सुरक्षा व्यवस्था, फायर एनओसी, फायर फाइटिंग सिस्टम का सर्वे और निरीक्षण करने के लिए हमने मुख्यालय स्तर पर कमेटी बनाई है। इसमें नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय के उपायुक्त, फायर उपायुक्त, जोन उपायुक्त के अलावा तीन तकनीकी टीम के अधिकारी शामिल किए हैं। ये टीम जल्द शहर का सर्वे करके अपनी रिपोर्ट तैयार करेगी। कोचिंग संस्थाओं को नोटिस जारी करेगी। सूत्रों की मानें तो नगर निगम ग्रेटर एरिया में गोपालपुरा बाइपास, टोंक फाटक, प्रताप नगर, मालवीय नगर, झोटवाड़ा, वैशाली नगर, सोडाला, गुर्जर की थड़ी, मानसरोवर समेत तमाम एरिया में 150 से ज्यादा कोचिंग सेंटर्स संचालित है। इनमें से 95 फीसदी से ज्यादा के यहां फायर फाइटिंग सिस्टम नहीं है। न ही इनमें से किसी ने फायर एनओसी ले रखी है। मानसरोवर जोन उपायुक्त सीता वर्मा ने बताया कि गुरुकृपा कोचिंग सेंटर पर फायर एनओसी नहीं होने और यूडी टैक्स जमा नहीं करवाने पर सील की कार्रवाई की है। जबकि कलाम कोचिंग सेंटर पर न तो फायर एनओसी थी और न ही फायर उपकरण ठीक से पाए गए। इसके बाद इस संस्थान को भी सील किया गया है। बता दें कि तीन दिन पहले दिल्ली स्थित एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में तेज बारिश के बाद पानी भर गया था। इस दौरान यहां आईएएस की तैयारी कर रहे स्टूडेंट्स की क्लास चल रही थी।

# 'बी.एस.एन.एल.से जुड़े अन्य निजी कंपनियों के ग्राहक'

**जयपुर** । दूरसंचार के क्षेत्र में बढ़ते प्रतिस्पर्धा के इस दौर में बीएसएनएल राजस्थान परिमंडल ने अपने अथक प्रयास कर उपभोक्ताओं की संख्या में बेतहाशा बढ़ोतरी की है। इस सम्बन्ध में बीएसएनएल राजस्थान परिमंडल के मुख्य महाप्रबंधक संजय कुमार ने बताया कि अभी हाल ही में अन्य प्राइवेट ऑपरेटर्स द्वारा टैरिफ में की गयी बेतहाशा बढ़ोतरी के कारण उपभोक्ताओं का रुझान बीएसएनएल की विश्वसनीय एवं किफायती सेवाओं की ओर यकायक बढ़ा है, इसके लिए हमारे सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने दिन रात एककर कड़ी मेहनत करके अधिकाधिक उपभोक्ताओं को बीएसएनएल सेवा से जोड़ा है, ये हमारे लिए बड़े गर्व व खुशी की बात है। उल्लेखनीय है कि राजस्थान परिमंडल में अभी जुलाई 2024 तक टोटल सिम सेल 3.2 लाख हुई है, जो बहुत ज़बरदस्त है इसी प्रकार जुलाई 2024 तक दूसरे ऑपरेटर से बीएसएनएल में पोर्ट इन होने वाले उपभोक्ताओं की संख्या 1.25 लाख है जो अपने आप में एक कीर्तिमान है। मैं अपने सभी सम्माननीय उपभोक्ताओं का स्वागत करता हूँ। उन्होंने बताया कि बीएसएनएल 4जी सेवा प्रदान कर रहा है, इसके लिए 501 बीटीएस टावर लग चुके हैं भविष्य में इनकी संख्या बढाकर अधिकाधिक क्षेत्रों को 4जी सेवा से जोड़ा जायेगा। बीएसएनएल अपने उपभोक्ताओं को 2जी एवं 3जी सिम के स्थान पर 4जी सिम बिलकुल फ्री दे रहा है।

# कृषक वैज्ञानिक संवाद में दी कपास में गुलाबी सुण्डी के नियंत्रण की जानकारी

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** कार्यालय उपनिदेशक कृषि एवं पदेन परियोजना निदेशक (आत्मा) श्रीगंगानगर के सभागार में मंगलवार को कृषक वैज्ञानिक संवाद का आयोजन किया गया जिसमें जिले के लगभग 54 कृषकों ने भाग लिया।

डॉ. सतीश कुमार शर्मा अतिरिक्त निदेशक कृषि (विस्तार) द्वारा कृषि विभाग की विभिन्न कृषक हित के लाभकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी देते हुए आत्मा योजना के कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का संदेश दिया गया। कृषि के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचार व आधुनिक खेती के बारे में जानकारी तथा गुलाबी सुण्डी के जीवन चक्र एवं प्रबंधन के बारे में विस्तृत चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में कपास फसल 60 दिन की हो गई है। वहां निरीक्षण कर नीम बेस्ड ऑयल व अन्य बताये गये कीटनाशकों का छिड़काव अवश्यक रूप से करें।

गुलाबी सुण्डी की निगरानी के लिए खेत में प्रति हैक्टर 5 फैरोमेन ट्रेप अवश्य लगायें तथा उनका प्रतिदिन निरीक्षण करें एवं विभागीय सिफारिश अनुसार जैविक कीटनाशक व रसायनों का छिड़काव अवश्य करें।

सुदेश कुमार उप परियोजना निदेशक (आत्मा) द्वारा आत्मा योजना अन्तर्गत किसान हित के लिए आत्मा द्वारा चलाई गई योजनाएं कृषक प्रशिक्षण, कृषक भ्रमण, कृषक पुरस्कार, किसान मेला इत्यादि में कृषक भाग लेकर नये नवाचार को अपनाकर कृषि उत्पादन में वृद्धि करने व आय बढ़ाने की सलाह दी गई। उन्होंने बताया कि कृषक जैविक, नवाचार, उद्यानिकी, पशुपालन में उत्कृष्ट कार्य कर जिला एवं ब्लॉक स्तर पर चयनित होकर क्रमशः 25000 एवं 10000 पुरस्कार स्वरूप प्राप्त कर सकते हैं। कृषक पुरस्कार के लिए आवेदन कृषि पर्यवेक्षक के माध्यम से माह सितम्बर 2024 के अंत तक कर सकते हैं।

कार्यालय संयुक्त निदेशक उद्यान सें प्रदीप शर्मा द्वारा उद्यान की योजनाएं किसानों को बताई। डॉ. बलराम गोदारा पूर्व कृषि वैज्ञानिक द्वारा जैविक खेती एवं उसके घटक की विस्तार से जानकारी दी। सेवानिवृत डॉ. पी.एल. नेहरा शस्य वैज्ञानिक कृषि अनुसंधान केन्द्र श्रीगंगानगर द्वारा खरीफ फसलों में लगने वाले कीटों का जीवन चक्र एवं नियंत्रण के उपाय बताये।

लोकेश कुमार मीणा सीआईपीएमसी द्वारा कपास फसल में लगने वाले कीटों का एकीकृत नाशी जीव प्रबंधन के द्वारा किस तरह नियंत्रण किया जाता है की सम्पूर्ण जानकारी दी गई। प्रणय कुमार संयंत्र प्रबंधक आर.एस.एस.सी. द्वारा मूंग, ग्वार की नई किस्मों एवं इनका उत्पादन किस तरह किया जाता है के बारे में विस्तार से समझाया।

कृषक वैज्ञानिक संवाद के साथ कृषक पुरस्कार समारोह में वर्ष 2023-24 के जिला एवं ब्लॉक स्तरीय चयनित कृषकों को प्रमाण-पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। कृषक हित में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों एवं अधिकारियों को सम्मानित किया गया। कृषक वैज्ञानिक संवाद में कृषक आत्माराम महिया ने कपास फसल में गुलाबी सुण्डी नियंत्रण पर अपने विचार रखे।



कृषक वैज्ञानिक संवाद में डॉ. सतीश कुमार शर्मा अतिरिक्त निदेशक कृषि (विस्तार) ने कपास में गुलाबी सुण्डी नियंत्रण की जानकारी दी।

- कृषक वैज्ञानिक संवाद में जिले के लगभग 54 कृषकों ने भाग लिया
- मूंग, ग्वार की नई किस्मों एवं इनका उत्पादन किस तरह किया जाता है के बारे में विस्तार से समझाया

## गर्भवती महिलाओं की निशुल्क होगी सोनोग्राफी

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** गर्भवती महिलाओं की निशुल्क सोनोग्राफी करवाने के लिए राज्य सरकार की ओर से मां वाउचर योजना शुरू की जा रही है। जिसे सफल बनाने के लिए मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलेक्टर लोकबंधु की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला, एसीएमएचओ डॉ. मुकेश मेहता सहित सभी बीसीएमओ, सोनोग्राफी सेंटर्स के संचालक व प्रतिनिधि एवं एनएचएम अधिकारी शामिल हुए। कलेक्टर लोकबंधु ने सभी सोनोग्राफी सेंटर्स संचालकों से आव्हान किया गया कि सभी सेंटर संचालक इस महत्वाकांक्षी योजना से जुडें एवं गर्भवती महिलाओं को लाभान्वित करें। योजना के संबंध में किसी भी तरह की परेशानी सेंटर संचालकों या गर्भवती महिलाओं को नहीं आये। इस संबंध में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि राजस्थान बजट घोषणा के अनुसार मां वाउचर योजना की जल्द शुरूआत होगी, जिसमें गर्भवती महिला की दूसरी या तीसरी तिमाही में गर्भकाल के दौरान सोनोग्राफी निःशुल्क कराई जायेगी। इसमें जिले के सभी निजी सोनोग्राफी सेंटरों को जोड़ा जायेगा ताकि गर्भवती महिलाओं को उन्हीं के एरिया में सोनोग्राफी की सुविधा मिल सके।

## सार-समाचार

### जाट छात्रावास को आर्थिक सहयोग




जाट छात्रावास के लिए पुरखा राम सहू ने निवासी कुंतासर ने तीन लाख एक हजार रूपये का सहयोग दिया।

**बीकानेर, (कासं)।** जाट छात्रावास जयपुर रोड बीकानेर में आज पुरखा राम सहू पुत्र सांवता राम सहू निवासी कुंतासर, श्रीडूंगरगढ़ द्वारा 3,01,000 रूपये सहयोग स्वरूप जाट छात्रावास को प्रदान किए। इस अवसर पर हजारी राम ज्याणी अध्यक्ष जाट छात्रावास संचालन समिति, भीखाराम सांगवा अधीक्षक जाट छात्रावास, चेतराम थालोड़ अध्यक्ष किसान छात्रावास ट्रस्ट, मनोहर लाल सियाग (प्रधान), संचालन समिति के शिवलाल गोदारा, गिरधारी लाल कूकणा, इमिचंद पूनिया, सुखराम बाना, रामचंद्र सहू, तोलाराम सियाग, लक्ष्मण राम गोदारा, भोमराज गाट अध्यक्ष जाट महासभा, हीराराम बाना, सुभाष ज्याणी आदि ने सहू परिवार कुंतासर के मालाराम सहू, रावताराम सहू, किसनाराम सहू, मेघाराम सहू, मोहनलाल सहू, कानाराम सहू, आशाराम सहू, आदूराम सहू, सूरजाराम गोदारा, जगदीश सहू, मुखराम सहू, अमरचंद सहू का इस अतुलनीय योगदान के लिए आभार प्रकट किया।

### नंदीशाला के लिए एम.ओ.यू.



श्रीकृष्ण गौशाला संगरिया व शिवभोले नंदी गौशाला पीलीबंगा के पदाधिकारियों ने एम.ओ.यू. पर साइन किए।

**हनुमानगढ़, (कासं)।** जिला कलेक्टर एवं जिला गोपालन समिति अध्यक्ष कानाराम तथा भगवान श्रीकृष्ण गौशाला संगरिया, शिव भोले नंदी गौशाला पीलीबंगा के पदाधिकारियों द्वारा पंचायत समिति स्तरीय नंदीशाला की स्थापना हेतु अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर किए गए। पशुपालन संयुक्त निदेशक डॉ. हरीश गुप्ता ने बताया कि योजनांतर्गत प्रत्येक पंचायत समिति में एक नंदीशाला की स्थापना की जानी है। जिसमें राज्य सरकार द्वारा 1.57 करोड़ की लागत से आधारभूत परिसंत्तियों का निर्माण किया जायेगा। जिले में पंचायत समिति हनुमानगढ़, नोहर में नंदीशाला का निर्माण किया जा चुका है। संगरिया एवं पीलीबंगा हेतु चयन किया जाकर एमओयू किया गया है। शेष पंचायत समितियों में पात्र संस्थाओं द्वारा अभी तक आवेदन नहीं किया गया। नंदीशाला निर्माण से संगरिया,पीलीबंगा क्षेत्र में निराश्रित नंदी की समस्या से राहत मिलेगी।

### केन्द्रीय कारागृह का औचक निरीक्षण

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** जिला कलेक्टर लोकबंधु और जिला पुलिस अधीक्षक गौरव यादव श्रीगंगानगर के नेतृत्व में केन्द्रीय कारागृह का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान कोई निषेध सामग्री नहीं मिली। केन्द्रीय कारागृह अधीक्षक डॉ. अभिषेक शर्मा ने बताया कि निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर और जिला पुलिस अधीक्षक के अलावा बी. आदित्य प्रशिक्षु आई.पी.एस. वृताधिकारी शहर श्रीगंगानगर, ओमप्रकाश कारापाल, देवेन्द्र सिंह थानाधिकारी जवाहर नगर श्रीगंगानगर, गोविन्द सिंह थानाधिकारी पुलिस थाना पुरानी आबादी, ज्योति नायक, थानाधिकारी पुलिस थाना महिला श्रीगंगानगर, रामेश्वर पुलिस उप निरीक्षक पुलिस थाना कोतवाली द्वारा मय लगभग 70-80 पुलिस व आर.ए.सी. जवान सहित अन्य मौजूद रहे। इस दौरान अलग-अलग टीमें बनाकर केन्द्रीय कारागृह में समस्त वाडी मय महिला वार्ड, सुरक्षा वार्ड व बंदियान लंगर, अस्पताल आदि की आकस्मिक रूप से सघन तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान कारागृह में किसी प्रकार की निषेध सामग्री बरामद नहीं हुई। इस दौरान जिला कलेक्टर द्वारा राज्य सरकार के निर्देशानुसार केन्द्रीय कारागृह के नियमित निरीक्षण के निर्देश दिए।

### तुमसा नहीं देखा कार्यकम आज

**बीकानेर, (कासं)।** अमन कला केन्द्र द्वारा आज 31 जुलाई को शाम 7:00 बजे टाउन हॉल में हिन्दी सिनेमा के जाने-माने पार्श्व गायक मोहम्मद रफी की 44 वी पुण्यतिथि के अवसर पर तुमसा नहीं देखा कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। आयोजक अनवर अजमेरी व ख्वाजा हसन कादरी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होटल रॉयल इन रानी बाजार के डायरेक्टर इकबाल हुसैन समेजा होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोहम्मद सदीक चौहान, डॉ प्रवीण चतुर्वेदी करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में रोशन अली बागवान, सैयद अख्तर अली, अहमद हारून कादरी, डॉ मुकेश सिंघल, यशपाल नागपाल, अशोक सोनी जसमतिया, डॉ भूपेंद्र तिवाड़ी, डॉ राकेश रावत, एम. आर. मुगल, रहमत अली, समुद्र सिंह राठौड़ होंगे।

# मांगों को लेकर आये लोगों ने एसडीएम नहीं मिलने पर जताया रोष

**सादुलपुर, (निसं)।** मनीषा स्वामी मौत मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी, आंदोलन के दौरान दर्ज मामले वापस लेने की मांग एवं एसडीएम राजगढ़ के चैम्बर में नहीं मिलने के आरोप में ज्ञापन देने आये लोगों को ऑफिस में एसडीएम राजगढ़ के नहीं मिलने पर मंगलवार को एसडीएम की कुर्सी पर जनता का कब्जा होने का मामला सामने आया है।

मंगलवार को दर्जनों महिलाओं सहित अनेकों लोग एडवोकेट गायत्री पूनिया के नेतृत्व में ज्ञापन देने उपखंड कार्यालय राजगढ में पहुंचे जहाँ पर एसडीएम राजगढ सुशील कुमार सैनी के नहीं मिलने पर लोगों ने उपखंड अधिकारी की कुर्सी पर ही कब्जा कर लिया और गो बैक-गो बैक के नारे लगाए। वहीं लोगों ने करीबन एक घण्टे तक ऑफिस में नारेबाजी कर आक्रोश प्रकट किया तो उसके बाद उपखण्ड अधिकारी राजगढ सुशील कुमार सैनी मौके पर पहुँचे, जिनको मनीषा स्वामी मौत मामलें में निर्दोष लोगों पर दर्ज किये गये मुकदमे वापस लेने, मनीषा मौत प्रकरण में आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने व झुग्गियों के लोगों की समस्या सहित सात सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिसके बाद नगरपालिका ईओ सुमेर सिंह श्योराण व उपखण्ड अधिकारी राजगढ सुशील कुमार सैनी धरना प्रदर्शन कर रहे लोगों की झुग्गियों का निरीक्षण करने पहुंचे। इससे पहले महिलाएं नए कोर्ट राजगढ के पास से करीब डेढ किलोमीटर जुलूस के रूप में नारेबाजी करते हुए उपखण्ड अधिकारी कार्यालय राजगढ पहुंची, जहाँ पर एसडीएम राजगढ को ज्ञापन सोंपकर कार्यवाही करने की मांग की।

वहीं मामले को लेकर कर्मचारियों ने आक्रोश जताया है। एसडीएम राजगढ के निजी सहायक विकास पूनिया ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि वह निजी सहायक उपखंड अधिकारी के पद पर पद स्थापित है। 30 जुलाई को सुबह 11.30 बजे लगभग उपखंड कार्यालय में था। उसी समय गायत्री पूनिया करीब 30 पुरुष व महिला व बच्चों के साथ कार्यालय में आई। कहा कि राजगढ में कानून व्यवस्था दुरुस्त करने आदि के संबंध में ज्ञापन देने के लिए आए हैं।

तब सहायक कर्मचारी बहादुर सिंह ने अवगत करवाया कि एसडीएम साहब राजगढ में मौका जांच के लिए क्षेत्र में गए हुए हैं। आप तहसीलदार को ज्ञापन प्रस्तुत कर दो। परंतु गायत्री पूनिया अपने साथ लेकर पहुंचीं लोगों के साथ जबरन एसडीएम कार्यालय में घुस गई, जिसको सहायक कर्मचारी बहादुर सिंह ने रोकना चाहा। लेकिन गायत्री पूनिया बहादुर सिंह को धक्का देकर जबरन अपने साथियों के साथ एसडीएम के चेंबर में जबरदस्ती समस्त लोगों के साथ घुस गई और चेंबर में रखी कुर्सियों के लात मारकर इधर-उधर गिरा दी। आरोप लगाया है कि कार्मिकों के साथ धक्का-मुक्की कर जबरदस्ती कार्यालय में घूसने के बाद गायत्री पूनिया प्रशासनिक कुर्सी पर बैठ गई। जिसको उन्होंने प्रशासनिक कुर्सी पर बैठने के लिए मना किया तो उसे भी धक्का देकर जबरन कुर्सी पर बैठ गई। लेकिन समझाने के बावजूद भी एसडीएम की कुर्सी पर बैठी रही तथा चेम्बर में सामने रखी मेज पर महत्वपूर्ण दस्तावेजों को अस्त-व्यस्त कर दिया।

- एक घण्टे तक ऑफिस में ही दिया धरना

## ममता रांका का जोरावरपुरा आगमन

**नोखा, (कासं)।** अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशन में में बीकानेर संभाग की क्षत्तिय प्रभारी ममता रांका व उनकी टीम का संगठन यात्रा में जोरावरपुरा आना हुआ।

कार्यक्रम की शुरूआत शासन साध्वी शशिरेखा ने नवकार महामंत्र से की। उसके बाद महिला मंडल की बहनों ने प्रेरणागीत का संगान किया। महिला मंडल मंत्री मोनिका बुच्चा ने साध्वी प्रमुखा विश्वत विभाजी का महिला सशक्तिकरण के संदेश का वाचन किया। महिला मंडल की बहनों द्वारा स्वागत हेतु अपने भावों की अभिव्यक्ति दी गई।

ममता रांका ने बताया कि हमें अपनी शक्ति का विकास कैसे करना है। हम ज्यादा से ज्यादा बहनें, तेरापंथ दर्शन, तत्वज्ञान से जुडे। जो क्षेत्र छोटे है, वहां यदि सामाजिक काम कम होते हैं तो हम ज्यादा से ज्यादा अध्यामिक काम करें। अखिल भारतीय महिला मंडल के तत्वावधान में जो भी प्रक्रियाएं होती है। क्षत्तिय प्रभारी द्वारा इस संगठन यात्रा के माध्यम से बताई गई। साध्वी शशिरेखा ने अपने मंगल उद्बोधन से सभी बहनों को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

# लोहिया महाविद्यालय में गुरुवन्दन कार्यक्रम आयोजित

**चूरू, (कासं)।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान उच्च शिक्षा की लोहिया महाविद्यालय चूरू इकाई की ओर से मंगलवार को प्राचार्य प्रो. मंजु शर्मा की अध्यक्षता में गुरुवन्दन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खारिया गौशाला न्यास के अध्यक्ष व युवा कथावाचक व्याकरणाचार्य पं. आकाश मिश्रा थे।

अपने उद्बोधन में मिश्रा ने कहा कि केवल भारत ही ऐसा देश है, जिसकी सनातन परम्परा में गुरु को ईश्वर का दर्जा प्राप्त है। उन्होंने धर्मग्रन्थों को उद्धृत करते हुए कहा कि हमें स्वयं को योग्य गुरु व योग्य शिष्य बनने की दिशा में निरन्तर आगे बढ़ना चाहिए। उनका मत था कि हर वह शक्ति जो हमारा कल्याण करे, हमारी गुरु हो सकती है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. मंजु शर्मा ने कहा कि समाज बिना किसी का मार्गदर्शन मिले सन्मार्ग की ओर आगे नहीं बढ़ सकताए इसलिए जिन लोगों में गुरु बनने की सम्भावना है, उन्हें युक्तियुक्त परिश्रम करना चाहिए। इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित संगठन के प्रदेश सहसंगठन मंत्री प्रो. सुरेन्द्र सोनी ने अपने वक्तव्य में स्पष्ट किया कि सच्चा शिक्षक संगठन वही होता है, जो केवल माँगों व समस्याओं पर ही संकेन्द्रित नहीं रहे। इस कसौटी पर अखिल भारतीय राष्ट्रीय महासंघ खरा उतरता हैए जो राष्ट्र को परम वैभव तक पहुँचाने के पवित्र लक्ष्य की पूर्ति करने के लिए अपने सदस्यों के आत्मिक विकास में लगा रहता है।

उन्होंने कहा कि हमारे लिए वेतन लेकर शिक्षक, अध्यापक या टीचर बनना तो आसान है, लेकिन गुरु बनना वास्तव में एक चुनौती है। इससे पूर्व संगठन की ओर से पं. आकाश मिश्रा का अभिनन्दन किया गया।

प्रारम्भ में इकाई अध्यक्ष प्रो. दिनेश कुमार चारण ने स्वागत उद्बोधन दिया व विषय का प्रवर्तन किया। समापन पर जिला संयोजक डॉ. महेन्द्र कुमार खारड़िया ने आभार ज्ञापन किया।

- भारत ही ऐसा देश है, जिसकी सनातन परम्परा में गुरु को ईश्वर का दर्जा प्राप्त है

# दुष्कर्म व अश्लील हरकत करने का आरोप

**सुजानगढ़, (निसं)।** क्षेत्र के साण्डवा थाने में मंदबुद्धि महिला के साथ दुष्कर्म करने एवं उसकी नाबलिग पुत्री के साथ अश्लील हरकत करने के आरोप का मामला दर्ज हुआ है। पीड़ित महिला के दिव्यांग पति ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि आरोपी मूलाराम पुत्र उदाराम जाट पीड़िता का पड़ौसी है और उसे पीड़िता की मनःस्थिति के साथ ही उसके पति के आने-जाने के सम्बंध में पूरी जानकारी है। रिपोर्ट में बताया गया है कि करीब छह माह पहले आरोपी मूलाराम ने पीड़िता को घर में अकेली देखकर उसके साथ दुष्कर्म किया तथा उसे पेचकस दिखाकर आंख फोड़ने व शरीर में पेचकस घुसाकर मारने तथा परिवार वालों को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद विगत छह माह में आरोपी ने पीड़िता के साथ कई बार दुष्कर्म किया। रिपोर्ट में बताया गया है कि 21 जुलाई को पीड़िता के पति ने घर में कैमरे लगवाये तथा 23 जुलाई को पीड़िता के साथ गलत काम करते हुए मूलाराम को उसके पति ने पकड़ लिया। इसके बाद पीड़िता की नाबालिग पुत्री ने बताया कि आरोपी मूलाराम ने एक माह पहले उसके साथ अश्लील हरकत की थी।

## कांटे सत्यापित नहीं मिलने पर प्रकरण दर्ज

**हनुमानगढ़, (कासं)।** विधिक माप विज्ञान अधिकारी अमित चौधरी ने पीलीबंगा में डेयरी व किराना दुकानों का औचक निरीक्षण किया।

चौधरी ने बताया कि दुकानों पर इस्तेमाल होने वाले तौलन उपकरण को विधिक माप विज्ञान अधिनियम, 2009 एवं इसके अन्तर्गत बने नियमों के तहत सत्यापन एवं मुद्रांकन के बाद ही उपयोग में लिया जा सकता है। चौधरी ने बताया कि निरीक्षण दौरान दो फर्म्स कुबेर डेयरी एवं जाखड़ किराना स्टोर पर कांटे सत्यापित नहीं पाये गए। अनियमितताएं मिलने पर मौके पर प्रकरण दर्ज कर जुर्माना राशि वसूल की।

# आयुष्मान आरोग्य योजना में पंजीकरण का आज अन्तिम दिन

**हनुमानगढ़, (कासं)।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना का अगस्त माह से लाभ लेने के लिए पंजीयन करवाने के लिए अब केवल एक दिन शेष हैं। 31 जुलाई तक पंजीकरण करवाने वाले नागरिक पुनः 1 अगस्त से 2024 से निःशुल्क इलाज पाने के लिए पात्र हो जायेंगे। जबकि 31 जुलाई तक नवीनीकरण नहीं करवाने वालों को निःशुल्क इलाज के लिए तीन माह का इन्तजार करना होगा।

पंजीकरण से वंचित परिवार स्वयं की एसएसओ आईडी या ई-मित्र के माध्यम से अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि प्रायः यह देखने में आया है कि कोई जरूरतमंद परिवार इलाज करवाने के लिए अस्पताल में जाता है, तो उसे पता लगता है कि उसका मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना का आयुष्मान कार्ड की अवधि समाप्त हो गई है। ऐसे में उस परिवार को नवीनीकरण के लिए अगली पंजीकरण दिनांक का इंतजार करना पड़ता है। अथवा राज्य सरकार की गाइडलाइन के अनुरुप आपातकालीन स्थिति में जरूरतमंद परिवारों को जिला कलेक्टर की स्वीकृति उपरांत ही इलाज मिलता है। इस स्थिति में इलाज करवाने व्यक्ति को ना चाहते हुए भी स्वीकृति मिलते तक इलाज से महरुम होना पड़ता है। ऐसी स्थिति से बचने के लिए हमें समय पर मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में नवीनीकरण करवाना आवश्यक है। उन्होंने आमजन से आ ान किया जिन लोगों के आयुष्मान कार्ड की अवधि समाप्त हो गई है, वे बुधवार 31 जुलाई को आवश्यक रूप से नवीनीकरण करवा लें ताकि जरूरत के समय हम अपना व अपने परिजनों का निःशुल्क उपचार करवा पाएं।

# बिजली कटौती से परेशान आक्रोशित लोगों का प्रदर्शन

**बीकानेर, (कासं)।** शहर में बिजली कम्पनी की ओर से मरम्मत व देखरेख के नाम पर आये दिन होने वाली बिजली कटौती से परेशान आक्रोशित स्थानीय लोगों ने देहात कांग्रेस अध्यक्ष बिशनाराम सियाग के नेतृत्व में गंगाशहर और रिडमलसर में सड़क जाम कर उग्र प्रदर्शन किया।

इस उमस व घुटन वाली गर्मी ने पहले ही लोगों को परेशान कर रखा है। उस पर बिजली कटौती आग में घी डालने का काम कर रही है। उमस वाली गर्मी के दौरान घंटों तक की अघोषित कटौती से त्रस्त व परेशान स्थानीय लोगों का सब्र भी अब टूटने लगा है। जिसके चलते जगह जगह प्रदर्शन कर बिजली कंपनी के खिलाफ भड़ास निकाली जा रही है। आज गंगाशहर क्षेत्र स्थित नोखा रोड व रिडमलसर में लोगों ने प्रदर्शन कर रोष जताया। इस दौरान पुलिस को हस्तेक्षप करना पड़ा। मौके पर पहुंची गंगाशहर थाना पुलिस ने रास्ता जाम करने वाले लोगों से समझाइश की। लेकिन वे मानने को तैयार नहीं थे। ऐसे में काफी देर शोर शराबे के बाद बिशनाराम सियाग ने बिजली कंपनी के सीईओ से फोन पर बात की उसके बाद सीईओ के आश्वासन के बाद जाम को हटाया गया। जिला संगठन महासचिव मार्शल प्रहलाद सिंह ने बताया कि प्रदर्शन में रामदयाल गोदारा सरपंच रिडमलसर, अकरम सम्मा जिला सचिव कांग्रेस, आसिफ कोहरी, शरीफ जोईया, राजू कोहरी सहित अनेक ग्रामवासी एवं महिलाएं मौजूद रही।



बीकानेर (देहात) कांग्रेस अध्यक्ष बिशनाराम सियाग के नेतृत्व में गंगाशहर और रिडमलसर में सड़क जाम कर उग्र प्रदर्शन किया।

## स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर का समापन

**चूरू, (कासं.)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय चूरू के तत्वावधान में भालेरी रोड पर स्थित स्काउट गाइड प्रशिक्षण केंद्र पर चल रहे राज्य पुरस्कार स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर का समापन मंगलवार को हुआ। स्काउट सीओ महिपाल सिंह तंवर ने बताया कि शिविर के अंतिम दिन मंगलवार सवेरे 7 बजे से सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया जिसमें प्रातः विभिन्न भजन व सभी धर्मों से सम्बन्धित विभिन्न प्रकार के भक्ति गान का आयोजन किया गया।

सभी प्रशिक्षणार्थियों के लिए एक खुले सत्र का आयोजन किया गया। स्काउट सीओ महिपाल सिंह ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को नेतृत्व के गुण विकसित करने के गुर बताए। उन्होंने सात दिनों में दिये गये प्रशिक्षण का सार बताते हुये उसे अपने दैनिक जीवन में लागू करने का आ ान किया। शिविर के समापन पर महीपाल सिंह तंवर द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। इसके बाद सभी प्रशिक्षणार्थियों तथा स्टाफ के सदस्यों द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# जिला स्तरीय नशा मुक्ति निबंध प्रतियोगिता आज से

**हनुमानगढ़, (कासं)।** शाला स्वास्थ्य, ज्ञान संकल्प पोर्टल, प्रवेशोत्सव, मानस अभियान सहित शिक्षा विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा जिला निष्पादक समिति की बैठक में मंगलवार को की गई।

बैठक में जिला कलेक्टर कानाराम ने कहा कि ज्ञान संकल्प पोर्टल में सभी विद्यालय सहयोग करें। जिला कलेक्टर ने स्कूलों में पेयजल की टंकियों तथा शौचालयों को साफ सुथरा रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सफाई के साथ सफेद पेंट से सफाई की दिनांक का अंकन भी किया जाए।

कलेक्टर ने कहा कि विद्यालय स्तर पर प्रवेशोत्सव में रूचि नहीं लेने वाले विद्यालयों की सूची बनाए। पीएमश्री विद्यालयों के विद्यार्थियों में एकरूपता लाने के लिए बच्चों को स्वेटर, जूते, ड्रेस इत्यादि का भामाशाहों का सहयोग लेकर निशुल्क वितरण करें। जिन स्कूलों में कमरे, भवन जर्जर या नाकारा है, उनकी समय रहते सूचना देवें।



हनुमानगढ़ कलेक्टर कानाराम ने जिला निष्पादक समिति की बैठक को संबोधित किया।

डीईओ हंसराज जाजेवाल ने बताया कि इस वर्ष 2024- 25 में जिले के 1099 राजकीय स्कूलों में 1,54,016 विद्यार्थी अध्यनरत है। जिनमें से 13,754 विद्यार्थियों का नव प्रवेश हुआ है। जिले में 4 कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय है, जिनमें से नोहर स्थित विद्यालय में 110 सीटों पर शीघ्र ही प्रवेश लिए जायेंगे। केजीबीबी करनपुरा, भादरा में जनवरी, 2024 तथा केजीबीवी पीलीबंगा में मई, 2023 से सत्र शुरू हो गया है।



यहां आना और अपनी पिछली असफलताओं से उबरकर कांस्य पदक जीतना एक बड़ी उपलब्धि है, जिसके लिए वर्षों त्याग करना पड़ता है। ओलिंपिकबहुत सारे खेलों का शिखर है। इतनी कम उम्र में इतने दबाव में ऐसा प्रदर्शन करना सराहनीय है। मैं मनु भाकर को बधाई देता हूं। – राहुल द्रविड़

**पूर्व भारतीय क्रिकेट कोच, पदक जीतने पर मनु को बधाई दी।**

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## नी जिया लियान



**लक्जमबर्ग** की 61 साल की टेबल टेनिस खिलाड़ी नी जिया लियान अपना छठा ओलिंपिकखेल रही हैं। चीन में पैदा हुई नी ने टेबल टेनिस के अपने पहले दौर में तुर्किए की अपने से लगभग आधी उम्र की 31 साल की सिबल को 49 मिनट में 4–2 से हरा दिया।नी जिया भले ही उम्रदराज है लेकिन उनके हौसले अब भी बुलंद है। उनका कहना है कि वह उम्रदराज हो गई लेकिन उनका दिल तो जवान है। नी 1983 में चीन की ओर से खेलते हुए विश्व चैंपियन रह चुकी हैं। उन्होंने दो साल बाद विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक भी जीता है।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता।

## आज 6 खेलों में भारतीय खिलाड़ी भाग लेंगे

**निशानेबाजी और टेबल टेनिस**

बुधवार को पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन में ऐश्वर्य प्रताप तोमर और स्वप्निल सिंह क्वालिफिकेशन राउंड में नजर आएंगे। यह मुकाबला दोपहर 12:30 से शुरू होना है।इस बीच टेबल टेनिस स्टार श्रीजा अकुला महिला एकल के राउंड ऑफ 32 मैच में सिंगापुर की जेंग जियान से भिड़ेंगी। यह मैच दोपहर 2:30 बजे से शुरू होना है।इससे पहले भारत की शीर्ष वरीयता वाली खिलाड़ी ने स्वीडन की क्रिस्टीना कालबर्ग पर 4–0 से शानदार जीत दर्ज की थी।

**बैडमिंटन**

बैडमिंटन स्पर्धाओं की बात करें तो महिला एकल ग्रुप प्ले स्टेज मेंपीवी सिंधुका मुकाबला एस्टोनिया की शटलर क्रिस्टिन कुबा से होगा। यह मैच दोपहर 12:50 बजे से होगा।पुरुष एकल स्पर्धा में लक्ष्य सेन इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी को चुनौती देंगे। ये मुकाबला दोपहर 1:40 बजे से शुरू होगा।इसी स्पर्धा मेंएचएस प्रणयका मुकाबला वियतनाम के ड्यूक फाट ले से होगा। यह मैच रात 11:00 बजे से शुरू होगा।

**तीरंदाजी**

तीरंदाजी में व्यक्तिगत स्पर्धाओं में खेलेंगे तरुणदीप और दीपिका

तीरंदाजी की बात करें तो तरुणदीप राय पुरुषों के व्यक्तिगत 1/32 एलिमिनेशन राउंड में ग्रेट ब्रिटेन के टॉम हॉल से भिड़ेंगे। यह मुकाबला रात 9:28 बजे से शुरू होगा। महिलाओं के व्यक्तिगत 1/32 एलिमिनेशन राउंड मेंदीपिका कुमारीएस्टोनिया की तीरंदाज रीना परनाट से भिड़ेंगी। यह मैच दोपहर 3:56 बजे से शुरू होगा।बता दें कि तरुणदीप और दीपिका क्रमशः पुरुष और महिलाओं की टीम स्पर्धाओं में अपने–अपने मुकाबले हार चुके हैं।

**मुक्केबाजी**

मुक्केबाजी में लवलीना बोरगोहन पेश करेंगी चुनौती

मुक्केबाज लवलीना बोरगोहन महिलाओं के 75 किग्रा वर्ग के राउंड ऑफ 16 के प्रारंभिक मैच में नॉर्वे की सुन्नीवा हॉफस्टैड से भिड़ेंगी। यह मैच दोपहर 3:50 बजे से शुरू होगा।

**ओलिंपिक दिन-4** भारत को दूसरा कांस्य पदक मिला, हॉकी में जीत, भजन कौर व चिराग-सात्विक की जोड़ी आगे बढ़ी

# शाबाश... मनु और सरबजोत की जोड़ी ने दिलाया भारत को दूसरा पदक

### मनु भाकर ने रचा इतिहास, एक ही ओलिंपिक में दो मेडल जीतने वाली पहली भारतीय बनी

### 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में जीता दूसरा कांस्य पदक

### अभी 25 मीटर एयर पिस्टल में मनु भाकर की एक प्रतियोगिता और बाकी है





पेरिस, 30 जुलाई। मनु भाकर और सरबजोत सिंह की भारतीय जोड़ी ने मंगलवार को पेरिस ओलिंपिक 2024 में निशानेबाजी 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में देश के लिए दूसरा कांस्य पदक जीता।

इसके साथ ही सर्बिया के जोराना अरुणोविक और दामिर मिकेक ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम में तुर्की के सेववल इलैदा तारहान और यूसुफ डिकेक को हराकर स्वर्ण पदक जीता।

चेटेउरौक्स में खेले गये मुकाबले में भारतीय जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में दक्षिण कोरिया की जोड़ी ओह ये जिन और ली वोन्हो को 16–10 से हराकर पदक अपने नाम कर लिया। मुकाबले की शुरुआत में दक्षिण कोरिया की ली वोन्हो और ओह ये जिन की टीम ने पहली सीरीज में बढ़त बनाई थी, लेकिन इसके बाद भारतीय जोड़ी ने शानदार वापसी करते हुए 8–2 की बढ़त अपने नाम कर ली।

मनु भाकर ने शानदार शुरुआत करते हुए 10.2 का स्कोर हासिल किया। सरबजोत सिंह के 8.6 के स्कोर की वजह से भारत को पहले दो अंक गंवाने पड़े, लेकिन इसके बाद उन्होंने 10.5, 10.4 और 10 के स्कोर के साथ अच्छी वापसी की और भारत को अगले छह अंक लेने में मदद की। मनु भाकर ने अपने पहले सात शॉट्स में कम से कम 10 का स्कोर किया। दक्षिण कोरियाई खिलाड़ी ओह ये जिन ने अपनी निरंतरता दिखाते हुए टीम को रेस में बनाए रखा और 8–2 की हार से उबरकर मैच को 14–10 तक ले गए,लेकिन भारतीय निशानेबाज जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन का मुजाहिरा करते हुए देश के लिए दूसरा पदक जीत लिया।

इसके साथ ही मनु भाकर एक ओलिंपिकमें दो मेडल जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं। इससे पहले उन्होंने महिला 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य मेडल जीता था। वहीं, सरबजोत सिंह छठे भारतीय निशानेबाज बन गए हैं, जिन्होंने ग्रीष्मकालीन ओलिंपिकमें मेडल अपने नाम किया है। उल्लेखनीय है कि सोमवार को मनु भाकर और सरबजोत सिंह क्वालीफाइंग राउंड में तीसरे स्थान पर रहे थे और कांस्य पदक के मुकाबले के लिए अपना स्थान पक्का किया था। निशानेबाजी में भारत के छह ओलिंपिकपदकों में से दो अब पेरिस 2024 में आए हैं।

मनु भाकर शुक्रवार से शुरू होने वाली महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में भी प्रतिस्पर्धा करेंगी। वह 21 सदस्यीय भारतीय शूटिंग टीम से कई व्यक्तिगत स्पर्धाओं में भाग लेने वाली एकमात्र एथलीट हैं। सर्बिया के जोराना अरुणोविक और दामिर मिकेक ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्वर्ण पदक मैच में तुर्कीए के सेववल इलैदा तारहान और यूसुफ डिकेक को हराया।

सर्बियाई टीम पांच सेटों के बाद 8–2 से पीछे चल रही थी। हालांकि, उन्होंने अगले छह सेटों में से पांच जीतकर 12–10 की बढ़त बना ली। तुर्कीए ने वापसी करते हुए स्कोर 14–12 से अपने हक में कर लिया, लेकिन अरुणोविक–माइक ने लगातार सेट जीत लिए। इसके बाद मिकेक ने अपने अंतिम प्रयास में 10.7 का स्कोर करते हुए 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम का खिताब जीता। एक अन्य मुकाबले में निशानेबाजी में पुरुष ट्रैप क्वालिफिकेशन राउंड के दूसरे दिन के बाद भारत के पृथ्वीराज टोंडाइमान 21वें स्थान पर रहे। भारतीय निशानेबाज ने पांच राउंड में 22, 25, 21, 25 और 25 का स्कोर दर्ज किया और कुल 118 स्कोर के साथ इस राउंड को समाप्त किया।

टोंडाइमन, ग्रीष्मकालीन खेलों में पुरुषों की ट्रैप स्पर्धा में पर्दापण करने वाले एकमात्र भारतीय निशानेबाज थे। उन्होंने अपने करियर में एक बार विश्व कप जीता है, तीन साल पहले नई दिल्ली में ट्रैप टीम में स्वर्ण पदक जीता था।

## बोपन्ना का 22 साल बाद संन्यास



पेरिस, 30 जुलाई। पेरिस ओलिंपिक के मेंस डबल्स के पहले दौर में रविवार को हार के बाद भारतीय टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना ने संन्यास की घोषणा कर दी। 44 साल के बोपन्ना 22 साल से भारत के लिए खेल रहे थे। उन्होंने 2002 में देश के लिए डेब्यू किया था। रविवार को खेले गए मुकाबले में उन्हें फ्रांस की गेल मोनफिल्स और एडौर्ड रोजर वेसलिन की जोड़ी ने 5–7, 6–2 हरा दिया। इसी के साथ भारतीय जोड़ी टूर्नामेंट से बाहर हो गई। वे 6 ग्रैंड स्लेम के मेंस डबल्स मैच में फाइनलिस्ट रहे। 2017 में मिक्स्ड डबल में फ्रेंच ओपन, 2024 में मेंस डबल्स में ऑस्ट्रेलियन ओपन जीत चुके हैं। पेरिस ओलिंपिकसे पहले बोपन्ना ने आखिरी बार एशियन गेम्स 2023 में भारत के लिए शिरकत की थी, जिसमें उन्होंने मिक्स्ड डबल्स में रुतुजा भोसले के साथ गोल्ड मेडल जीता था।

## भारत ने आयरलैंड को 2-0 से हराया





पेरिस, 30 जुलाई। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने मंगलवार को पूल बी के मुकाबले में आयरलैंड को 2–0 से हराया। इसी के साथ भारतीय टीम पूल बी में हुये तीनों मैचों में सात अंक के साथ शीर्ष पर बनी हुई है।

आज यहां यवेस–डु–मनोइर स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में भारत ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल का मुजाहिरा करते हुए आयरलैंड पर दबाब बनाये रखा। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पहले हॉफ के 11वें मिनट में पेनल्टी कार्नर को गोल में तब्दील कर भारत को 1–0 की बढ़त दिलाई। इसके बाद हरमनप्रीत सिंह ने दूसरे हॉफ में 19 मिनट में एक ओर गोल दागकर टीम की बढ़त दोगुनी कर दी। इन दोनों गोलों के साथ पेरिस ओलिंपिक2024 में हरमनप्रीत गोल की संख्या चार हो गयी है। तीसरे हॉफ में दोनों ही टीमों ने आक्रमक खेल का प्रदर्शन किया। इस दौरान आयरलैंड की टीम को तीन पेनल्टी कार्नर मिले, लेकिन भारतीय पक्ष के शानदार बचाव के कारण आयरलैंड के खिलाड़ी गोल करने में विफल रहे। चौथे हॉफ में आयरलैंड को पेनल्टी कार्नर मिले, लेकिन वह भारतीय रक्षापंक्ति को भेदने में पूरी तरह से विफल रही और आयरलैंड को हार का मुंह देखना पड़ा। आयरलैंड पूल बी में सबसे निचले स्थान पर है।

## ओलिंपिक मुक्केबाजी में अमित पंघल राउंड ऑफ 16 से हुए बाहर

पेरिस, 30 जुलाई। भारतीय मुक्केबाज अमित पंघल मंगलवार को पेरिस ओलिंपिक2024 में पुरुषों के 51 किग्रा राउंड ऑफ 16 में जाम्बिया के मुक्केबाज से हार गये। एशियन खेलों के चैंपियन पंघल को एक करीबी मुकाबले में जाम्बिया के तीसरी वरीयता प्राप्त पैट्रिक चिनयेम्बा से 4:1 से हराया। उत्तरी पेरिस एरिना में हुये मुकाबले में दो बार के अफ्रीकी चैंपियन चिनयेम्बा ने पहले दो राउंड में 3:2 के स्प्लिट डिसीजन से बढ़त बनाई और अंतिम राउंड सर्वसम्मत निर्णय से जीतने के लिए आगे बढ़े। तीन बार के एशियाई चैंपियनशिप पदक विजेता अमित का यह दूसरा ओलिंपिकथा। पिछले टोक्यों ओलिंपिक में भी उन्हें राउंड ऑफ 16 में हार का सामना करना पड़ा था

## बैडमिंटन में कमाल, सात्विक-चिराग की जोड़ी ने दूसरा मुकाबला जीता



पेरिस, 30 जुलाई। सात्विक साईराज और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने पेरिस ओलिंपिक2024 में बेहतरीन प्रदर्शन जारी है। वहीं इस जोड़ी ने मंगलावर को इंडोनेशिया के मुहम्मद रियान अर्दियांतो और फजर अल्फियान ने को सीधे गेम में हराकर ग्रुप सी में टॉप स्थान हालिस किया। दुनिया की पांचवें नंबर की सात्विक और चिरगा की भारतीय जोड़ी ने आर्दियांतो और अल्फियान की दुनिया की सातवें नंबर की जोड़ी को 40 मिनट में 21–13,21–13 से हराया।

ये दोनों जोड़ियां पहले ही अंतिम आठ में जगह बना चुकीं थी और इस मुकाबले में ग्रुप में टॉप पर रहने वाली टीम का फैसला हुआ। भारतीय जोड़ी ने ग्रुप में अपने सबी मैच जीते, आर्दियांतो और अल्फियान के खिलाफ 6 मैचों में सात्विक और चिराग की ये चौथी जीत है। सात्विक और चिराग की जोड़ी ओलिंपिकके क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करने वाली पहली भारतीय पुरुष युगल टीम है।

वहीं बैडमिंटन विश्व महासंघ ने कहा है कि पुरुष युगल के नॉकआउट दौर के लिए ड्रॉ बुधवार को होगा। भारत और इंडोनेशिया की जोड़ी के बीच शुरुआत से ही प्रत्येक अंक के लिए कड़ी टक्कर देखने को मिली लेकिन सात्विक और चिराग की जोड़ी पूरे मुकाबले के दौरान एक बार भी नहीं पिछड़ी। दोनों जोड़ियों ने तेज खेल दिखाया जिससे शुरुआत में ज्यादा रैली नहीं दिखीं।

## नीरज चोपड़ा की हौसला अफजाई के लिए 22,000 किमी की दूरी तय कर केरल से पेरिस पहुंचा साइकिल चालक

पेरिस, 30 जुलाई। भारत के स्टार एथलीट नीरज चोपड़ा को पेरिस ओलिंपिकमें एक बेहद ही खास प्रशंसक मिलेगा जो केरल से साइकिल चलाकर लगभग दो साल में फ्रांस की राजधानी में पहुंचा है। फायिस असरफ अली नाम के इस प्रशंसक ने 15 अगस्त 2022 में केरल के कालीकट से पेरिस के लिए अपनी साइकिल यात्रा शुरू की थी। वह लगभग 22,000 किलोमीटर की दूरी तय करने के दौरान 30 देशों की यात्रा कर पेरिस पहुंचे हैं। अली 'शांति और एकता' के संदेश के साथ भारत से लंदन तक साइकिल चलाने के मिशन पर निकले थे।

इस दौरान 17 देशों में साइकिल चलाने के बाद जब वह पिछले साल एक अगस्त की दोपहर को बुडापेस्ट में रुके तो उन्हें पता चला कि तोक्यो ओलिंपिकका स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी वहीं रूका है। चोपड़ा विश्व चैंपियनशिप के लिए खिलाड़ियों दल के साथ वहां थे। अली ने केरल के एक जाने–माने कोच को फोन कर भारतीय दल से मिलने की मांग की और तभी उन्हें अपने चहते खेल सितारे से मुलाकात करने का मौका मिला। अली ने यहा 'इंडिया हाउस' में अपनी यात्रा समाप्त करने के बाद 'पीटीआई–भाषा' से कहा, "मुझे भारतीय एथलीटों से बात करने के लिए कुछ मिनट मिले और नीरज ने मुझसे कहा कि जब आप लंदन जा रहे हैं तो ओलिंपिकके लिए पेरिस क्यों नहीं आ रहे हैं?"

उन्होंने कहा, "मैंने सोचा कि पेरिस में उन से फिर से मुलाकात करने का शानदार मौका मिलेगा। इसलिए मैंने अपनी योजना में थोड़ा बदलाव किया और आवश्यक वीजा प्राप्त किया और यहां अपनी यात्रा समाप्त करने से पहले साइकिल से ब्रिटेन चला गया।" उन्होंने कहा, "मैं उनसे दोबारा मिलने के लिए बहुत उत्साहित हूं। मैंने पीटी उषा मैडम (आईओए प्रमुख) से अनुरोध किया है। मैं उन्हें फिर से इतिहास रचते हुए देखने के लिए यहां हूं। हम (आठ अगस्त को) उनकी हौसलाअफजाई करेंगे।" पेशे से इंजीनियर अली अपनी साइकिल के साथ चार जोड़ी कपड़े, एक टेंट और एक 'स्लिपिंग बैग' रखते हैं, जिससे उनके सामान और साइकिल का कुल वजन लगभग 50 किलो होता है।

अली ने कहा, " मैं कभी किसी होटल में नहीं रुकता और रास्ते में कुछ प्रायोजक मिल जाते है। मुझे इस बीच में दो बार वीजा की व्यवस्था करने के लिए केरल जाना पड़ा।" उन्होंने कहा, "सीमा पार करने के लिए आपको केवल वीजा की आवश्यकता है, एक साइकिल चालक को किसी अन्य दस्तावेज की आवश्यकता नहीं होती है।" अली से जब पूछा क्या कि इस दौरान उन्हें थकान या किसी स्वास्थ्य संबंधी समस्या का सामना करना पड़ा तो उन्होंने कहा, "नहीं कभी नहीं।" अली ने कहा, " लोग हर जगह प्यार और गर्मजोशी से मेरा स्वागत करते है और मुझे यही प्रेरित करता है। मैं यहां बहुत उत्साहित हूं।" अली ने बताया कि लंदन में क्रिस गेल, हरभजन सिंह और सुरेश रैना जैसे दिग्गज क्रिकेटरों ने ब्रिटेन में उनका अभिवादन किया था।

## रोमांचक मुकाबले में सूर्यकुमार ने सुपर ओवर में चौका लगाकर दिलाई जीत

### भारत ने किया क्लीन स्वीप, 3-0 से श्रीलंका से जीती श्रृंखला





पल्लेकल 30 जुलाई (वार्ता) आखिरी पांच ओवरों में सूर्यकुमार यादव, रिंकू सिंह, वॉशिंगटन सुंदर की घातक गेंदबाजी के बाद सुपर ओवर में भारतीय कप्तान ने चौका लगाकर मंगलवार को तीसरे टी–20 मुकाबले में श्रीलंका को शिकस्त दी। इस जीत के साथ ही भारत ने तीन टी–20 मैचों की श्रृंखला 3–0 से जीत ली हैं।

138 रनों के आसान लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की पतुम निसंका और कुसल मेंडिस की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिये 58 रन जोड़े। नौवें ओवर में रवि बिश्नोई ने निसंका (26) को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कुसल परेरा ने कुसल मेंडिस के दूसरे विकेट लिये 52 जोड़े और टीम को लगभग जीत के लक्ष्य के करीब पहुंचा दिया। 16वें ओवर में रिंकू सिंह ने कुसल परेरा को अपनी गेंद पर कैच आउट कर मैच का रूख बदल दिया। परेरा ने 34 गेंदों में 46 रनों की पारी खेली। कुसल मेंडिस ने 41 गेंदों में 43 रन बनाये। अगले ही ओवर में वॉशिंगटन सुंदर ने दो विकेट लेकर श्रीलंका की कमर तोड़ दी। 19वें ओवर में रिंकू सिंह ने रमेश मेंडिस(3) को आउट कर दिया। 20वां ओवर करने आये कप्तान सूर्यकुमार यादव ने दो विकेट झटके हुये मैच को टाई तक पहुंचा दिया। श्रीलंका ने आखिरी पांच ओवर में 20 रन बनाकर अपने छह विकेट गवां दिये। इसके बाद हुये सुपर ओवर में भारत ने पहले गेंदबाजी करने हुये श्रीलंको को चार गेंदों में एक रन बनाने दिया और उसके दो विकेट चटकाये। फिर बल्लेबाजी करने आये सूर्यकुमार ने पहली ही गेंद पर चौका लगाकर भारत को जीत दिला दी।

भारत की ओर से वॉशिंगटन सुंदर, रिंकू सिंह और सूर्यकुमार यादव ने दो–दो विकेट लिये।

इससे पहले आज यहां श्रीलंका के कप्तान चरित असलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। शुभमन गिल (39), रियान पराग (26) और वॉशिंगटन सुंदर (25) रनों की पारियों के दम पर भारत ने श्रीलंका को जीत के लिए 138 रनों का लक्ष्य दिया। बल्लेबाजी करने उतरी भारत की शुरुआत खराब रही और उसने दूसरे ही ओवर में यशस्वी जयसवाल (10) का विकेट गवां दिया। अगले ओवर में संजू सैमसन (शून्य) चौथे ओवर में रिंकू सिंह (एक) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। हालांकि इस दौरान शुभमन गिल एक छोर थामे रहे। बल्लेबाजी करने आये कप्तान सूर्यकुमार यादव ने गिल के साथ पारी संभालने का प्रयास किया, छठें ओवर में असिथा फर्नांडो ने सूर्यकुमार यादव (8) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। शिवम दुबे (13) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद गिल और रियान पराग के बीच छठें विकेट लिये 54 रनों की साझेदारी हुई। छठे विकेट के रूप में शुभमन गिल 37 गेंदों में (38) रन बनाकर आउट हुये। वहीं रियान पराग ने 18 गेंदों में दो छक्के और एक चौका लगाते हुये 26 रनों की पारी खेली। वॉशिंगटन सुंदर 18 गेंदों में 25 रन बनाकर आउट हुये। रवि विश्नोई (8) रन बनाकर नाबाद रहे। भारत ने निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 137 रनों का स्कोर खड़ा किया।

श्रीलंका की ओर से महीश तीक्षणा को तीन विकेट मिले। वानिंदु हसरंगा ने दो विकेट लिये। चामिंदु विक्रमासिंघे, असिथा फर्नांडो और रमेश मेंडिस ने एक–एक बल्लेबाज को आउट किया।

## महिला तीरंदाजी में भजन अंतिम 16 में पहुंची, अंकिता का सफर खत्म



पेरिस, 30 जुलाई। भारतीय तीरंदाज भजन कौर ओलिंपिक के महिला एकल वर्ग में मंगलवार को यहां पोलैंड की वियोलेटा मैसजोर पर 6–0 की शानदार जीत के साथ अंतिम 16 चरण में पहुंचने में सफल रही। भजन ने अंतिम 32 दौर में मैसजोर को हराने के साथ अंकित भकतकी हार का बदला चुकता किया। पोलैंड की इस तीरंदाज ने इससे पहले अंतिम 64 चरण के मैच में अंकिता को 6–4 से हराया था।

भजन ने दिन के अपने शुरुआती मैच में इंडोनेशिया की साइफा नूरफीफा कमाल को 7–3 से शिकस्त देने के बाद वियोलेटा के खिलाफ अपनी लय जारी रखते हुए एकतरफा जीत दर्ज की। भजन ने वियोलेट के खिलाफ पहले सेट और तीसरे सेट में 10 अंक वाले एक–एक और दूसरे सेट में दो निशाने लगाकर अपना दबदबा बनाया। उन्होंने 28–23, 29–26, 28–22 से आसान जीत दर्ज की। इससे पहले अंतिम 64 चरण में भजन ने शुरुआती सेट में साइफा के साथ अंक साझा किये जबकि इंडोनेशिया की तीरंदाज ने दूसरे सेट को जीतकर भारतीय खिलाड़ी पर दबाव बना दिया।

क्वालीफिकेशन में 22वें स्थान पर रहने वाली भजन ने इसके बाद दबाव में शानदार खेल दिखाया। उन्होंने तीसरे सेट में अच्छी वापसी करते हुए 10–10 के दो निशाने के साथ 29 का स्कोर किया। भजन ने चौथे सेट में साइफा के 25 के मुकाबले 27 अंक जुटाकर 5–3 की बढ़त बनायी और फिर आखिरी सेट में 25 के मुकाबले 28 अंक बनाकर जीत पक्की कर ली।क्वालीफिकेशन में 11वें स्थान के साथ सर्वश्रेष्ठ भारतीय रही अंकिता पोलैंड की खिलाड़ी के खिलाफ बढ़त लेने बाद लय गंवा बैठी।

पहला सेट गंवाने के बाद अंकिता ने दूसरे और तीसरे सेट को जीत कर अच्छी वापसी की थी लेकिन पोलैंड की निशानेबाज ने आखिरी दो सेट में शानदार एकाग्रता दिखाते हुए जीत दर्ज की। इससे पहले भारत की पुरुष और महिला टीमों को क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को विधानसभा में विधायक दल की बैठक को संबोधित किया। मु.मंत्री ने कहा, भाजपा विधायकों की गुजरात में ट्रेनिंग कराई जायेगी।

# सभी मंत्री सप्ताह में एक दिन विधायकों की सुनवाई करें- मुख्यमंत्री भजनलाल

## मुख्यमंत्री ने मंत्रियों को कार्यकर्ताओं के साथ टिफिन बैठक करने के निर्देश भी दिए

- विधानसभा में आयोजित विधायक दल की बैठक में मुख्यमंत्री ने विधायकों को विधानसभा के कायदे-कानूनों का प्रशिक्षण देने पर जोर दिया।
- मुख्यमंत्री ने बताया कि विधायकों की 14 दिन की ट्रेनिंग अगस्त में गुजरात में होगी।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सरकार के सभी मंत्रियों को सप्ताह में तीन दिन जयपुर रहने के निर्देश दिए और कहा कि विधायकों के काम होने चाहिए।

जयपुर, 30 जुलाई (का.सं.)। विधानसभा में आज भाजपा विधायक दल की बैठक आयोजित की गई। विधायक दल की पिछली बैठकों में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विधायकों को ट्रेनिंग देने की मंशा जाहिर की थी, जिसके बाद अब यह तय किया गया है कि अगस्त में दो दिन की चिंतन बैठक आयोजित की जाएगी।

यह बैठक गुजरात में आयोजित हो सकती है। इस बैठक में विधायकों को विधानसभा के नियमों व कार्यप्रणाली के प्रशिक्षण के साथ-साथ क्षेत्र की जनता के साथ संवाद की ट्रेनिंग भी दी जाएगी।

मुख्यमंत्री पहले ही विधायकों से कह चुके हैं कि वह क्षेत्र की जनता के साथ लगातार संवाद बनाए रखें तथा विधायक का स्टाफ भी जनता के साथ शालीनता से पेश आए, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

बैठक में मुख्यमंत्री ने सभी मंत्रियों को सप्ताह में तीन दिन जयपुर में रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इनमें से एक दिन मंत्री विधायकों की सुनवाई करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायक अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं और कार्य लेकर जयपुर आते हैं, ऐसे में उनके काम होने चाहिए। सभी मंत्री विधायक के क्षेत्र में अपने विभाग से संबंधित काम को प्राथमिकता से पूरा करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट घोषणाएं धरातल पर उतरें, इसके लिए जरूरी है कि सभी विधायक अपने-अपने क्षेत्र के लिए की गई घोषणाओं के एग्ज़ीक्यूशन की निगरानी रखें।

मुख्यमंत्री भजनलाल ने विधायकों को निर्देश दिए कि वे पार्टी कार्यकर्ताओं का भी पूरा ध्यान रखें। कार्यकर्ताओं की मेहनत की वजह से ही प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है। ऐसे में जरूरी है कि कार्यकर्ताओं की भावनाओं का भी सम्मान किया जाए। विधायक महीने में एक बार कार्यकर्ताओं के साथ टिफिन बैठक करें तथा भोजन करते हुए उनसे क्षेत्र और उनकी व्यक्तिगत समस्याओं के बारे में जानें और उन्हें हल करने का प्रयास करें।

# ‘हिरासत में केजरीवाल का शुगर लैवल गिर रहा है, पर उन्हें रिहा नहीं कर रहे हैं’

## आप नेता गोपाल राय ने कहा कि केजरीवाल को ट्रायल कोर्ट व सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई थी, पर, साजिश रचकर उन्हें जेल में ही रखा गया है

- आम आदमी पार्टी सहित तमाम इंडिया गठबंधन ने जंतर-मंतर पर धरना दिया और आप नेता व दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल को रिहा करने की मांग की।
- रैली में विपक्ष के नेताओं ने कहा कि केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और सत्येन्द्र जैन को साजिश के तहत जेल में रखा गया है। दिल्ली में अव्यवस्था के लिए भाजपा जिम्मेदार है, जिसकी वजह से यू.पी.एस.सी. की तैयारी कर रहे तीन विद्यार्थियों की जान चली गई।
- प्रदर्शन में शरद पवार, लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई, राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी भी मौजूद थे।

- सतीश मिश्रा -
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 30 जुलाई। इंडिया ब्लाक के नेता आज दिल्ली में जन्तर-मंतर पर एकत्रित हुए और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के स्वास्थ्य में गिरावट के मद्देनजर उन्हें जेल से रिहा करने की मांग की तथा भाजपा नेतृत्ववाली केन्द्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वह विपक्ष की आवाज़ को "कुचल" रही है।

उन्होंने दिल्ली के ओल्ड राजेन्द्र नगर के एक कोचिंग सेन्टर के बेसमेन्ट में पानी भरने से सिविल सर्विसेज़ की तैयारी करने वाले तीन छात्रों की मौत के भी केन्द्र सरकार को दोषी ठहराया।

यहां धरना-प्रदर्शन के दौरान "भारत माता की जय" और "तानाशाही का खात्मा हो" के नारे भी लगाए गए।

सी.पी.आई. (एम.एल.) लिबरेशन के नेता दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) के तीन वरिष्ठ नेताओं केजरीवाल, मनीष सिसोदिया व सत्येन्द्र जैन जेल में डाला हुआ है जो एक "साजिश का हिस्सा है।"

भट्टाचार्य ने सभा के दौरान कहा कि "मोदी सरकार दिल्ली में अराजकता के लिए जिम्मेदार है। इस अराजक अव्यवस्था ने राजेन्द्र नगर में संघ लोक सेवा आयोग के तीन प्रत्याशी छात्रों की जान लेगी।

उन्होंने आगे यह भी कहा कि "उन्होंने एक सोचे समझे षडयंत्र के तहत आप पार्टी को ध्वस्त करने तथा दिल्ली सरकार को कमजोर करने की काफी कोशिश की। एक निर्वाचित मुख्यमंत्री कारावास में है। दिल्ली में दंगों के झूठे आरोपों में उमर खालिद व अन्य कार्यकर्ता जेल में हैं। भीमा कोरेगांव केस में फादर स्टेन स्वामी को झूठे आरोपों में फंसाने के लिए फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल किया गया था जिनकी हिरासत में ही मृत्यु हो गई थी। नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं के खिलाफ एक बहुत बड़ा षडयंत्र रचा गया है।"

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के नेतृत्ववाली केन्द्र सरकार "उन लोगों की आवाज को दबाने की कोशिश कर रही है जो उनका विरोध करते हैं।"

उन्होंने आगे कहा कि "यद्यपि, हाल ही के जनादेश ने यह साबित कर दिया है कि जनता तनाशाही बर्दाश्त नहीं करेगी। हम न्याय सुनिश्चित करेंगे। हरियाणा, महाराष्ट्र व झारखण्ड में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और जनता को चाहिए कि वह भाजपा को करारा जवाब दे और उसे हरा दे। यही करने की जरूरत है।"

दिल्ली में आप पार्टी के प्रदेश समन्वयक गोपाल राय ने कहा कि जेल में केजरीवाल का शुगर लैवल नीचे गिरता जा रहा है।

राय ने आरोप लगाया कि "केजरीवाल को ट्रायल कोर्ट व सुप्रीम कोर्ट द्वारा जमानत प्रदान कर दी गई थी लेकिन उन्हें जेल में ही रखने के लिए एक षडयंत्र रचा गया था। भाजपा विपक्ष के नेताओं को क्यों जेल में रखना चाहती है? यू.पी.एस.सी. के तीन उम्मीदवारों की मौत का जिम्मेदार कौन है? उन्होंने आरोप लगाया कि "उपराज्यपाल से जब इस घटना के बारे में सवाल किया जाता है तो वे इस पर चुप है। भाजपा, जो आज केजरीवाल का त्यागपत्र मांग रही है उसने ही दिल्ली सरकार की शक्तियां छीन ली हैं। वे अधिकार चाहते हैं परन्तु जब उन्हें जवाबदेह ठहराया जाता है वे भाग जाते हैं।"

एन.सी.पी.-एस.पी. के अध्यक्ष शरद पवार व लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता भी इंडिया गठबंधन की रैली में उपस्थित थे।

कांग्रेस से राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने अपने भाषण की शुरुआत में केजरीवाल की पत्नी सुनीता को "प्रतिरोध का प्रतीक" बताया।

उन्होंने आरोप लगाया कि "हम यहां कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, व पार्टी की नेता सोनिया गांधी व राहुल गांधी की तरफ से केजरीवाल की अवैध गिरफ्तारी के खिलाफ संघर्ष में आप पार्टी व केजरीवाल को समर्थन देने के लिए आए हैं। केजरीवाल की गिरफ्तारी अवैध व असंवैधानिक तरीके से की गई है जो कुछ नहीं बल्कि भाजपा की बदनीयती को दर्शाती है।"

कांग्रेस व आप पार्टी ने कुछ समय पूर्व सम्पन्न लोकसभा के चुनाव दिल्ली में पूर्व सम्पन्न लोकसभा के चुनाव दिल्ली में गठबंधन के साथ लड़ा था। आप ने चार लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे और कांग्रेस ने तीन सीटों पर चुनाव लड़ा था। हालांकि, गठबंधन को चुनावों में एक भी सीट पर विजय नहीं मिली।

गोगोई ने भाजपा व इसके नेताओं को चेतावनी दी कि वे विपक्ष को डरा नहीं सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि "इस रैली से उनका यह भ्रम टूट जाएगा। यदि इस वर्ष हुए लोकसभा के चुनाव निष्पक्ष होते तो भाजपा विपक्ष में बैठी होती और हम सत्ता में होते। भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा नहीं करेगी।"

### जातिगत ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

को कड़ी चोट पहुंचाई है और इसीलिए उन पर हुआ हमला काफी तीखा और सटीक था।

जवाहर लाल नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी द्वारा आरक्षण का विरोध किये जाने और राजीव गांधी के मण्डल आयोग का विरोध करने के कथानक के साथ भाजपा कांग्रेस को आड़े हाथ लेने की तैयारी करके आई थी।

लेकिन, राहुल गांधी ने कहा कि अर्जुन की भांति उनका फोकस जातीय जनगणना तथा आबादी के हिसाब से लोगों को सत्ता में भागीदारी देने पर है।

भाजपा के दलित, ओ.बी.सी. और आदिवासी सांसदों की स्थिति विकट हो गई है, क्योंकि उन्हें जातिगत आरक्षण का विरोध करने में कठिनाई होगी।

# झारखण्ड में रेल एक्सिडैंट, 18 बोगियां पटरी से उतरीं

## हावड़ा-मुम्बई मेल ट्रेन के टकराने से पास में खड़ी मालगाड़ी की भी कुछ बोगियां पटरी से उतर गईं, हादसे में दो लोगों की मौत व 22 घायल हुये हैं

- यह दुर्घटना मंगलवार तड़के पौने चार बजे जमशेदपुर से लगभग 80 किलोमीटर दूर बड़ाबम्बू के पास हुई।
- शुरुआती जांच में सामने आया है कि एक रेलवे कर्मचारी ने घटना से आधे घंटे पहले ही दुर्घटना स्थल की जगह पर पटरी में खराबी होने की सूचना दी थी लेकिन इस पर लापरवाही बरती गई और तुरंत कार्यवाही नहीं की गई।

नई दिल्ली, 30 जुलाई। रेलवे ने झारखंड के बाराबांबू स्टेशन के पास मंगलवार को हुए 12810 हावड़ा-मुंबई मेल हादसे में मृतकों के परिजनों और घायलों के लिए मुआवजे की घोषणा की है। रेलवे की ओर से मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये की राशि दी गई है। घायलों को 1-1 लाख रुपये देने की घोषणा की गई। हादसे में अब तक 2 लोगों की मौत हुई है। वहीं झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने मुख्यमंत्री राहत कोष से मृतक के परिजनों को दो-दो लाख रुपये जबकि घायलों को 50-50 हजार रुपये देने की घोषणा की।

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने घायलों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया। पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, रेलवे ने 12810 हावड़ा-मुंबई मेल हादसे में मारे गए दो मृतक यात्रियों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी है। रेलवे ने मामूली रूप से घायल 8 लोगों को भी एक-एक लाख रुपये का भुगतान किया है। आधिकारिक बयान में बताया गया कि मृतक यात्रियों- ओडिशा राउरकेला के पी. बिकास और अजीत कुमार सामल के परिजनों को 10-10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी गई।

उल्लेखनीय है कि नागपुर के रास्ते चलने वाली 22 कोच वाली 12810 हावड़ा-मुंबई मेल के कम से कम 18 डिब्बे झारखंड के चक्रधरपुर मंडल में बड़ाबम्बू स्टेशन के पास पटरी से उतर गए। इस हादसे में दो यात्रियों की मौत हो गई जबकि 22 अन्य घायल हो गए। यह दुर्घटना तड़के पौने चार बजे दक्षिण-पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के अंतर्गत जमशेदपुर से लगभग 80 किलोमीटर दूर बड़ाबम्बू के पास हुई। एसईआर के प्रवक्ता ओम प्रकाश चरण ने बताया कि पास में एक मालगाड़ी भी पटरी से उतर गई।

### नए राज्यपाल ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

व पुलिस अधिकारियों ने भी उनकी अगवानी की। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्यपाल बागड़े से मंत्री परिषद के सदस्यों का परिचय करवाया। एयरपोर्ट पर मनोनीत राज्यपाल को आर.ए.सी. की बटालियन ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। राज्यपाल बागड़े ने परेड की सलामी ली और सम्मान गारद का निरीक्षण किया।

मनोनीत राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े का जयपुर राजभवन पहुंचने पर भाव-भरा स्वागत किया गया। उन्हें राजभवन में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। राजभवन पहुंचने पर राज्यपाल के सचिव गौरव गोयल ने पुष्प गुच्छ भेंट कर राज्यपाल बागड़े की अगवानी की।

मनोनीत राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने राजभवन पहुंचने के बाद, सबसे पहले भगवान शिव की पूजा अर्चना की। उन्होंने राजभवन स्थित राज राजेश्वर मंदिर में जलार्पण कर भगवान को बिल्व पत्र और प्रसाद अर्पण कर सबके मंगल की कामना की। राजभवन के अधिकारियों ने उनका स्वागत करते हुए अपना परिचय दिया। मनोनीत राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने राजभवन पहुंचने के बाद मंगलवार को राज्यपाल कलराज मिश्र से भी मुलाकात की। राज्यपाल मिश्र ने उनकी अगवानी की।

# अकाली दल ने आठ वरिष्ठ नेताओं को पार्टी से निकाला

## निष्कासित किये गये सभी नेता पार्टी चीफ सुखबीर बादल से इस्तीफे की मांग कर रहे थे

- पार्टी ने इन नेताओं को निष्कासित किये जाने के पीछे की वजह पार्टी का अनुशासन भंग करना बताया है।

चंडीगढ़, 30 जुलाई। पंजाब की दूसरी बड़ी विपक्षी पार्टी शिरोमणि अकाली दल ने मंगलवार को पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के कारण आठ नेताओं को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से तत्काल प्रभाव से निष्कासित कर दिया है। साथ ही सात नेताओं को हलका इंचार्ज के पद से भी हटा दिया गया है।

पार्टी ने यह भी घोषणा की है कि पार्टी कार्यकर्ताओं से विस्तृत फीडबैक लेने के बाद इन रिक्तियों को जल्द से जल्द भरा जाएगा। वरिष्ठ नेता बलविंदर सिंह भूंदड़ की अध्यक्षता वाली पार्टी की अनुशासन समिति ने बैठक में इस आशय का निर्णय लिया।

पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निकाले गए आठ वरिष्ठ नेताओ में गुरप्रताप सिंह वडाला, बीबी जागीर कौर, प्रेम सिंह चंदूमाजरा, परमिंदर सिंह ढींडसा, सिकंदर सिंह मलूका, सुरजीत सिंह रखड़ा, सुरिंदर सिंह ठेकेदार और चरणजीत सिंह बराड़ शामिल हैं। इन सभी नेता बगावत करते हुए पार्टी चीफ सुखबीर बादल से इस्तीफे की मांग कर रहे थे। निर्वाचन क्षेत्र प्रभारियों के निष्कासन के बाद खाली हुए सात निर्वाचन क्षेत्रों में नकोदर, भोलाथ, घनुआर, सनौर, समाना, गढ़शंकर और राजपुरा शामिल हैं।

बलविंदर भूंदड़ ने बताया कि आत्ममंथन के दौरान यह बात सामने आई कि इन आठ नेताओं ने पार्टी में फूट डालने और इसे कमजोर करने के लिए पार्टी के दुश्मनों के साथ सक्रिय रूप से मिलीभगत की थी। वरिष्ठ नेता ने कहा कि यह भी महसूस किया गया कि इन नेताओं ने व्यापक साजिश के तहत जानबूझकर पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि नेताओं को निष्कासित करने का फैसला सावधानीपूर्वक विचार-विमर्श के बाद लिया गया था। उन्हें पार्टी फोरम में अपने मुद्दों पर चर्चा करने का पर्याप्त अवसर दिया गया था। गत 26 जून की कार्यसमिति की बैठक में भी प्रस्ताव के माध्यम से उनसे पार्टी फोरम में अपनी शंकाओं पर चर्चा करने की अपील की गई थी, लेकिन उन्होंने ऐसा करने से इनकार कर दिया।

भूंदड़ ने कहा कि संयम बरतने के बजाय पार्टी नेताओं ने योजनाबद्ध तरीके से पार्टी विरोधी गतिविधियों का दायरा बढ़ाया और स्पष्ट किया कि उन्हें पार्टी संगठन पर कोई भरोसा नहीं है। अनुशासनहीनता के ऐसे कृत्यों को किसी भी तरह बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है और अनुशासन समिति ने उन्हें तत्काल प्रभाव से पार्टी से निष्कासित करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया है। वरिष्ठ नेता ने यह भी स्पष्ट किया कि पार्टी अनुशासन सर्वोपरि है और इसका उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### वायनाड के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

वायनाड में सभी संभावित सहायता उपलब्ध करवाने का अनुरोध करूंगा।" उन्होंने यू.डी.एफ. कार्यकर्ताओं से अनुरोध किया कि वे राहत और बचाव अभियानों में प्रशासन की मदद करें।"

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि वायनाड में मेप्पाडी के निकट जबर्दस्त भू-स्खलन से हुई तबाही को लेकर वे बेहद दुखी हैं।

उन्होंने कहा कि "जिन लोगों ने अपने प्रियजन खोए हैं, उनके लिए मेरी गहरी शोक संवेदनाएं और प्रार्थनाएं। मैं उम्मीद करती हूं और प्रार्थना करती हूं कि जल्द से जल्द सभी सुरक्षित कर लिये जाएंगे।"

राहुल गांधी ने बाद में लोकसभा में केन्द्र सरकार से मांग की कि प्रभावित लोगों के बचाव और पुनर्वास के लिए सभी संभावित सहयोग प्रदान किया जाए।

इस मुद्दे को शून्य काल में उठाते हुए भू-स्खलन में मारे गए लोगों के सगे संबंधी को बढ़ी हुई क्षतिपूर्ति राशि देने और परिवहन तथा संचार की महत्वपूर्ण लाईन्स को फिर से व्यवस्थित करने की मांग की।

राहुल गांधी इस बार उत्तर प्रदेश की रायबरेली और केरल की वायनाड लोकसभा सीटों से चुनाव जीते हैं, लेकिन उन्होंने रायबरेली सीट का प्रतिनिधित्व करने का निर्णय लिया है। चर्चा है कि वायनाड में जब भी उपचुनाव होगा वहां से प्रियंका गांधी चुनाव लड़ने जा रही हैं।

### 3 अगस्त को...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

भाजपा अध्यक्ष मदन राठौड़ के प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार वो दिल्ली से 3 अगस्त को सुबह 7 बजे सड़क मार्ग से रवाना होकर राजस्थान के बॉर्डर पर सुबह 9 बजे पहुंचेंगे, जहां पर उनका भव्य स्वागत का दौर शुरू होगा। इसके बाद वे बहरोड, कोटपूतली, शाहपुरा होते हुये, जयपुर प्रवेश करेंगे। इन सभी स्थानों पर कार्यकर्ताओं और नेताओं की ओर से उनका स्वागत सत्कार किया जाएगा। करीब 11:30 बजे राठौड़ जयपुर पार्टी कार्यालय पहुंचेगे तथा 12 से 1 बजे के बीच में पदभार ग्रहण करेंगे।

दो दिन जयपुर में रुकने के बाद, राठौड़ 5 अगस्त को दिल्ली जाएंगे और 12 अगस्त तक राज्यसभा की कार्यवाही में शामिल होंगे। उसके बाद 13 अगस्त के बाद प्रदेशाध्यक्ष का पाली आने का कार्यक्रम बनेगा। नवनियुक्त अध्यक्ष के पदभार ग्रहण के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, मंत्रिमंडल के सभी सदस्य, सभी पूर्व अध्यक्ष तथा प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। प्रदेश कार्यालय पर ताजपोशी की तैयारियों ने जोर पकड़ लिया है। पार्टी कार्यालय के बाहर और आस पास राठौड के समर्थकों ने पोस्टर लगा दिए हैं। ताजपोशी के मौके पर प्रदेश भर से समर्थकों को जयपुर पहुंचने के लिए कहा जा रहा है। पदभार ग्रहण करने से पहले, पार्टी कार्यालय के बाहर राठौड़ नेताओं, कार्यकर्ताओं के साथ समर्थकों को संबोधित भी करेंगे।

# ‘यू.पी.ए. राज में सिर्फ दो राज्यों की गिनती होती, बाकी 26 राज्यों की उपेक्षा की जाती थी’

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने बजट में विपक्षी गठबंधन इंडिया शासित राज्यों की अनदेखी किये जाने के आरोपों का सदन में जवाब दिया

- सीतारमन ने कहा कि बजट में सभी वर्गों और सभी क्षेत्र के साधने का प्रयास करके सभी तरह की चुनौतियों से निपटने के प्रावधान किए गए हैं। बजट व्यय में 48.21 लाख करोड रुपये का प्रावधान है जो पिछले साल से 7.3 प्रतिशत अधिक है।

नई दिल्ली, 30 जुलाई। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने मंगलवार को कहा कि बजट में सभी वर्गों और सभी क्षेत्रों के हितों पर ध्यान दिया गया है। मगर, दुर्भाग्य से विपक्षी दलों के लोग भ्रम फैला रहे हैं और राज्यों की उपेक्षा का आरोप लगा कर राजनीति कर रहे हैं। सीतारमण ने लोकसभा में बजट 2024-25 पर चार दिन चली चर्चा का जवाब देते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि बजट में सभी वर्गों और सभी क्षेत्र के साधने का प्रयास करके सभी तरह की चुनौतियों से निपटने के प्रावधान किए गए हैं। बजट व्यय में 48.21 लाख करोड रुपये का प्रावधान है जो पिछले साल से 7.3 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बजट भाषण में कभी किसी राज्य का नाम नहीं लेने का मतलब ये नहीं है कि उस राज्य को पैसा नहीं दिया जा रहा है और उसकी उपेक्षा की जा रही है।

निर्मला सीतारमण ने कहा कि यूपीए सरकार के समय में 2009-10 के पूर्ण बजट में केवल बिहार और उत्तर प्रदेश का उल्लेख किया गया था और 26 राज्यों का उल्लेख तक नहीं था। उन्होंने विभिन्न राज्यों के लिए बजट में योजनाओं के लिए आवंटन की सूची गिनाते हुए कहा कि उनके बजट भाषण में राज्यों की उपेक्षा करने का झूठ फैलाने की कोशिश की गई है, जिससे उन्हें बहुत पीड़ा है। सीतारमण ने कहा कि बजट में पूंजीगत व्यय 11.11 लाख करोड़ रुपये है जो कोविड के पहले की तुलना में तीन गुना हो गया है। कोविड के प्रभाव से उभर कर अर्थव्यवस्था तेजी से बढ रही है। प्रभावी पूंजीगत व्यय 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक है जो पिछले साल के संशोधित अनुमान से 18 प्रतिशत से ज्यादा है।

वित्त मंत्री ने कहा कि कृषि और संबंधित क्षेत्रों के लिए पूंजीगत व्यय 1.52 लाख करोड़ रुपये है। शिक्षा और कौशल पर पर व्यय 1.8 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान है जबकि महिलओं बाल विकास के लिए 3.27 लाख करोड़ रुपये है। ग्रामीण विकास के लिए 2.66 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। स्वास्थ्य 1.46 लाख करोड़ रुपये का प्रावधन है। उन्होंने कहा कि हर सामाजिक क्षेत्र के लिए बजट पिछले साल से बढा है और 2013-14 की तुलना में कई गुणा ज्यादा है।

### ‘मैंने किसी...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जानता कि देश में कितने पिछड़े, दलित और आदिवासी हैं ? आबादी में जिनकी संख्या सर्वाधिक है, वे ही नहीं जानते कि वे कितनी संख्या में है। भाजपा सरकार जातिगत आंकड़े नहीं चाहती, फिर भी हम विभिन्न जातिगत समूहों की आबादी जानने के लिए जनगणना के बाद देश बदल जाएगा। भाजपा-कांग्रेस पर आरोप लगाती है कि वह जातिगत आधार पर देश का बंटवारा करने की कोशिश कर रही है।

### ममता बनर्जी को बांग्लादेश...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

घुसपैठ को एवं बाँग्लादेश से आने वाले लोगों को पसंद करना तथा उनके प्रति प्रेम जताने से राज्य की राजनीति में साम्प्रदायिकता और बढ़ रही है। साम्प्रदायिक मुद्दे सार्वजनिक रूप से उठाये जा रहे हैं तथा कोई न कोई पक्ष उनका समर्थन कर रहा है। इससे स्थिति बहुत खतरनाक होती जा रही है। एक प्रकार से, बंगाल का वातावरण 1946 की दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं की पुनरावृत्ति की तरफ तेजी से मुड़ रहा है।

केन्द्र के हस्तक्षेप की जबरदस्त माँग हो रही है, बल्कि राज्य के कुछ हिस्सों को केन्द्र शासित प्रदेश बनाने तक की माँग भी हो रही है। बहुत से भाजपा विधायकों ने माँग की है कि मालदा, मुर्शिदाबाद तथा उत्तरी बंगाल के कुछ हिस्सों को केन्द्र शासित प्रदेशों का रूप दे दिया जाये।

इन लोगों की माँग की प्रतिक्रिया में, कुछ तृणमूल विधायकों तथा गुंडों ने उन लोगों के खिलाफ कड़े कदम उठाये जाने की धमकियाँ दी हैं, जो यह माँग कर रहे हैं कि राज्य के कुछ हिस्सों को अलग करके उन्हें केन्द्रशासित प्रदेश बना दिया जाये।

उस क्षेत्र के एक प्रमुख तृणमूल नेता ने उन लोगों को खुलेआम चेतावनी दी है जो एक अलग केन्द्र शासित प्रदेश की मांग कर रहे हैं और उनको गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी है। एक विधायक हुमायूं कबीर ने दावे के साथ कहा है कि ऐसे लोगों की हड्डियां तोड़ दी जाएंगी उसके बाद वे अपने पैरों पर खड़े होने लायक स्थिति में भी नहीं रहेंगे।

इसमें कोई शक नहीं कि आज की बिगड़ती स्थिति के फलस्वरूप, पश्चिम बंगाल तेजगति से बारूद के ढेर के रूप तब्दील हो रहा है। राज्य की मुख्यमंत्री अपने कृत्यों और गैर-जिम्मेदाराना बयानों से घोर साम्प्रदायिकता की आग भड़का रही हैं। सम्प्रदायों के बीच गंभीर फसाद उत्पन्न करने व उसके गंभीर परिणाम भुगतने की एक मानसिकता तैयार की जा रही है।

### एन.सी.डी.आर.सी...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जस्टिस सरोज यादव हैं। इन्हें 67 वर्ष की आयु पूर्ण करने अथवा चार वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण होने तक 2.25 लाख मासिक वेतन भुगतान किया जायेगा।

मार्डन मीडिया, बीकानेर के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 35214/79, जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय:-राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908